संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 02 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 149 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com **हरियाणा संस्करण** दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और पीएम नरेंद्र मोदी हाथ मिलाते हुए।

## भारत में संस्थानों पर सरकार का कब्जाः राहुल

### कभी नहीं सोचा था इतनी बड़ी सजा मिलेगी, लेकिन...: राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/सैन फ्रांसिस्को**

**कांग्रेस के** पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका में फिर भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि मानहानि के मामले में उन्हें अधिकतम सजा मिलेगी और सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिए जाएंगे।

**स्वतंत्र संस्थानों पर सरकार का कब्जाः** कैलिफोर्निया में प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी कैंपस में एक व्याख्यान को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, "मेरी संसद सदस्यता गई, लेकिन इससे मुझे काम करने का काफी मौका मिला है। मैं लोकतंत्र विरोध में नहीं बोल रहा हूं, मैं उन पवित्र स्वतंत्र संस्थानों के बारे में बोल रहा हूं जिसपर सरकार कब्जा करके निश्चित रूप से उनकी भूमिका को बदलना चाहती है।" अमेरिका की छह दिवसीय यात्रा पर गए राहुल गांधी ने कहा कि मैंने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के बारे में बहुत सुना है। एक पूर्व सांसद के रूप में अपने परिचय का उल्लेख करते हुए कांग्रेस नेता कहा, "मैंने प्रस्तावना में सुना कि मैं तब तक संसद का सदस्य था जब तक मैं अयोग्य घोषित नहीं हो गया था।" उन्होंने कहा कि मैंने कल्पना नहीं की थी मानहानि पर अधिकतम सजा मिलेगी और मैं अयोग्य घोषित किया जाऊंगा।

**राहुल बोले- सदस्यता जाने से भी फायदा हुआः** स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में भाषण देते हुए राहुल ने कहा कि मोदी मानहानि केस में अधिकतम सजा मिलने पर पहले तो हैरत में पड़ा था, लेकिन यही राजनीति है। उन्होंने कहा कि सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिए जाने के बाद एक फायदा हुआ है, अब लोगों के साथ मिलकर मैं और काम कर रहा हूं।

**भारत में पूरा विपक्ष संघर्ष कर रहाः** राहुल ने आगे कहा कि हम सरकार के गलत फैसलों के खिलाफ संघर्ष कर रहे थे और इसी बीच मुझे सजा सुना दी गई। उन्होंने कहा कि भारत में पूरा विपक्ष संघर्ष कर रहा है और संस्थागत कब्जे के खिलाफ, देश में लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए सभी संघर्ष कर रहे हैं।



### सरकार के पास मुझसे जुड़ी हर जानकारीः राहुल

**सिलिकॉन** वैली के प्लग एंड प्ले ऑडिटोरियम में राहुल के साथ क्व्उ चेयरमैन सैम पित्रोदा और कई कांग्रेस नेता मौजूद थे। राहुल ने कहा- अगर आपको देश में टेक्नोलॉजी का विस्तार करना है तो एक ऐसा सिस्टम होना चाहिए, जहां पावर किसी एक के पास नहीं बल्कि सबके पास हो। भारत में डेटा की सेफ्टी को लेकर भी नियम बनाने की जरूरत है। मुझे लगता है कि मेरा आईफोन टैप किया जा रहा है। अगर कोई देश ये तय कर ले कि आपका फोन टैप करना है तो फिर इसे रोका नहीं जा सकता। मुझे लगता है कि मैं जो भी करता हूं सरकार को उसकी पूरी जानकारी होती है।

### 'चीन भारत पर दबाव नहीं डाल सकता'

**स्टैनफोर्ड** यूनिवर्सिटी में एक भारतीय छात्र ने राहुल से पूछा कि आप अगले 5-10 साल में भारत-चीन के रिश्तों को कहां देखते हैं। इस पर राहुल ने कहा- दोनों देशों के बीच रिश्ते मुश्किल रहेंगे। उन्होंने हमारे कुछ क्षेत्रों पर कब्जा कर रखा है, लेकिन वो हम पर दबाव नहीं डाल सकते। साथ ही उन्होंने रूस-यूक्रेन जंग पर मोदी सरकार की नीतियों का समर्थन किया। उन्होंने कहा- रूस से हमारे पुराने संबंध हैं। हम कुछ मामलों में उस पर निर्भर हैं। भारत को अपने हितों को सबसे आगे रखना है। हम किसी एक से रिश्ते सुधारने की वजह से बाकियों से बातचीत बंद नहीं कर सकते।



अध्यादेश पर मांगा समर्थनः दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तमिलनाडु पहुंचे। तमिलनाडु पहुंचकर केजरीवाल ने मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मुलाकात की है। केजरीवाल का तमिलनाडु के मंत्रियों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

## पीएम मोदी के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरिः बिंदल



**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने सोलन शहर से भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान का आगाज किया। उनके साथ राज्यसभा सांसद नरेश बंसल विशेष रूप में उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण हो गए हैं और इसको भाजपा मंडल स्तर पर एक उत्सव की तरह मना रही है आज पूरे प्रदेश भर में हमारे गणमान्य नेतागण महा जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ कर रहे हैं और कार्यकर्ताओ में इस कार्यक्रम को लेकर बहुत उत्साह देखने को मिला है।

## दोषी हुआ तो फांसी पर लटक जाऊंगाः बृजभूषण



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**पहलवानों** के आरोपों को लेकर एक बार फिर सांसद बृजभूषण शरण सिंह बोले हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक भी आरोप साबित हुआ तो फांसी पर लटक जाऊंगा। पहलवानों की पहले कुछ मांग थी, अब कुछ और हो गई। कौन क्या कह रहा है उससे मतलब नहीं है। इनकी शर्तें, भाषा लगातार बदल रही हैं।

वहीं हरियाणा के पहलवानों के सम्मान की लड़ाई अब पश्चिमी यूपी तक आ गई है। किसान नेताओं और संगठनों की ओर से खाप चौधरियों की पंचायत बुलाई गई। महिला पहलवानों को न्याय दिलाने के लिए आज मुजफ्फरनगर के सोरम में सर्वखाप की पंचायत आयोजित की जा रही है। सर्वखाप पंचायत के लिए सोरम में पंचायत हुई।


## पंजाबः सीएम-पूर्व सीएम के बीच सियासी जंग जारी



**टीम एक्शन इंडिया/जालंधर**

**पंजाब** में आईपीएल क्रिकेटर को नौकरी के नाम पर 2 करोड़ की रिश्वत के मुद्दे पर सीएम भगवंत मान और पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी में जबरदस्ती जुबानी जंग छिड़ गई है। सीएम मान ने चंडीगढ़ में कॉन्फ्रेंस कर कहा कि आईपीएल में पंजाब की टीम से जुड़े जसइंदर सिंह को नौकरी देने के नाम पर चन्नी के भतीजे ने 2 करोड़ मांगे। मान क्रिकेटर जसइंदर व उसके पिता मनजिंदर सिंह को भी साथ में लाए। इसके एक घंटे बाद चन्नी भी चंडीगढ़ में ही मीडिया के सामने आ गए। चन्नी ने कहा कि सीएम भगवंत मान उन्हें बदनाम कर रहे हैं। उनके परिवार का जीना हराम कर दिया है। मुझे मेंटली टॉर्चर किया जा रहा है।

## जनजातीय जिला के लिए 500 करोड़ रुपये का बजट प्रस्ताव



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**शीत** मरूस्थल के नाम से विख्यात हिमाचल प्रदेश का जनजातीय जिला लाहौल स्पीति मनभावन दृष्यों नदियों, झीलों और बौद्ध संस्कृति का अनूठा समागम है। जिले में धार्मिक और इको पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार ने क्षेत्र की पर्यटन क्षमताओं के दृष्टिगत इस क्षेत्र में पर्यटन के नए आयाम स्थापित करने की परिकल्पना की है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार को 500 करोड़ रुपये का बजट प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भेजा है। यह जनजातीय जिले में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने में काफी मद्दगार साबित होगा। परियोजना जिले के अनछूए गन्तव्यों में पर्यटकों के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा तैयार करने में सहायता करेगी।

## 'न्यायिक आयोग करेगा मणिपुर हिंसा की जांच'



**टीम एक्शन इंडिया/इम्फाल**

### शांति बहाल होगी

= मणिपुर हाईकोर्ट के एक जल्दबाजी भरे फैसले की वजह से यहां हिंसा हुई है : गृहमंत्री अमित शाह

**मणिपुर** हिंसा में अब तक 80 लोगों की जान जा चुकी है। इस बीच पुलिस नेतृत्व में बड़ा फेरबदल हुआ है। पुलिस चीफ पी. डोंगल को हटा दिया गया है। वहीं, अब उनकी जगह राजीव सिंह को नियुक्त किया गया है। उधर, गृहमंत्री अमित शाह राज्य के चार दिन के दौरे पर हैं। गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। शाह ने कहा कि हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज से हिंसा की जांच कराई जाएगी। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा। इसके अलावा हिंसा से जुड़े 6 मामलों की जांच सीबीआई करेगी। शाह ने कहा कि मणिपुर हाईकोर्ट के एक जल्दबाजी भरे फैसले की वजह से यहां हिंसा हुई है। दरअसल, 29 अप्रैल को हाईकोर्ट ने मैतेई समुदाय को एसटी में शामिल करने पर विचार करने के आदेश जारी किए थे।

**अफवाहों पर ध्यान न दें:** अमित शाह ने मणिपुर के लोगों से कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। हथियार रखने वालों को पुलिस के सामने सरेंडर करना होगा। कल से सर्च ऑपरेशन शुरू होगा। अगर किसी के पास हथियार मिले तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पीएम मोदी करेंगे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

### दिसंबर या जनवरी में होगा कार्यक्रम, तारीख तय नहीं, देशभर में 7 दिन उत्सव मनेगा

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

**अयोध्या में** बन रहे श्रीराम मंदिर में राम लला की प्रतिमा दिसंबर या जनवरी में स्थापित होगी। श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कराएगा। अभी कार्यक्रम की तारीख तय नहीं है, लेकिन इसके लिए विद्वानों से चर्चा की जा रही है। यह जानकारी ट्रस्ट की बैठक के बाद महासचिव चंपत राय ने दी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के ग्राउंड फ्लोर और गर्भगृह का काम 15 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी होगी। प्रधानमंत्री को दिसंबर से 26 जनवरी 2024 के बीच कार्यक्रम की संभावित डेट के बारे में बताया जाएगा। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि आमंत्रण के लिए पत्र तैयार करेंगे। इस पर महंत नृत्यगोपाल दास हस्ताक्षर करेंगे। इसे प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा। चंपत राय ने कहा, ग्राउंड फ्लोर का 85% काम पूरा हो गया है। देशभर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव 7 दिन तक मनाया जाएगा।



## सीनियर जर्नलिस्ट हमदर्द को हाईकोर्ट से राहत

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**पंजाब** के सीनियर जर्नलिस्ट डॉ. बरजिंदर सिंह हमदर्द को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने पंजाब विजिलेंस ब्यूरो को बरजिंदर सिंह हमदर्द को गिरफ्तार करने से पहले सात दिन का नोटिस देने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विनोद एस भारद्वाज ने सुनवाई के दौरान ये आदेश दिए हैं। डॉ. हमदर्द ने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। जिसमें उन्होंने जंग-ए-आजादी मेमोरियल की चल रही जांच को रोकने व सीबीआई से उसकी जांच करवाने की मांग भी रखी थी। इसमें उन्होंने पंजाब सरकार व मुख्यमंत्री भगवंत मान को पार्टी बनाया।

## नेपाल-भारत के बीच तेजी से बनेगा रामायण सर्किट



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारत** और नेपाल के बीच प्रस्तावित रामायण सर्किट के काम में तेजी लाई जाएगी। भारत पहुंचे नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात में यह फैसला हुआ। बातचीत के बाद पीएम मोदी ने कहा- दोनों देशों के बीच रामायण सर्किट का काम तेजी से पूरी किया जाएगा। प्रधानमंत्री बोले- मैंने और पीएम प्रचंड ने नेपाल-भारत की पार्टनरशिप को हिट से सुपरहिट बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले किए हैं। इसके अलावा दोनों नेताओं ने भारत-नेपाल के बीच नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी पर भी चर्चा की। इस दौरान हाइड्रो-पावर डेवलपमेंट, एग्रीकल्चर और कनेक्टिविटी जैसे मुद्दों पर बात हुई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेपाल के पीएम प्रचंड ने कहा- मेरी मोदी जी से सीमा विवाद को लेकर भी चर्चा हुई। मैं उनसे अपील करता हूं कि इस मामले को द्विपक्षीय बातचीत के जरिए सुलझाया जाए। वहीं पीएम प्रचंड ने प्रधानमंत्री मोदी को नेपाल आने का न्योता दिया। दोनों नेताओं के बीच हैदराबाद हाउस में बैठक हुई थी।

### द्विपक्षीय चर्चा

= इस दौरान हाइड्रो-पावर डेवलपमेंट, एग्रीकल्चर और कनेक्टिविटी जैसे मुद्दों पर बात हुई

**नेपाल के लोगों के लिए नए रेल रूट्स शुरू होंगेः** पीएम मोदी ने कहा- मैंने 2014 में नेपाल की पहली यात्रा की थी। तब मैंने हिट फॉर्मूला दिया था। इसमें हाई-वे, आई-वे और ट्रान्स-वे शामिल थे। मैंने कहा था कि हमारे बॉर्डर दोनों देशों के रिश्तों में बैरियर नहीं बनने चाहिए। आज मैं कह सकता हूं कि हमारे संबंध हिट हैं। नेपाल के लोगों के लिए नए रेल रूट्स शुरू किए जाएंगे। इसके अलावा वहां के रेलकर्मियों को ट्रेनिंग भी दी जाएगी। नेपाल के पीएम प्रचंड ने कहा- मैं चौथी बार भारत दौरे पर आया हूं। मैं पीएम मोदी को भारत की सत्ता में 9 साल पूरे करने की बधाई देता हूं।

## फ्रांस की एल्सटॉम कंपनी बनाएगी स्लीपर कोच वाली वंदे भारत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश की** सबसे आधुनिक ट्रेन वंदे भारत को अब स्लीपर कोच में लाने की तैयारी शुरू हो गई है। फ्रांसीसी रेल कंपनी एल्सटॉम स्लीपर सुविधा के साथ 100 एल्यूमीनियम बॉडी वाली वंदे भारत ट्रेनों का निर्माण करेगी। आपको बता दें कि अन्य कंपनी की तुलना में इस कंपनी ने प्रति ट्रेन 150.9 करोड़ रुपये की कीमत की सबसे कम बोली लगाई थी।

**टेंडर में शामिल थीं दो कंपनियांः** वंदे भारत ट्रेन को स्लीपर कोच में बनाने के लिए दो कंपनियों ने बोली लगाई थी। पहली एल्सटॉम और दूसरी हैदराबाद की मेधा सर्वो ड्राइव्स थी। मेधा सर्वो ने प्रति ट्रेन 169 करोड़ रुपये की कीमत पर बोली लगाई थी, वहीं एल्सटॉम ने प्रति ट्रेन 150.9 करोड़ रुपये में ट्रेन को बनाने का दावा किया था। फिलहाल देश में कुल 18 वंदे भारत ट्रेन चल रही हैं।

## 'अध्यादेश के खिलाफ आप के साथ नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया/हैदराबाद**

**दिल्ली के** अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ केजरीवाल सभी विपक्षी दलों का समर्थन मांग रहे हैं। इसी सिलसिले में ओवैसी ने उनका साथ देने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के फैसले पर केजरीवाल ने भाजपा का समर्थन क्यों किया था? अब वे क्यों रो रहे हैं? मैं केजरीवाल का समर्थन नहीं करूंगा, क्योंकि वे सॉफ्ट हिंदुत्व नहीं, बल्कि कट्टर हिंदुत्व को मानते हैं। ओवैसी ने कहा कि जब 5 अगस्त 2019 को आर्टिकल 370 हटाया गया था तो अरविंद केजरीवाल ने भाजपा शासित केंद्र सरकार को अपना समर्थन दिया था। तब उन्होंने ट्वीट कर कहा था कि मैं उम्मीद करता हूं कि यह फैसला राज्य में शांति और विकास को बढ़ावा देगा।



### विरोध

= कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के फैसले पर केजरीवाल ने भाजपा का समर्थन क्यों किया था?

**ओवैसी ने पीएम पर निशाना साधाः** ओवैसी ने पीएम मोदी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नई संसद के उद्घाटन के लिए पीएम सिर्फ एक धर्म के लोगों को संसद लेकर गए। उन्हें सभी धर्मों के लोगों को लेकर जाना चाहिए था क्योंकि वे 130 करोड़ भारतीयों के प्रधानमंत्री हैं।

## इसरो 3 जुलाई को लॉन्च करेगा चंद्रयान-3: इसरो चीफ

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीहरिकोटा**



**भारत** का स्पेस शिप चांद पर उतरने को तैयार है। इसरो 3 जुलाई को चंद्रयान-3 लॉन्च करेगा। इसे देखते हुए रूस ने मून लैंडर मिशन को स्थगित कर दिया है ताकि चंद्रयान-3 को चंद्रमा पर उतरने का मौका मिल सके। अगर चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग सफल रहती है तो भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा। इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन चंद्रमा पर अपने यान उतार चुके हैं। चंद्रयान-2 मिशन को 22 जुलाई 2019 को लॉन्च किया गया था। करीब 2 महीने बाद 7 सितंबर 2019 को चंद्रमा के साउथ पोल पर उतरने की कोशिश कर रहा विक्रम लैंडर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसके बाद से ही भारत चंद्रयान-3 मिशन की तैयारी कर रहा है। इसरो चीफ एस सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान -2 मिशन में हम असफल हुए थे। जरूरी नहीं कि हर बार हम सफल ही हों, लेकिन बड़ी बात ये है कि हम इससे सीख लें और आगे बढ़ें।

उन्होंने कहा कि असफलता मिलने का मतलब ये नहीं कि हम कोशिश करना ही बंद कर दें। चंद्रयान- 3 मिशन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलेगा और हम इतिहास रचेंगे।

## तेलंगाना में बनेगा दुनिया का पहला 3डी प्रिंटेड मंदिर

**टीम एक्शन इंडिया/हैदराबाद**

**तेलंगाना** में दुनिया का पहला 3डी प्रिंटेड हिंदू मंदिर बन रहा है। सिद्दीपेट के बुरुगुपल्ली में एक गेटेड विला समुदाय चरविथा मीडोज के भीतर स्थित, 3डी प्रिंटेड मंदिर शहर स्थित अप्सुजा इंफ्राटेक द्वारा 3,800 वर्ग फुट के क्षेत्र में बनाया जा रहा एक तीन-भाग संरचना है। अप्सूजा इंफ्राटेक ने इस प्रोजेक्ट के लिए 3डी प्रिंटेड कंस्ट्रक्शन कंपनी सिंप्लीफोर्ज क्रिएशन्स के साथ करार किया है। अप्सुजा इन्फ्राटेक के एमडी हरि कृष्ण जीदीपल्ली ने कहा, "संरचना के भीतर तीन गर्भगृह हैंः भगवान गणेश के लिए एक मोदक, भगवान शंकर के लिए एक शिवालय और देवी पार्वती के लिए एक कमल के आकार का घर।" दिलचस्प बात यह है कि सिंप्लीफॉर्ज क्रिएशन्स ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद के साथ मिलकर मार्च में दो घंटे से भी कम समय में भारत का पहला प्रोटोटाइप ब्रिज बनाया था।

### सूक्खु के बोल

### अभी अर्थव्यवस्था को ठीक करने मे लगी है सरकारः सीएम

## 'महिलाओं को 1500 रू. के लिए अभी करना पड़ेगा इंतजार'

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/ विजय समयाल**

**हिमाचल** प्रदेश में महिलाओं को 1500-1500 रुपए के लिए अभी डेढ़-दो साल का इंतजार करना पड़ेगा। यह बात हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खु ने फतेहपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खु ने कहा कि प्रदेश सरकार ने चुनावों से पहले महिलाओं से वायदा किया था कि हर महिला के खाते में 1500-1500 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे जिसके लिए सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अभी डेढ़-दो साल तक इंतजार करना पड़ेगा। अभी सरकार अर्थ व्यवस्था को ठिक करने मे लगी हुई है।



**मुख्यमंत्री सुख्खू ने विधायक भवानी पठानियां की तारीफः** योजनाओं के उद्घाटनो के लिए फतेहपुर पंहुचे सीएम ठाकुर सुखविनदर सिंह सुख्खू ने जंहा एक तरफ भरी जनसभा मे विधायक भवानी पठानियां की तारीफ की। तो बही मीडिया से बातचीत करते हुए पौंग बांध पर पर्यटक के लिए योजनाओ को बनाने का श्रेय भी भवानी पठानियां को दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पौंग बांध को पर्यटक की दुष्टी से बढ़ाने के लिए 70 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे है। जिससे पौंग बांध मे शिकारे, मोटर बोट आदि चलेगी जिससे युबाओ को रोजगार भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सब योजनाएं पौंग बांध पर लाने का श्रेय भवानी पठानियां को जाता है। पौंग बांध पर कुछ ऐसा करने की बात विधायक के मन से निकली है। अगर आज अपनी दो करोड़ महिना की नौकरी छोड़ कर भवानी आए है तो आप के लिए आए है आप की सेवा के लिए आए है।

# अवैध कॉलोनियों व व्यवसायिक, औद्योगिक अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

## डी.पी.सी., लैबर क्वाटरों को जिला प्रशासन की मदद से तोडफोड की कार्यवाही अमल में लाई गई

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**जिला** नगर योजनाकार, सोनीपत द्वारा बुधवार को गाँव हलालपुर, जटौला, सोहटी की राजस्व सम्पदा में दो अवैध कालोनियों व व्यवसायिक, औद्योगिक अवैध निमार्णों में 4 डी.पी.सी., 2 बाउण्ड्री वाल, 2 व्यवसायिक अवैध निर्माण व औद्योगिक अवैध इकाइयों की 3 बाउण्डरी वाल व डी.पी.सी., लैबर क्वाटरों को जिला प्रशासन की मदद से तोडफोड की कार्यवाही अमल में लाई गई। उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि गाँव हलालपुर, जटौला, सोहटी की राजस्व सम्पदा में अवैध कालोनी/निर्माण प्रापर्टी डीलर द्वारा विकसित किया जा रहा था। प्रोपर्टी डीलर अवैध कालोनी काट कर उसमें प्लाट बेचते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि इन प्रोपर्टी डीलरों से जमीन की किसी भी प्रकार की खरीद-फरोख्त न करें। इन अवैध कालोनियों में प्रोपर्टी डीलरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला नगर योजनाकार विभाग



द्वारा भू-माफियाओं के खिलाफ एक अभियान चलाया हुआ है। जिससे सामान्य जनता में एक संदेश जा रहा है कि अवैध कालोनियों में प्लॉट खरीदना कितना

> 8 अवैध कॉलोनियों में भू-माफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बरबाद ना होने दें

नुकसानदायक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाकर शहर मे पनप रही अवैध कालोनियों व निमार्णों को शुरूआती दौर में ध्वस्त किया जा रहा है। यह कार्यवाही शहरी क्षेत्र व नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत की गई है।
उपायुक्त ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में भू-माफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बरर्बाद ना होने दें। क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है। कोई भी अवैध कालोनी/व्यवसायिक एवं औद्योगिक अवैध निर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लें। अवैध कालोनी/निर्माण को किसी भी समय अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है। जिला नगर योजनाकार नरेश कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा की जा रही तोडफोड की कार्रवाई में और सख्ती बरती जायेगी ताकि अवैध कालोनी काटने व उसमें निर्माण करने वाले मंसूबे पूरे न हो सके। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्र व नियंत्रित क्षेत्र में पनप रहे अवैध निर्माण को समय खत्म करना है। उन्होंने बताया कि आमजन को जागरूक करने के लिए सभी अवैघ कालोनियों में चेतावनी बोर्ड भी लगाये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में विस्तृत जानकारी हेतू जिला नगर योजनाकर कार्यालय सोनीपत, प्रथम तल, एच.एस.वी.पी कॉम्पलैक्स, सैक्टर-15, सोनीपत में सम्पर्क करें। गाँव हलालपुर, जटौला, सोहटी की राजस्व सम्पदा में तोडफोड की कार्यवाही के दौरान अनिल कुमार, सहायक नगर योजनाकार-कम-ड्यूटि मजिस्ट्रेट एवं फील्ड स्टाफ व पुलिस बल मौजूद थे।

# प्रयास इंटरनेशनल के खिलाड़ियों ने नेपाल में किया शानदार प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।** नेपाल के लुमनी में 28 से 30 मई तक तीसरी इंडो नेपाल कबड्डी चैंपियनशिप मे हरियाणा की टीम में प्रयास स्कूल के 8 खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया । जबकि पहला स्थान गुजरात व दूसरा स्थान महाराष्ट्र की टीम को मिला। हरियाणा की टीम के सह प्रशिक्षक सौरव त्यागी ने बताया कि प्रयास स्कूल के 8 बच्चों का हरियाणा की अंडर-14 टीम में चयन क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। सभी खिलाडियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया । प्रयास स्कूल के खिलाडी इशांत, द्दश्य, प्रिंस, शिवम्, भावेश, जतिन, शिवम् देसवाल, व देव देसवाल हरियाणा की तरफ से खेले। टीम ने कुल 7 मैच जीते। बुधवार सायं गनौर स्टेशन पर पहुँचने पर अभिभावकों व अध्यापकों ने फूलों व नोटों की मालाओं से खिलाडियों का स्वागत किया। टीम के स्वागत के लिए प्रयास स्कूल में प्रिंसिपल कृष्ण मलिक व रजिस्ट्रार डॉ मनोज ने खिलाडियों का अभिवादन किया। स्कूल एम डी डॉ संजय जैन व अमित बत्रा ने खिलाडियों को आशीर्वाद दिया व भविष्य में स्कूल में कबड्डी खेल को और अधिक प्रोत्साहन देने के निर्देश दिये। अमित बत्रा ने बताया कि प्रयास स्कूल के खिलाडी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। स्वागत कार्यक्रम में सीनियर कोर्डिनेटर डॉ अभिलाषा कादयान, खेल प्रशिक्षक राकेश कुमार, सौरव त्यागी, मोहित, राकेश योगी, कप्तान अदि शामिल हुए।

# ड्यूटी टाइम पर किसी भी पटवारी का फोन बंद नहीं रहना चाहिएः चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर** गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी ने लोगों की मांग पर कॉन्फ्रेंस हॉल में तहसीलदारों और पटवारियों की मीटिंग ली। मीटिंग में मौजूद सभी लोग पटवारियों की अनदेखी और उनके कामों से नाराज विधायक निर्मल चौधरी ने पटवारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि काम के मामले में लापरवाही बिलकुल भी बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पटवारियों को आदेश दिए कि ड्यूटी टाइम पर किसी भी पटवारी का फोन बंद नहीं रहना चाहिए। विधायक ने पटवारियों को हिदायत देते हुए कहा कि कोई पटवारी भ्रष्टाचार में लिप्त पाया गया तो मौके पर ही सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी और और आदेश दिए कि सभी पटवारी फील्ड में जाने का समय भी निर्धारित करें।
निर्देश दिए कि वैध, अवैध कालोनी, नगरपालिका सीमा के अन्दर व बाहर किला नम्बरान की सूचि का नक्शा तहसील परिसर में आमजन की सुविधा के लिये लगाया जायेगा। उन्होंने आदेश दिए कि दस्तावेज ,रजिस्टरी पंजीकृत होने के साथ इन्तकाल की फीस जमा की जायेगी व अगले दिन कम्प्यूटर ऑपरेटर व



हल्का पटवारी पर्चा रजिस्टरी के आधार का इन्तकाल दर्ज कर समय सीमा के अन्दर मन्जूर कराकर रिकार्ड दुरूस्त करेंगे। प्रत्येक हल्का पटवारी जो भी दस्तावेज आमजन को देगा जैसे नकल जमाबन्दी नकल इन्तकाल नकल फर्द बदर, नकल एक्स शिजरा, नकल असमाये मालकान आदि सत्यापित कापी पर सरकारी फीस साफ अक्षरो मे जो दिखाई दे सके अंकित करेगा। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरल केन्द्र की प्रत्येक खिडकी पर जो भी कार्य किया जाता है
वह कार्य व उसकी फीस अवश्य लिखी होनी चाहिए। निर्मल चौधरी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आमजन को तहसील में किसी भी प्रकार का कार्य कराने मे कोई परेशानी आती है या वसीका नवीस सरकारी फीस के अलावा तहसीलदार, नायब तहसीलदार रजिस्टरी लिपिक, तहसील के कर्मचारीयों के नाम पर रिश्वत की मांग करता है तो उसकी शिकायत प्रत्येक सोमवार को मुझे की जाए

# जर्जर सड़क निर्माण की मांग को लेकर पंचायत ने मुख्य अभियंता को सौंपा मांग पत्र

> 8 जीटी रोड से लेकर गांव सनपेड़ा व रामनगर तक की करीब 6 किलोमीटर सड़क की हालत बहुत ही जर्जर है

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।** जीटी रोड बड़ी शेगाव सनफ्लावर रामनगर को जाने वाली सड़क मार्ग कदम कदम पर गहरे गड्ढे से परेशान होकर संविदा गांव की सरपंच ने सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता राजीव यादव को मांग पत्र भेजकर सड़क के निर्माण की मांग की। ज्ञापन में ग्राम पंचायत ने बताया कि जीटी रोड से लेकर गांव सनपेड़ा व रामनगर तक की करीब 6 किलोमीटर सड़क की हालत बहुत ही जर्जर है। कई जगह पर तो तीन-चार फूड तक गहरे गड्ढे हैं, जिस कारण सड़क मार्ग पर दोपहिया वाहन चालकों का भी गुजरना मुश्किल हो गया है । सरपंच ने बताया कि इस रोड पर रामनगर तक करीब 70 से 80 फैक्ट्रियां लगी हुई है। जिनमें सामान लाने व ले जाने में ट्रक चालकों को बहुत ही दिक्कत आ रही है । उन्होंने बताया कि





बरसात के मौसम में तो सड़क मार्ग पर बने गड्ढे का कारण बन रहे हैं कि पानी में दिखाई नहीं देते और हादसा हो जाता है । उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण प्रशासन से कई बार मांग कर चुके लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा।

# किसानों ने बृजभूषण का पूतला फूंका जताया रोष



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
दिल्ली में जंतर-मंतर पर पुलिस और पहलवानों के बीच हुई झड़प के बाद से किसान भड़के हुए हैं। किसान भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं भीजेपी सांसद बृज भूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के आह्वान पर किसान आज अंबाला डीसी ऑफिस पर धरने पर बैठे हैं। धरने पर बैठे किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसान प्रदर्शन करने के बाद राष्ट्रपति के नाम डीसी अंबाला को ज्ञापन सौंपेंगे। साथ ही पहलवानों को न्याय दिलाने को लेकर आंदोलन से जुड़ी आगामी रणनीति तैयार करेंगे। उधर भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ग्रुप ने 4 जून को महापंचायत करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि पहलवानों के समर्थन में 4 जून को जिला सोनीपत के गांव मुंडलाना महापंचायत करेंगे। इसके लिए किसान पूरी तैयारी से निकलेंगेए सरकार में दम है तो वह उन्हें रोककर दिखाए। इस महापंचायत में पूर्व गर्वनर सत्यपाल मलिक भी विशेष रूप से शिरकत करेंगे।
संयुक्त मोर्चे के आह्वान पर किसान आज अंबाला डीसी ऑफिस पर धरने पर बैठे हैं। इस दौरान किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसान प्रदर्शन करने के बाद राष्ट्रपति के नाम डीसी अंबाला को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान किसानों ने बृज भूषण शरण सिंह का पुतला फूंक रोष जताया। किसानो से बात करने पर उन्होंने जानकारी दी कि पहलवानों को न्याय दिलाने को लेकर आंदोलन से जुड़ी आगामी रणनीति तैयार करेंगे।

# सीएचसी फिरोजपुर बांगर में इमरजेंसी सेवाएं शुरू

**खरखौदा/सोमपाल सैनी**
**सामुदायिक** स्वास्थ्य केंद्र, फिरोजपुर बांगर में अब से इमरजेंसी सेवाएं शुरू हो गई हैं। वीरवार को सिविल सर्जन जयकिशोर ने इमरजेंसी सेवाओं का सीएचसी में पहुंचकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड का दौरा कर चिकित्सकों को अच्छे ढंग से वार्ड का संचालन करने की बात कही।
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,



फिरोजपुर बांगर में अब तक ओपीडी ही देखी जाती थी। जबकि आज से यहाँ पर एमरजेंसी सेवाओं को भी शुरू कर दिया गया है। आज से ही यहाँ पर एमएलआर भी काटी जाएगी।
सीएचसी के दायरे में आने वाले गांवों के ग्रामीणों को अब खरखौदा नहीं आना पड़ेगा।

# डा. सुशील गुप्ता का पानीपत टोल प्लाजा पर किया जोरदार स्वागत

**पानीपत:** आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डा. सुशील गुप्ता का बृहस्पतिवार को पानीपत टोल प्लाजा पर पहुंचने पर जिला अध्यक्ष राकेश चुघ के नेतृत्व में पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों और
कार्यकर्ताओं ने बुके देकर व फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। प्रचार समिति के अध्यक्ष डा. अशोक तंवर और राष्ट्रीय सचिव निर्मल सिंह का भी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। डा. सुशील गुप्ता दिल्ली से करनाल में आयोजित पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिये जा रहे थे।

# मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने झाड़ू उठा किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार की वायदाखिलाफी के विरोध में नगरपालिका कर्मचारियों ने झाडू लेकर शहर में प्रदर्शन किया। आम जनता से भी आंदोलन में सहयोग की अपील के पर्चे बांटे गए। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर इकाई प्रधान मांगे साहिब व सतीश कुमार के नेतृत्व में पालिका कार्यलय पर सभा कर पुरानी सब्जी मंडी तक बाजार में प्रदर्शन किया। कर्मचारी 29 अक्टूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 को निकाय मंत्री के साथ हुए समझौते को लागू करने की मांग कर रहे थे।



कर्मचारी नेता विजय व सुरेंद्र ने कहा कि नगरपालिका का गठन शहर को सुनियोजित ढंग से बसाने। जनता को साफ-सफाई, सीवर, सड़क, गलियां, स्ट्रीट लाइट, पानी निकासी व पार्को के रखरखाव जैसी जन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए हुआ था। परंतु सरकार वर्कलोड अनुसार स्टाफ उपलब्ध नही

> 8 इकाई प्रधान मांगे साहिब व के नेतृत्व में पालिका कार्यलय पर सभा कर पुरानी सब्जी मंडी तक बाजार में प्रदर्शन किया

करवा रही।
धर्मवीर व संदीप ने कहा कि शहर में सफाई व फायर के काम का सारा जिम्मा कच्चे कर्मचारियो पर है। भृष्टचार की जननी ठेकेदारी प्रथा नगरपालिका में आज भी धड़ल्ले से जारी है। इस कारण कर्मचारियो को न तो समय पर वेतन मिलता है और न ही उनके काम के कोई घण्टे निश्चित है। दिन-रात व छुट्टी वाले दिन भी बंधुआ मजदुरो की तरह काम लिया जाता है।
सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) नेता सतीश सेठी ने कहा कि नारायणगढ़ के 1 से 15 वार्डो की गलियों, सड़को व नाले-नालियों की साफ-सफाई के लिए क्षेत्रफल व जनसंख्या के हिसाब से 100 से ज्यादा कर्मचारियो की जरूरत है।
परंतु सरकार ने केवल 57 पोस्ट ही स्वीकृत की है। इनमें से भी 18 अभी खाली पड़ी है। वर्तमान में 5 सफाई कर्मचारी पक्के व 34 पे-रोल के अनुबंध कर्मचारी है। इन कुल 39 कर्मचारियो पर सभी 15 वार्ड की सड़को, गलियों व नालों-नालियों की सफाई का जिम्मा है।

# उप चुनावों को लेकर बैठकों का दौर शुरू, विपक्ष ने कसी कमर

## कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा के आवास पर अहम मीटिंग रखी गई

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**सांसद** रतनलाल कटारिया के निधन के बाद अंबाला लोकसभा सीट रिक्त घोषित होने के बाद जल्द उपचुनाव होने की संभावना बनी हुई है।
उपचुनाव में जीत दर्ज कराने के लिए सत्ता पक्ष ही नहींए विपक्ष ने भी कमर कस ली है।
इसी सिलसिले में कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा के आवास पर अहम मीटिंग रखी गई है। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राम किशन गुर्जर की अध्यक्षता में होने वाली इस मीटिंग में अंबाला सिटी और कैंट विधानसभा के पदाधिकारी एवं एक्टिव वर्कर्स हिस्सा लेंगे। मीटिंग में लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन किया जाएगा।
सांसद रतन लाल कटारिया की 18 मई को बीमारी के चलते पीजीआई चंडीगढ़ में उपचार के दौरान मौत हो गई थी जिसके बाद लोकसभा सचिवालय ने गजट नोटिफिकेशन जारी कर अंबाला की सीट को रिक्त घोषित कर दिया था। 2024 लोकसभा चुनाव होने में लगभग एक साल का समय बचा होने के चलते अंबाला की सीट पर उपचुनाव होने के कयास लगाए जा रहे हैं।
राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं हैं कि अगर अंबाला लोकसभा सीट पर उपचुनाव होंगे तो रतन लाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया को बीजेपी टिकट दे सकती है। इसके अलावा पूर्व राज्यमंत्री कृष्ण बेदीए बीजेपी

> 8 सांसद रतन लाल की 18 मई को बीमारी के चलते पीजीआई चंडीगढ़ में उपचार के दौरान मौत हो गई थी

प्रवक्ता सुदेश कटारिया और शाहाबाद के पूर्व विधायक अनिल धंतौड़ी का नाम भी चर्चाओं में है।
**पोर्टल तो खुला लेकिन उस पर सिर्फ बैंक डिटेल इमेल नोडल ऑफिसर आदि जानकारी ही अपलोड हुईः** यूजी में दाखिलों के लिए 5 जून से पोर्टल खुलना है। इसी को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग ने 29 से 31 मई तक दाखिला प्रक्रिया के मद्देनजर पोर्टल खोलने की अधिसूचना जारी की थी जिस पर महाविद्यालयों को कोर्सए सीटें कोर्स कंबिनेशन फीस सहित अन्य डिटेल अपलोड करनी थी।
बता दें कि पोर्टल तो खुला लेकिन उस पर सिर्फ बैंक डिटेल इमेल नोडल ऑफिसर आदि जानकारी ही अपलोड हुई। कोर्स, सब्जेक्ट सीटए फीस मॉड्यूल का आप्शन नहीं आया। पोर्टल पर इन सबके आगे नोट लाइव दर्शाया गया। जब तक ये डिटेल पोर्टल पर अपलोड नहीं होगीए दाखिला प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाएगी। इसलिए उच्चतर शिक्षा विभाग को अंतिम तिथि बढ़ानी होगी। खबर लिखे जाने तक अंतिम तिथि बढ़ने संबंधी कोई अधिसूचना जारी नहीं हुई थी। यहां से भी बता दें कि 21 जुलाई से विभाग की ओर से नियमित कक्षाएं शुरू करने का शेड्यूल भी जारी किया गया है। पोर्टल अपडेट नहीं हुआ तो इसके लिए दोबारा से शेड्यूल जारी करना पड़ सकता है। वहीं ओपन काउंसिलिंग के तहत दाखिला लेने वाले विद्यार्थी को पहले सप्ताह में 100 रुपये और दूसरे सप्ताह में 200 रुपये लेट फीस देकर ही दाखिला लेना पड़ेगा।
एक बार आवेदन फार्म सबमिट होने के बाद उसमें कुछ भी संशोधन नहीं किया जा सकेगा। दाखिले से संबंधित किसी भी जानकारी या किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए विद्यार्थी टोल फ्री नंबर 18001802133 पर या हेल्पडेस्क की ई.मेल आईडी पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# मेयर शर्मा ने नालों का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अंबाला की मेयर शक्ति रानी शर्मा ने बरसातों से पहले पानी निकासी को लेकर व्यवस्थाओं को जांचा। उनके साथ निगम के अनेक अधिकारी भी मौजूद थे। उन्होंने कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने तथा शहर में बरसातों के दौरान जल भारव की स्थ्त्ति पैदा न हो इसके लिए विशेष कदम उठाने के निर्देश दिए। आज दोपहर बनूडी क्षेत्र से मेयर ने अपनी टीम के साथ व्यवस्थाओं को जांचना शुरू किया। उसके बाद वह शहर की नई अनाज मण्डी पहुंची यहां पर सड़क किनारे गंदगी के ढेर लगे हुए थे। मेयर ने तुरंत इस मामले में कार्यवाही करने के निर्देश दिए और साथ ही यह भी कहा कि इस क्षेत्र



से तुरंत ट्रॉलियों व जेसीबी से गंदगी के ढेर उठाए जाए तथा यहां पर सब्जी व अन्य सामान न गिराया जाए। इसके बाद मेयर शहर के बलदेव नगर पहुंची यहां पर नाले के साथ ही डम्पिंग प्वाईंट बना हुआ था। कूड़ा उक्त स्थान से नाले में जा रहा था। मेयर ने तुरंत अधिकारियों को सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के आदेश दिए और साथ ही यह भी कहा कि इस क्षेत्र में नाले के उपर गंदगी के ढेर न लगाए जाएं। इसके बाद मेयर ने अंबाला शहर के मानव चैंक सिटी मीडिया कार्यालय के सामने बने नाले का भी नरीक्षण किया तथा अधिकारियों को नाले की सफाई व रख-रखाव करवाने के जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मेयर की टीम झूंडी वाली गली में भी नाले का नरीक्षण करने पहुंची यहां पर भी अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के लिए कहा गया।

# पंजाब विवि में हरियाणा को मिलेगी हिस्सेदारी

## चंडीगढ़ के प्रशासक ने बुलाई बैठक, पंजाब व हरियाणा के सीएम हुए शामिल, पांच जून को दूसरे चरण की बैठक में होगा फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पंजाब** विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में हरियाणा की हिस्सेदारी की बहाली और हरियाणा राज्य के कॉलेजों की पंजाब विश्वविद्यालय से संबद्धता की दिशा में सकारात्मक कदम बढ़े हैं। पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित की अध्यक्षता में गुरुवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ पंजाब यूनिवर्सिटी के विभिन्न विषयों को लेकर बैठक हुई। बनवारी लाल पुरोहित ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आज बहुत विकास हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों तक भी शिक्षा की पहुंच हो, इसके लिए सभी सरकारों को काम करना चाहिए। उन्होंने दोनों मुख्यमंत्रियों को कहा कि पंजाब यूनिवर्सिटी के जो विषय हैं उन पर आपसी सहमति से आगे बढ़ना चाहिए और हरियाणा के कॉलेजों की पंजाब विश्वविद्यालय से संबद्धता का विषय बड़ा विषय नहीं है, यह



करना संभव है। हरियाणा, पंजाब के इस सहयोग से निश्चित रूप से एक अच्छी शुरूआत होगी। बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 के तहत पंजाब विश्वविद्यालय में हरियाणा राज्य का हिस्सा दिया गया था और हरियाणा के कॉलेज और क्षेत्रीय केंद्र पंजाब विश्वविद्यालय से संबद्ध थे। लेकिन 1973 को एक अधिसूचना जारी कर इसे समाप्त कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि आज के युग में अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों से भी राज्यों के कॉलेजों की संबद्धता हो रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य है कि सभी शिक्षण संस्थान देश की उन्नति में सहयोग करें और सभी राज्यों का आपसी संबंध और प्रगाढ़ हों। इसलिए हरियाणा के कॉलेजों की संबद्धता पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से की जाए। मनोहर लाल ने कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय एक केंद्रीय विश्वविद्यालय, जिसमें हरियाणा के कॉलेज का भी एफिलिएशन होना चाहिए। केंद्र के साथ मिलकर हरियाणा सरकार पंजाब विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाएगी ताकि विश्वविद्यालय समृद्ध बने और उसकी अवश्यकतायें भी पूरी हों। मुख्यमंत्री ने पंजाब सरकार को सुझाव दिया कि युवाओं के भविष्य के लिए पंजाब के कॉलेज भी यदि हरियाणा के साथ जुड़कर काम करना चाहें तो हम उनका स्वागत करते हैं। बैठक में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए इन विषयों को अंतिम रूप देने के लिए कुछ समय मांगा। पांच जून को दोबारा सभी पक्षकारों की बैठक होगी। बैठक में हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल, पंजाब के मुख्य सचिव विजय कुमार जंजुआ, हरियाणा के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव और सूचना लोक संपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ. अमित अग्रवाल, राजीव रतन, सामान्य प्रशासन विभाग के विशेष सचिव आदित्य दहिया, पंजाब विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो रेनू विग सहित पंजाब और चंडीगढ़ के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### जनसंवाद में आई शिकायतों का समयबद्ध होगा निवारण: मनोहर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जन संवाद कार्यक्रमों के तहत लोगों की लिखित शिकायतों, मांगों और सुझावों को आधिकारी गंभीरता से लें और जल्द से जल्द उनका निपटारा करें। मुख्यमंत्री गुरुवार को प्रशासनिक सचिवों के साथ जनसंवाद पोर्टल के संबंध में अहम बैठक कर रहे थे। मनोहर लाल ने सभी प्रशासनिक सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी हर 7 दिन में जन संवाद पोर्टल पर उनके विभागों के अधीन दर्ज शिकायतों के समाधान की प्रगति की समीक्षा करें। अब तक जन संवाद पोर्टल पर लगभग 7200 शिकायतें व मांगों को दर्ज किया जा चुका है।

# पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने एचसीएस परीक्षा परिणाम पर लगाई रोक

## पुरानी परीक्षा से पूछे गए थे 32 सवाल, जींद के युवाओं की याचिका पर सुनाया फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट ने हाल ही में हुई एचसीएस परीक्षा का परिणाम घोषित करने पर रोक लगाते हुए हरियाणा सरकार से रिपोर्ट मांग ली है। गुरुवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान हरियाणा सरकार की तरफ से महाधिवक्ता हाई कोर्ट में पेश हुए। हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) की कार्यकारी शाखा और संबद्ध सेवाओं के 100 पदों के लिए 21 मई को प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया गया था। जींद निवासी अंकुर कुमार व अन्य ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए सिविल सर्विस एप्टीट्यूड टेस्ट में एक तिहाई प्रश्न कॉपी करने का आरोप लगाते हुए परीक्षा रद्द करने की मांग की है। याचिका में बताया गया कि इस प्रकार प्रश्नों को कॉपी कर इस बार की परीक्षा में शामिल करना गलत है और यदि इस परीक्षा के परिणाम

**सुनवाई**
= गुरुवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान हरियाणा सरकार की तरफ से महाधिवक्ता हाई कोर्ट में पेश हुए

के आधार पर नियुक्तियां की गईं तो यह मेधावी आवेदकों के साथ अन्याय होगा। याचिका में हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) द्वारा एचसीएस की भर्ती के लिए फरवरी में जारी विज्ञापन में विरोधाभासी निर्देश को लेकर भी सवाल खड़े किए गए हैं। बहस के दौरान याची पक्ष के वकील रविंद्र सिंह ढुल ने कोर्ट को बताया कि केवल आठ महीने पहले हुई परीक्षा के प्रश्न इस परीक्षा में कापी करना बड़ा हास्यास्पद है। इससे पहले भी एक परीक्षा में हरियाणा लोक सेवा आयोग ने मध्य प्रदेश की एक परीक्षा के लगभग एक तिहाई सवाल कापी किए थे। ढुल ने कहा कि इस तरह की परीक्षा योग्य उम्मीदवारों के साथ एक मजाक है। बेंच ने यह दलील सुनने के बाद कहा कि इस तरह की गलती कभी स्वीकार नहीं की जा सकती। इस पर सरकार की तरफ से पेश एडवोकेट जनरल ने बेंच को आश्वासन दिया कि सरकार याची पक्ष की सभी मांग पर उचित निर्णय लेगी और अगर कोई कमी है तो उनको दूर करेगी। कोर्ट ने सरकार से पूछा कि आपको कितना समय चाहिए। सरकार की तरफ से शिकायतों के निपटारे के लिए एक महीने के समय की मांग की गई जबकि याची पक्ष ने कहा कि वह 10 दिन के भीतर अपना प्रस्तुतीकरण आयोग के सामने पेश कर देगा। जस्टिस सुवीर सहगल ने याचिका का निपटारा करते हुए आयोग को आदेश दिया कि इस मामले में याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए प्रस्तुतीकरण पर निर्णय लेकर उचित आदेश जारी करें।




शिक्षा मंत्री ने रेवाड़ी में सेक्टर 4 के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सुपर 100 के नए परिसर का शिलान्यास किया।

### सीएमओ में एक साल में आई 70 हजार शिकायतें

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यालय में विभगीय कार्यप्रणाली के विरुद्ध रोजाना औसतन दो सौ शिकायतें आ रही हैं। वर्ष 2022 में 70 हजार से अधिक शिकायतें सीएमओ में आ चुकी हैं। जिन्हें सोशल मीडिया ग्रीवेंस ट्रैकर (एसएमजीटी) के जरिए संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए भेजा गया है। मुख्यमंत्री के आईटी सलाहकार ध्रुव मजूमदार ने बुधवार रात अधिकारियों के साथ बैठक करके एनआईसी द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर की कार्यप्रणाली के बारे में नोडल अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। ध्रुव मजूमदार ने बताया कि वर्ष 2022 में लगभग 70,000 शिकायतों को एसएमजीटी से विभागों के संबंधित नोडल अधिकारियों को भेजा गया।

# पूर्व सीएम हुड्डा का दिग्विजय चौटाला पर तंज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने जेजेपी के प्रधान महासचिव और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के भाई दिग्विजय सिंह चौटाला पर तंज कसा है। पूर्व सीएम ने कहा कि ठाठ की तलाश में बीजेपी में गए थे, लेकिन अब कहां जाएंगे। उनका यह बयान दिग्विजय के उस बयान पर आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि इस सरकार में वो ठाठ नहीं हैं जो चौधरी देवीलाल की सरकार में हुआ करते थे। या फिर हमारी पिछली 5 साल की सरकार में थे। वो ठाठ चाहिए तो अपने को 46 सीट चाहिए।

**पानीपत में 18 को बड़ा कार्यक्रम:** चंडीगढ़ में पत्रकार वार्ता में पूर्व सीएम ने कहा कि हरियाणा की जनता अब बदलाव चाहती है। कांग्रेस भी जनता के



बीच जा रही है। उन्होंने बताया कि 18 जून को पानीपत में पार्टी का बड़ा कार्यक्रम होगा। इसके अलावा उन्होंने विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम में जानकारी देते हुए कहा कि भिवानी में होने वाला कार्यक्रम 25 जून की जगह अब 9 जुलाई को होगा।

**30 पेपर हो चुके लीक:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। हरियाणा सरकार के कार्यकाल में अब तक 30 पेपर लीक हो चुके हैं। हाल यह है कि ल्डउर जैसी परीक्षा में ही 32 पुराने सवाल डाल दिए। लेकर उन्होंने कहा कि इसे डिसॉल्व कर देना चाहिए। यह भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। प्रदेश में विभिन्न विभागों में 2 लाख पद खाली हैं।

### सूरजमुखी फसल पर सरकार को घेरा

**पूर्व** सीएम ने सरकार को सूरजमुखी मुद्दे पर भी घेरा। उन्होंने कहा कि सूरजमुखी की फसल पर 6400 रुपए की एमएसपी है, लेकिन किसान को 4000 रुपए के रेट में अपनी फसल देनी पड़ रही है। भावान्तर किसानों को सिर्फ 1000 रुपए मिल रहा है, यानी उसे 1400 रुपए प्रति क्विंटल घाटा उठाना पड़ रहा है। प्रदेश में 17 लाख एकड़ से ज्यादा फसल खराब हुई। सरकार ने 3 लाख एकड़ के लिए ही मुआवजा दिया।?

**नौकरी से निकाले जा रहे युवा:** कौशल रोजगार निगम को लेकर पूर्व सीएम ने कहा कि पहले युवा नौकरी में लगाए जाते हैं,
फिर यह कहकर निकाल दिया जा रहा है कि विभाग के पास बजट नहीं है। उन्होंने पहलवानों के मुद्दे पर कहा कि खिलाड़ी प्रदेश के नहीं, बल्कि देश के हैं।

# पानीपत पुलिस के हत्थे चढ़ा लॉरेंस गैंग का शूटर, पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पंजाबी** सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में शामिल लॉरेंस गैंग का शूटर कशिश उर्फ कुलदीप पानीपत पुलिस के हत्थे चढ़ा है। शूटर कशिश को पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई है। जिसे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेशों पर पुलिस आरोपी से आगामी पूछताछ में जुट गई है। शूटर प्रियव्रत उर्फ फौजी ने शूटर कशिश के साथ मिलकर जेल से फोन कर शहर के फेमस मिष्ठान भंडार संचालक और डेयरी




संचालक से रंगदारी मांगी है। रंगदारी न देने पर दोनों को जान से मारने की धमकी दी थी। जब से दोनों संचालकों को ये धमकी मिली थी, तब से वे और उनका परिवार दहशत के माहौल में जी रहा था। अभी पानीपत पुलिस एक ही शूटर को प्रोडक्शन वारंट पर ला पाई है। जबकि, दूसरा मुख्य आरोपी शूटर प्रियव्रत उर्फ फौजी को प्रोडक्शन पर लाने की पुलिस की कोशिशें जारी हैं।

### दोनों को एक साथ किया गया टारगेट

**मिली** जानकारी के अनुसार दोनों पीड़ित तहसील कैंप थाना क्षेत्र की अलग-अलग कॉलोनियों के हैं। दोनों की थाना क्षेत्र में ही दुकान एवं डायरी है। मिष्ठान भंडार संचालक शहर का सबसे फेमस चेहरा है। हालांकि डेयरी संचालक भी वर्षों से शहर में काम कर रहा है। अब दोनों की बढ़ती तरक्की, बदमाशों की आंखों में खटक रही है। दोनों को एक साथ एक ही समय में टारगेट किया गया है। एक ही समय में दोनों से रंगदारी मांगी गई है। रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है।

**पुलिस ने दिए गनमैन, दुकान के बाहर बढ़ाई गश्त:** सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस ने मामले में दोनों पीड़ितों को गनमैन दिए हैं। इतना ही नहीं, दोनों की दुकान के बाहर भी पुलिस गश्त बढ़ा दी है। दोनों दुकानों के बाहर मालिकों ने नई तकनीक के सीसीटीवी भी लगवा लिए हैं। खुद भी सुरक्षा के मद्देनजर पीड़ित दुकान व अपने अन्य ठिकानों पर कम समय बिता रहे हैं।

**कौन है शूटर प्रियव्रत?:** युवा अवस्था में गांव के अखाड़ों में पहलवानी करने वाला लड़का लॉरेंस गैंग का कुख्यात शूटर बन गया।

# सरकार की नीतियों से प्रदेश की जनता बुरी तरह तंग : अभय




**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
**इनेलो के प्रधान** महासचिव एवं विधायक अभय सिंह चौटाला ने कहा है कि भाजपा गठबंधन सरकार की नीतियों से प्रदेश की जनता बुरी तरह से तंग है। इससे पहले 10 साल तक कांग्रेस ने और अब आठ साल से भाजपा गठबंधन सरकार जनविरोधी निर्णय लेकर जनता का जीना हराम कर चुकी है। वे गुरुवार को परिवर्तन पदयात्रा आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के उकलाना विधानसभा के गांव बनभोरी, मतलोढ़ा, सरहेडा, खरक पूनिया व बधावड़ में ग्रामीणों से मिल रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भाजपा गठबंधन सरकार ने झूठ और फरेब की राजनीति करके पूरे प्रदेश को विनाश की ओर धकेल दिया है मगर अब लोग इस गठबंधन

**आरोप**
= हरियाणा की भाजपा गठबंधन सरकार ने झूठ और फरेब की राजनीति करके पूरे प्रदेश को विनाश की ओर धकेल दिया है

सरकार से बदला लेने का मन बना चुके हैं, जिससे साफ जाहिर है कि आने वाले चुनावों में न केवल भाजपा-जजपा का सफाया हो जाएगा बल्कि प्रदेश के हित के लिए लोग इनेलो की ही सरकार बनाएंगे। इस दौरान पार्टी में शामिल होने वालों का स्वागत करते हुए अभय चौटाला ने कहा कि इनेलो की पदयात्रा के दौरान पार्टी पहले से कहीं अधिक मजबूत हुई है और इसी का ही असर है कि लोग दूसरी पार्टियों को छोड़ कर इनेलो में अपनी आस्था व्यक्त कर रहे हैं।

# वर्दी पहन 7.50 लाख रुपए लूटने वाला 5 साथियों संग गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
गुरुवार को सीआईए वन पुलिस ने एक दिन पहले गांव सोलू माजरा के पास गाड़ी खरीदने आए एक शख्स से पुलिस की वर्दी पहनकर 7 लाख 50 हजार रुपए लूटने वाले को 5 साथियों के साथ गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सभी का अपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है। पुलिस ने मास्टरमाइंड सुशील की होंडा सिटी कार बरामद कर ली है। गिरफ्तार किए गए सभी लोगों को शुक्रवार को अदालत में पेश कर लूटे गए रुपए व गाड़ी बरामद करने के लिए उनका रिमांड हासिल किया जाएगा। सीआईए वन में आयोजित प्रेस वार्ता में डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि प्रगट सिंह व ध्यानचंद समाना मंडी में ट्रक चलाते है। उनका ट्रक ड्राइवरों का व्हटसअप ग्रुप बना हुआ है। एक दिन उसमें गाड़ी की खरीद फरोख्त बारे मैसेज आया। उसने व्हटसअप के माध्यम से उस नंबर पर बातचीत की। जिसने अपना नाम राजकुमार बताया। इस बारे ध्यानचंद ने अपने साथी ड्राइवर प्रगट सिंह से भी बात की।

**मास्टरमाइंड सुशील ने परगट सिंह के साथ बनाई लूट की योजना:** प्रगट सिंह ने सारी बाते समझते हुए इस बारे सुशील से बातचीत की। इस पर सुशील ने अपने साथियों के साथ पैसे लूटने की योजना बनाई। योजना के अनुसार तय हुआ कि प्रगट सिंह गाड़ी खरीदने के लिए रुपए लेकर ध्यानचंद के साथ आएगा। ताकि उस पर किसी को शक ना हो। एक व्यक्ति पुलिस की ड्रेस डालकर आएगा। योजना के अनुसार परगट सिंह 30 मई को ध्यानचंद के साथ रुपए लेकर गाड़ी खरीदने के लिए सोलू माजरा आया। कथित तौर पर खुद को राजकुमार बताने वाले सुशील ने फोन कर उन्हें एक लिंक रोड पर बुला लिया।

# पहलवानों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
पहलवानों के समर्थन में यहां संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और केंद्र सरकार का पुतला फूंक कर रोष जताया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि दिल्ली में देश का गौरव रूपी बेटियों का चीर हरण किया गया, जिसके बाद वो अग्नि परीक्षा से गुजर रही हैं। 28 मई को दिल्ली में पहलवान बेटियों के साथ पुलिस की झड़प के बाद भले जंतर-मंतर से उनका



धरना उठा दिया गया हो परन्तु इसको लेकर पहले जो रोष था, वह अब अग्नि परीक्षा बन चुका है। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर गुरुवार को हरियाणा के हर जिले में विभिन्न संगठन के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। प्रदर्शनकारियों ने केन्द्र सरकार का पुतला फूंका तथा जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि पांच जून को हर गांव में केंद्र सरकार के पुतले फूंके जाएंगे और मांग पूरी होने तक यह आंदोलन जारी रहेगा। भिवानी में प्रदर्शनकारियों ने कहा कि 28 मई को दिल्ली में देश का गौरव रूपी बेटियों के साथ जो बर्ताव किया गया, उसके बाद से उनके सीने में दर्द है और वह अग्नि परीक्षा से गुजर रहे हैं।

### रोहतक में भ्रष्टाचार के आरोप में एटीपी समेत तीन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/रोहतक**
**हरियाणा** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने रोहतक नगर निगम में तैनात एक सहायक टाउन प्लानर (एटीपी) सहित तीन आरोपितों को 10 लाख रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एसीबी के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि शिकायतकर्ता के अनुसार एटीपी ने सह-आरोपित त्रिलोक चंद शर्मा एक निजी आर्किटेक्ट के साथ मिलकर उससे 40 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता की नौ एकड़ जमीन पर काटी गई अनधिकृत कॉलोनी को गिराने से रोकने के एवज में रिश्वत की मांग की गई थी। एटीपी ने शिकायतकर्ता को रिश्वत के पैसे की बात करने के लिए आर्किटेक्ट त्रिलोक चंद शर्मा से बात करने को कहा। शिकायतकर्ता ने आर्किटेक्ट से मुलाकात की जिसने एटीपी की ओर से रिश्वत की मांग की।

# ब्रिटिश काउंसिल श्री विश्वकर्मा कौशल विवि के विद्यार्थियों को अंग्रेजी में करेगी पारंगत

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय और ब्रिटिश काउंसिल के बीच गुरुवार को एक महत्वपूर्ण एमओयू साइन हुआ है। विद्यार्थियों को अंग्रेजी के माध्यम से रोजगार के क्षेत्र में सक्षम बनाना इसका सबसे बड़ा उद्देश्य है। ब्रिटिश काउंसिल अंग्रेजी में महारत के लिए जानी जाती है। इस एमओयू हस्तांतरण के दौरान श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. आर. एस. राठौड़ और ब्रिटिश काउंसिल की तरफ से मैनेजिंग डायरेक्टर डंकन विल्सन मौजूद रहे। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय भाषाई कोर्स के

**एमओयू**
= ब्रिटिश काउंसिल श्री विश्वकर्मा कौशल विवि के साथ मिलकर विद्यार्थियों को अंग्रेजी में पारंगत करेगी

ऊपर विशेष ध्यान केंद्रित कर रहा है और इसमें दुनिया भर में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली अंग्रेजी महत्वपूर्ण है। ब्रिटिश काउंसिल इंग्लिश भाषा के पेशेवर प्रशिक्षण के लिए विख्यात है। अब ब्रिटिश काउंसिल श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ मिलकर विद्यार्थियों को अंग्रेजी में पारंगत करेगी। इसी उद्देश्य के साथ यह एमओयू किया



गया है। ब्रिटिश काउंसिल इंग्लिश ऑनलाइन सेल्फ स्टडी कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों की सामाजिक एवं पेशेवर उन्नति के लिए अपने कौशल का योगदान देगी। ब्रिटिश काउंसिल के मैनेजिंग डायरेक्टर डंकन विल्सन ने बताया कि ब्रिटिश काउंसिल ने अभी तक चार लाख से भी ज्यादा लोगों को 47 देशों में अंग्रेजी का प्रशिक्षण दिया है। उन्होंने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ मिलकर इस कोर्स के माध्यम से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को अंग्रेजी में सक्षम और निपुण बनाया जाएगा। प्रो. आर. एस. राठौड़ ने कहा कि भाषा व्यक्तित्व के विकास के साथ-साथ पेशेवर उन्नति में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अंग्रेजी का पूरी दुनिया में प्रसार है और इसके माध्यम से विद्यार्थी अपने करियर को और अधिक सुदृढ़ बना सकते हैं। इसी उद्देश्य के साथ श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय अपने परिसर में अंग्रेजी, जर्मन और जापानी भाषा के कोर्स चला रही है। अब ब्रिटिश काउंसिल के साथ जुड़? के बाद अंग्रेजी के भाषाई कोर्स में और अधिक गुणवत्ता आएगी। ब्रिटिश काउंसिल के मैनेजिंग डायरेक्टर डंकन विल्सन ने बताया कि

## न्यूज फ्लैश

### डीएलएसएस ने जून माह के विभिन्न शिविरों का शैडयूल किया जारी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम सुश्री जसबीर कौर के निदेर्शानुसार डीएलएसए द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत किसानों व खेतीहर मजदूरों को हरियाणा विधिक सेवाएं प्राधिकरण की कानूनी सेवाओं बारे जागरूक करने के लिए शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जून माह में आयोजित होने वाले इन शिविरों के लिए डीएलएसए द्वारा शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है।

सीजेएम ने कहा कि इस शेड्यूल के तहत 2 जून को गांव फूसगढ़ में पीएलवी मीनू रानी, 3 जून को करनाल में पीएलवी हिमांशु ढ़ींगरा, 5 जून को करनाल के राम नगर व प्रेम नगर में पीएलवी पूजा वर्मा, 6 जून को गांव शामगढ़ में पीएलवी सुधा रानी तथा 7 जून को गांव दाहा में पीएलवी ममता द्वारा जागरूकता कैंप लगाया जाएगा। जबकि आज 1 जून को गांव उंचा समाना में पीएलवी बबीता द्वारा जागरूकता शिविर लगाया गया हैं।

सीजेएम ने आगे बताया कि 8 जून को गांव कम्बोहपुरा में पीएलवी रीटा, 9 जून को गांव झंझाड़ी में पीएलवी बबली, 10 जून को गांव नरूखेड़ी में पीएलवी सोनिया देवी, 12 जून को गांव जुंडला में पीएलवी मंजू बाला, 13 जून को गांव उचाना व उचानी में पीएलवी सुमन लता, 14 जून को करनाल के गांव पिंगली में पीएलवी सविता सचदेवा, 15 जून को गांव सोंकड़ा में पीएलवी सुधा रानी, 16 जून को करनाल के सदर बाजार व हांसी चौक पर पीएलवी मंजू, 17 जून को करनाल की अनाज मंड़ी में पीएलवी कविता देवी तथा 18 जून को गांव दादूपुर में पीएलवी सरोज बाला द्वारा विभिन्न विषयों पर जागरूकता शिविर लगाया जाएगा। सीजेएम ने बताया कि इसी प्रकार 22 जून को तरावड़ी की अनाज मंड़ी में पीएलवी सुधा रानी, 23 जून को गांव बजीदा जाटान में पीएलवी गांव मधुबन में पीएलवी ममता, 28 जून को गांव पधाना में पीएलवी रिम्पी, 29 सुषमा के द्वारा हरियाणा विधिक सेवाएं प्राधिकरण की कानूनी सेवाओं बारे जागरूक किया जाएगा।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# पूर्व छात्रों ने पंजाब विवि में मांगा हरियाणा का अधिकार

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**पंजाब विश्वविद्यालय** चंडीगढ़ के पूर्व छात्रों ने चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर (मुख्यमंत्री निवास) पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को ज्ञापन देकर विश्विद्यालय में हरियाणा का पुराना कोटा पुनः बहाल कराने की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से पूर्व विद्यार्थी हरियाणा प्रांत ने कहा कि हम पंजाब विश्वविद्याल, चंडीगढ़ के पूर्व छात्र इस विश्वविद्यालय की वर्तमान बदहाल परिस्थितियों से दुखी व व्यथित हैं।

करनाल से आए शीशपाल राणा ने कहा कि इस विश्वविख्यात विश्वविद्यालय में अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रतिभाएं देश को दी हैं, जो विश्वभर में देश के गौरव को बढ़ा रही हैं। चूंकि, हम यहां के पूर्व छात्र रहे हैं, इसलिए हमारी भावनाएं, आस्था व निष्ठा यहां से दिलीरूप से जुड़ी हुई हैं। इस ज्ञापन के माध्यम से हम आपसे अपेक्षा करते हैं कि आप इस अति संवेदनशील हरियाणा हितैषी मामले में स्वयं हस्तक्षेप करते हुए हरियाणा की हिस्सेदारी बहाल कराने की अनुकंपा करें।

ज्ञापन में कहा गया है कि इस विश्वविद्यालय की स्थापना देश विभाजन से पूर्व 14 अक्टूबर 1882 को लाहौर में हुई थी व वर्ष 1956 को इसे पंजाब-हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ स्थानांतरित किया गया था। इसके बाद 1 नवंबर 1966 को संयुक्त पंजाब से हरियाणा राज्य अलग होने के बाद भी हरियाणा के समस्त विश्वविद्यालय व क्षेत्रीय कार्यालय अर्से तक इसी विश्वविद्यालय से संबद्ध रहे हैं। धन का अभाव होने के चलते इस अति प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय की रैंकिग में लगातार गिरवाट हो रही है। जब से पंजाब विश्वविद्यालय में हरियाणा प्रदेश की हिस्सेदारी खत्म हुई है, तब से विश्वविद्यालय अपनी गरिमा खोता जा रहा है। पूर्व की सरकारों द्वारा सकारात्मक रवैया न अपनाने के चलते आज स्थिति यह है कि हरियाणा के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को यहां दाखिला तक नहीं मिल पाता है। कई सरकारें आईं, लेकिन उन्होंने इस मसले पर अपनी जिम्मेदारी का औपचारिक मात्र ही निर्वहन किया।



### हरियाणा देता था विश्वविद्यालय को अनुदान

**कहा** गया कि हरियाणा सरकार द्वारा जब से विश्वविद्यालय को अनुदान देना बंद हुआ है, तब से विश्वविद्यालय की माली हालात लगातार खस्ता होती जा रही है, जिसका सीधा प्रभाव यहां शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों की प्रतिभा व भविष्य पर पड़ रहा है। धन की कमी के कारण यहां की व्यवस्थाएं इस कदर चरमराई हुई हैं कि सिटी ब्यूटीफुल, चंडीगढ़ की शान में चार चांद लगाने वाले इस विश्वविद्यालय के भवन भी खंडरहाल होते जा रहे हैं। इस विश्वविद्यालय ने देश को प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज, सर छोटू राम समेत असंख्य राजनेता, अधिकारी व न्यायाधीश दिए हैं। देश की आजादी में भी इस विश्वविद्यालय का अतुलनीय योगदान रहा है। यहां से शिक्षा ग्रहण कर निकले छात्रों ने देशभर में आजादी की अलख जगाई और देशविरोधी ताकतों से लोहा लिया।

**हरियाणा विधानसभा में हो चुका प्रस्ताव पास :** हरियाणा विधानसभा के पटल पर भी पंजाब विश्वविद्यालय में हरियाणा की हिस्सेदारी बहाल करने का मामला रखा गया था, जिसे विधानसभा के सदस्यगणों द्वारा सर्वसहमति से पास कर दिया गया था। इस विश्वविद्यालय में हरियाणा की हिस्सेदारी पूर्व की दर से बहाल होते ही प्रदेश के दर्जनों महाविद्यालय व क्षेत्रीय केंद्र इससे संबद्ध हो जाएंगे, जिसका सीधा फायदा हजारों विद्यार्थियों को मिलेगा।

हमें अपेक्षा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि हरियाणा हित में सरकार आर्थिक व प्रशासनिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए पंजाब विश्वविद्यायल में हरियाणा का हिस्सा पूर्व की दर से बहाल कराएगी।

इस मौके पर पूर्व पंजाब विश्विद्यालय चंडीगढ़ के पूर्व छात्र रविंद्र श्योराण, राहुल मोहन, रोहित शर्मा, नीरज शर्मा, हिम्मत सिंह, शीशपाल राणा, चांद सिंह मदान और विकास दूहन मौजूद रहे।

## संपत्ति विरुद्ध अपराधों में वांछित 107 अपराधियों को किया गिरफ्तार: एसपी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। पुलिस** महानिदेशक प्रशांत कुमार अग्रवाल के निदेर्शानुसार जिला करनाल सहित पूरे प्रदेश में अपहरण, लूट, डकैती, छीनाझपटी, फिरौती व चोरी इत्यादि विभिन्न प्रकार के संपत्ति विरुद्ध अपराधों में संलिप्त दोषियों व आपराधिक गिरोहों का पदार्फाश करने व उनकी धरपकड़ करने के लिए जिला पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के कुशल मार्गदर्शन में कार्य करते हुए जिला पुलिस की टीमों द्वारा अपहरण, लूटपाट, डकैती, छीनाझपटी, फिरौती, चोरी, वाहन चोरी, पशु चोरी व अन्य संपत्ति विरुद्ध अपराधो पर अंकुश लगाने तथा दर्ज मामलों के वांछित आरोपियों पर कडी कार्यवाही करते हुए अभियान के दौरान 1 मई से 31 मई तक 107 अपराधियों को पकडकर उनके कब्जा से 41 लाख 33 हजार 300 रुपये की कीमत की संम्पति बरामद की गई है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान चोरी का माल खरीदने वाले सात अपराधियों को पकडकर उसके कब्जे से एक लाख दो हजार रुपये कीमत की सम्पति बरामद की गई है। साथ ही चार अवैध पिस्तौल, एक कारतूस व एक चाकू भी बरामद किया गया।

## 'साइबर वित्तीय अपराध होने पर नंबर 1930 पर करें शिकायत'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाईन वित्तीय धोखाधड़ी होने की स्थिति में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिर्पोटिंग पोर्टल द्वारा शिकायत करने के लिये हैल्पलाईन नम्बर 1930 जारी किया हुआ है और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिर्पोटिंग पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट साइबरक्राईम डॉट जीओवी डॉट इन भी बनाया हुआ है। साइबर अपराध रिर्पोटिंग पोर्टल व हैल्पलाईन नम्बर 1930 की जानकारी के अभाव में साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्ति समय से इस हैल्पलाईन नम्बर या पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज नहीं करा पाता, जिसके कारण व्यक्ति की गई हुई रकम की वापस आने की



संभावना काफी कम हो जाती है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने जानकारी देते हुए लोगों को हैल्पलाईन नम्बर 1930 व साइबर अपराध रिर्पोटिंग पोर्टल के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि जिस

**8 राष्ट्रीय साइबर अपराध रिर्पोटिंग पोर्टल द्वारा शिकायत करने के लिये हैल्पलाईन नम्बर 1930 जारी किया**

व्यक्ति के साथ वित्तीय साइबर अपराध हुआ है, वह व्यक्ति उपरोक्त हैल्पलाईन नम्बर पर तुरंत शिकायत करके उन रूपयों को फ्रीज करवा सकता है और कुछ औपचारिकताएं पूरी करने उपरांत अपने रूपयों को वापिस पा सकता है। उन्होंने बताया कि यह प्लैटफॉर्म कैसे काम करता है और कैसे आपके गए हुए पैसे वापिस आते हैं। रिर्पोटिंग व प्रारम्भिक कार्यवाही-उन्होंने बताया कि सबसे पहले साइबर वित्तीय अपराध होने की स्थिती में शिकायतकर्ता को हैल्पलाईन नम्बर 1930 पर कॉल करनी होगी। यह फोन कॉल नियुक्त किये गये एक पुलिस अधिकारी द्वारा रिसीव की जाएगी और वह अधिकारी शिकायतकर्ता से लेन-देन से संबंधित कुछ जरूरी विवरण मांगेगा। इसके बाद एक टोकन नम्बर जनरेट होगा और लाभार्थी/अपराधी के बैंक खाते, पैमेंट वॉलेट या मरचेंट का पता लगाने व गई हुई राशि को रोकने के लिये एक डिजिटल अलर्ट भेजा जाएगा। एसपी ने बताया कि ट्रैल और फ्रीज-जैसे ही डिजिटल अलर्ट बजता है, सिस्टम द्वारा धोखाधडी वाले धन के प्रवाह को रोक/फ्रीज कर दिया जाता है।

## चलती डबल डेकर बस में लगी आग, टायर फटने से निकली चिंगारी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिले के दहा गांव के नजदीक एक डबल डेकर बस में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। इसका पता चलते ही बस ड्राइवर ने समझदारी दिखाते हुए सभी सवारियों को खिड़कियों से बाहर निकाला। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की दो गाडि?ां मौके पर पहुंची। आग बुझाने तक बस जलकर राख हो चुकी थी। घटना की सूचना के बाद मधुबन पुलिस मौके पर पहुंच

**8 बस में सवार यात्री दर्शन सिंह ने बताया कि वे जम्मू के रहने वाले हैं। इस बस में दिल्ली से जम्मू जा रहे थे**

गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह बस दिल्ली से जम्मू की तरफ जा रही थी। हादसा टायर फटने के कारण हुआ। टायर फटने से चिंगारी उठी और उन चिंगारियों से बस में आग लग गई। सुरक्षित निकाले गए यात्री दूसरी बस से अपने घरों के लिए रवाना हो गए। जिस बस में आग लगी, उसमें करीब 35 सवारियां बैठी हुई थी। जैसे ही बस में आग लगी तो सवारियों में अफरा-तफरी मच गई। ये देखकर ड्राइवर ने तुरंत बस रोकी। इसके बाद खिड़कियों के रास्ते सवारियों को बाहर निकाला गया। हालांकि इस दौरान यात्री अपना सामान नहीं उठा सके। कई यात्रियों के बैग भी बस के भीतर ही जलकर राख हो गए। बस में सवार यात्री दर्शन सिंह ने बताया कि वे जम्मू के रहने वाले हैं। इस बस में दिल्ली से जम्मू जा रहे थे। सुबह करीब 3 बजे बस में आग लगी।

## महिला ने पति से अनबन के बाद की आत्महत्या

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिले के** गांव नगला फार्म में महिला ने संदिग्ध हालात में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला की पति के साथ कोई अनबन हुई थी। घटना के वक्त पति बाथरुम में गया हुआ था। आत्महत्या की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया।

मृतक महिला ममता रानी के पति जोगिंदर ने बताया है कि वह दिव्यांग है। उसके पेट में दिक्कत है। ऐसे में उसे बाथरुम में काफी टाइम लग जाता है। उसने कहा कि वह बाथरुम से बाहर निकला और अपने कमरे की तरफ बढ़ा तो दरवाजा अंदर से बंद था।

## छीना झपटी की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन गिरफ्तार



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा-एक की टीम द्वारा हथियारों के बल पर लूट व छीनाझपटी की वारदातों को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं।

पुलिस टीम द्वारा गत दिवस तीन आरोपियों सुनील कुमार पुत्र अतर सिंह मीणा वासी द्वारका सेक्टर-18 दिल्ली, हरिओम उर्फ राजू उर्फ विक्की उर्फ राजेश पुत्र प्रेमराज वासी नंदग्राम जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश व रिशु गलहोत्रा पुत्र जगतराम गलहोत्रा वासी ओम विहार उत्तर नगर नई दिल्ली को विश्वसनीय सूचना पर सेक्टर-4 करनाल के एरिया ग्रीन बेल्ट से गिरफ्तार किया गया।

**8 आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं**

आरोपियों से पूछताछ व अन्य साक्ष्यों के आधार पर की गई जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी नशा करने, अय्यासी करने के आदी हैं और जल्दी ज्यादा पैसे कमाने के लालच में लूट, डकैती, स्नैचिंग व चोरी जैसी गंभीर वारदातों को अंजाम देते हैं। इन वारदातों को मास्टर माइंड आरोपी हरिओम है। हरिओम करनाल में अलग-अलग जगह पर बारदाने की सिलाई का काम करता है और सदर बाजार के एरिया में किराए के कमरे में रहता है। पुलिस के अनुसार आरोपी पहले बृजमोहन सिंगला की दुकान पर भी बारदाने सिलाई का काम करता था।

## बकाया सम्पत्ति कर के एकमुश्त भुगतान पर पाएं 30 प्रतिशत छूट

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** नगर निगम में सम्पत्ति कर बकायादारों के लिए ब्याज में छूट का लाभ दिया जा रहा है। समस्त बकाया टैक्स को आगामी 31 जुलाई तक एकमुश्त जमा करवाने पर 30 प्रतिशत ब्याज में छूट मिल रही है। नागरिकों को इसका फायदा उठाना चाहिए। दूसरी ओर सम्पत्ति कर के चालू बिलों पर भी 10 प्रतिशत की छूट पहले से ही चल रही है, नागरिक इसका भी लाभ उठा सकते हैं। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सम्पत्ति कर जमा करवाने के लिए नगर निगम के नागरिक सुविधा केन्द्र में कई काउंटर बनाए गए हैं, कोई



भी नागरिक इन खिड़कियों पर आकर टैक्स जमा करवा सकता है। टोकन की सुविधा भी दी गई है। किसी को भी अपनी बारी के लिए लम्बी इंतजार करने की जरूरत नहीं है। यदि कोई नागरिक सम्पत्ति कर को ऑनलाईन भरना चाहता हैं, तो वह पोर्टल पर अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. दर्ज करने के बाद, मेक माई पेमेंट ऑप्शन पर जाकर ऑनलाईन पेमेंट कर सकते हैं।

यह बहुत ही आसान है। सम्पत्ति में नाम बदलवाने पर फीस का झंझट खत्म- निगमायुक्त ने बताया कि सम्पत्ति में नाम बदलवाने के लिए रजिस्ट्री के तीन महीने तक निःशुल्क सुविधा दी जाती थी। एक साल हो जाने पर 1 हजार रुपये, दो साल हो जाने पर 2 हजार, तीन साल हो जाने पर 3 हजार और पांच साल या उससे अधिक समय हो जाने पर 5 हजार रुपये का शुल्क लगता था। सरकार की ओर से इस पर भी छूट दी गई है, लेकिन यह सुविधा 30 जून 2023 तक रहेगी।

सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत हो रहे काम-

उन्होंने बताया कि सम्पत्ति कर से सम्बंधित त्रुटियों को दूर करने के लिए नागरिकों द्वारा जो ऑब्जेक्शन डाले जा रहे हैं, उनका आर.टी.एस. के तहत समाधान किया जा रहा है।

## बदमाश महिला का पर्स छीनकर हुए फरार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सेक्टर-6 स्थित टैगोर स्कूल के बाहर बाइक सवार दो बदमाश महिला का पर्स छीनकर फरार हो गए। पर्स में 22 हजार रुपए कैश, मोबाइल, सोने की बालियां व करीब डेढ़ तोले की सोने की चेन थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। पुलिस ने आसपास लगे सीसी टीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए हैं, लेकिन अब तक आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई है। शिव कॉलोनी निवासी वीना ने बताया कि वह अपने बेटे के साथ अपनी पोती के स्कूल में पेरेंट्स मीटिंग के लिए गाड़ी में आई थी। स्कूल में मीटिंग के बाद जब वह बाहर निकले और गाड़ी की तरफ बढ़े तो पीछे से एक काले रंग की बुलेट पर दो बदमाश आए। पहले उन्होंने गाड़ी हटाने के लिए हॉर्न बजाया। जब बेटा गाड़ी में बैठकर गाड़ी को साइड करने लगा तो आरोपी मौके का फायदा उठाकर महिला के हाथ से पर्स छीन कर फरार हो गए। जैसे ही बदमाशों ने हाथ से पर्स छीना तो महिला जोर-जोर से चिल्लाई। इस पर लोगों ने बाइक सवार बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन बदमाश भागने मे कामयाब हो गए। पीड़ित महिला ने बताया कि उसके बेटों को ऑफिस जाना था और रास्ते में ही मिस्त्री को पैसे भी देने थे।

## बाहरवीं के टॉपर्स को मिलेगा स्टूडेंट प्राइड अवार्ड

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** कानन इंटरनेशनल द्वारा एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से स्टूडेंट प्राइड अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर एक बैठक का आयोजन कानन इंटरनेशनल के करनाल निदेशक राकेश सचदेवा की अध्यक्षता में हुआ।

राकेश सचदेवा ने मीटिंग को सम्बोधित करते हुए कहा कि कानन इंटरनेशनल द्वारा एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से रविवार 18 जून को डॉ. मंगलसेन सभागार में स्टूडेंट प्राइड अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें फिल्म जगत के विख्यात




अभिनेता किरण कुमार मुख्य सेलेब्रिटी गेस्ट के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर करनाल व सभी कस्बों के वर्ष 2023 के बाहरवीं कक्षा के रिजल्ट के टॉपर्स विद्यार्थियों, जिन्होंने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें स्टूडेंट प्राइड अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बाहरवीं के मेधावी विद्यार्थियों को कानन इंटरनेशनल की तरफ से विभिन्न प्रकार की स्कॉलरशिप भी दी जाएगी। इस अवसर पर मेधावी छात्रों के प्रिंसिपल एवं शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बाहरवीं के मेधावी विद्यार्थी स्टूडेंट प्राइड अवार्ड के लिए अपनी मार्कशीट के साथ नॉमिनेशन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कानन समय-

**8 बैठक का आयोजन कानन इंटरनेशनल के करनाल निदेशक राकेश सचदेवा की अध्यक्षता में हुआ**

समय पर शिक्षकों एवं मेधावी छात्रों का सम्मान करता हैं। कानन द्वारा स्टडी अब्रॉड अवेयरनेस सेमिनारों का आयोजन भी किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल चीफ नरेंद्र अरोड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से दलेर सिंह, विनय कुमार, संदीप, भारती शर्मा, समृत कौर, कृतिका पंडित एवं हरजोत सिंह मौजूद रहे।

## संपादकीय

# कट्टरपंथियों के दुश्मन थे वीर शिवाजी

**भारत** के वीर सपूतों में से एक श्रीमंत छत्रपति शिवाजी महाराज को सभी जानते हैं। बहुत से लोग उन्हें हिन्दू हृदय सम्राट कहते हैं तो कुछ लोग मराठा गौरव। जबकि उन्हें भारतीय गणराज्य का सबसे बड़ा महानायक कहा जाए तो गलत नहीं होगा। छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 में एक हिन्दू परिवार में हुआ। कुछ लोग 1627 में उनका जन्म बताते हैं। उनका पूरा नाम शिवाजी भोंसले था। पिता शाहजी और माता जीजाबाई के पुत्र थे वीर शिवाजी महाराज। उनका जन्म स्थान पुणे के पास स्थित शिवनेरी का दुर्ग है। राष्ट्र को विदेशी, कट्टरपंथी और आततायी राज्य-सत्ता से स्वाधीन करा कर सारे भारत में एक सार्वभौम स्वतंत्र शासन स्थापित करने का एक सफल प्रयत्न स्वतंत्रता के अनन्य पुजारी वीर प्रवर शिवाजी महाराज ने किया था। इसी प्रकार उन्हें एक अग्रगण्य वीर एवं अमर स्वतंत्रता-सेनानी स्वीकार किया जाता है। महाराणा प्रताप की तरह वीर शिवाजी राष्ट्रीयता के जीवंत प्रतीक एवं परिचायक हैं। कुछ नासमझ शिवाजी पर मुस्लिम विरोधी होने का दोषारोपण करते रहे हैं, पर यह सत्य इसलिए नहीं क्योंकि उनकी सेना में तो अनेक मुस्लिम सेनानी थे ही, अनेक मुस्लिम सरदार और सूबेदार भी थे। वास्तव में शिवाजी का सारा संघर्ष उस कट्टरता और उद्दंडता के विरुद्ध था, जिसे औरंगजेब जैसे शासकों और उसकी छत्रछाया में पलने वाले लोगों ने अपना रखा था।

1674 की ग्रीष्म ऋतु में शिवाजी ने धूमधाम से सिंहासन पर बैठकर स्वतंत्र प्रभुसत्ता की नींव रखी। दबी-कुचली हिन्दू जनता को उन्होंने भयमुक्त किया। हालांकि ईसाई और मुस्लिम शासक बल प्रयोग के जरिए बहुसंख्य जनता पर अपना मत थोपते, अतिरिक्त कर लेते थे, जबकि शिवाजी के शासन में इन दोनों संप्रदायों के आराधना स्थलों की रक्षा ही नहीं की गई बल्कि धर्मान्तरित हो चुके मुसलमानों और ईसाइयों के लिए भयमुक्त माहौल भी तैयार किया। शिवाजी ने अपने आठ मंत्रियों की परिषद के जरिए छह वर्ष तक शासन किया। उनके प्रशासन तंत्र में कई मुसलमान भी शामिल थे। शिवाजी वो राजा थे जो सभी धर्मों का सम्मान करते थे। उन्होंने अपने प्रशासन में मानवीय नीतियाँ अपनाई, जो किसी धर्म पर आधारित नहीं थी। स्वयं शिवाजी के दादा मालोजीराव भोसले ने सूफी संत शाह शरीफ के सम्मान में अपने बेटों को नाम शाहजी और शरीफजी रखा था। उनकी थलसेना और जलसेना में सैनिकों की नियुक्ति के लिए धर्म कोई मानदंड नहीं था और इनमें एक तिहाई मुस्लिम सैनिक थे। उनकी नौसेना की कमान सिद्दी संबल के हाथों में थी और सिद्दी मुसलमान उनकी नौसेना में बड़ी संख्या में थे। जब शिवाजी आगरा के किले में नजरबंद थे तब कैद से निकल भागने में जिन दो व्यक्तियों ने उनकी मदद की थी उनमें से एक मुसलमान था, उनका नाम मदारी मेहतर था। उनके गुप्तचर मामलों के सचिव मौलाना हैदर अली थे और उनके तोपखाने की कमान इब्राहिम खान के हाथों में थी। शिवाजी सभी धर्मों का सम्मान करते थे और उन्होंने हजरत बाबा याकूत थोरवाले को ताउम्र पेंशन देने का आदेश दिया था तो फादर एंब्रोज की भी उस वक्त मदद की जब गुजरात स्थित उनके चर्च पर आक्रमण हुआ था। शिवाजी ने अपनी राजधानी रायगढ़ में अपने महल के ठीक सामने मुस्लिम श्रद्धालुओं के लिए पूजास्थल का ठीक उसी तरह निर्माण करवाया था जिस तरह से उन्होंने अपनी पूजा के लिए जगदीश्वर मंदिर बनवाया था।

# यूपीएससी परीक्षा में हिंदी ने लहराया परचम



सुनील कुमार महला

"जानकारी देना चाहूंगा कि संविधान की आठवीं अनुसूची में क्रमशः असमिया, उड़िया, उर्दू, कन्नड़, कश्मीरी,कोंकणी, गुजराती,डोगरी, तमिल, तेलगू, नेपाली, पंजाबी, बांग्ला,बोडो, मणिपुरी, मराठी, मलयालम, मैथिली,संथाली, संस्कृत व सिंधी को शामिल किया गया है। देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ अंग्रेजी पूरे देश पर हावी होती जा रही है। हिन्दी देश की राजभाषा होने के बावजूद आज हर जगह अंग्रेजी का वर्चस्व कायम है। हिन्दी जानते हुए भी लोग हिन्दी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकने लगे हैं। यहां यह भी बताता चलूं कि राजभाषा हिंदी के विकास के लिए खासतौर से राजभाषा विभाग का गठन किया गया है। भारत सरकार का राजभाषा विभाग इस दिशा में प्रयासरत है कि केंद्र सरकार के अधीन कार्यालयों में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में हो"

**हाल** ही में यूपीएससी यानी कि संघ लोक सेवा आयोग के इतिहास में हिंदी मीडियम के सर्वश्रेष्ठ नतीजे आए हैं। यह दर्शाता है कि हिंदी लगातार आगे बढ़ रही है। कुल मिलाकर हम यह बात कह सकते हैं कि हिंदी की धमक अपने पूरे परवान पर है और अब यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में भी हिंदी अपना परचम लहरा रही है। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि इस बार यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा के नतीजे अपने आप में काफी खास और विश्व हैं। इसकी वजह यह है कि 2022 बैच में हिंदी माध्यम से 54 उम्मीदवार सफल हुए हैं, जो कि बहुत बड़ी बात इसलिए है, क्यों कि अब तक यह समझा जाता था कि यूपीएससी जैसी परीक्षाओं में अंग्रेजी भाषा का अधिक महत्व है, अब हिंदी ने यह साबित कर दिया है कि भाषा कोई भी हो,कभी कोई भी भाषा कमजोर नहीं होती है और सभी भाषाओं का अपना अपना अलग अलग महत्व व महत्ता है। जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में यूपीएससी का जो परिणाम आया है,यूपीएससी के इतिहास में हिंदी का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बताता चलूं कि पिछले साल आए 2021 बैच के रिजल्ट में हिंदी के 24 उम्मीदवार सफल हुए थे और इस बार यह आंकड़ा 54 के आंकड़े को छू गया है, यानी कि पिछली बार की तुलना में इस बार दुगने से अधिक कैंडिडेट हिंदी के साथ सफल हुए हैं, यह हिंदी का बहुत ही शानदार व अच्छा प्रदर्शन कहा जा सकता है। दूसरे शब्दों में हम यह बात भी कह सकते हैं कि अब हिंदी का ग्राफ लगातार सुधर रहा है। इस बार टॉप-100 में 66वीं, 85वीं व 89वीं रैंक पर तीन उम्मीदवारों ने सफलता हासिल की है। यह भी बताता चलूं कि हिन्दी माध्यम की टॉपर 66वीं रैंक हासिल करने वाली कृतिका मिश्रा कानपुर की रहने वाली हैं तथा दिव्या तंवर ने इस बार परीक्षा में 105वीं रैंक हासिल की है। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि 2021 बैच में भी दिव्या ने 438वीं रैंक हासिल की थी और तब वह सबसे कम उम्र (महज 22 साल) की आईपीएस चुनी गई थीं। अब वह आईएएस हो गई हैं। इन नतीजों में सबसे खास बात यह है कि 54 उम्मीदवारों में से 29 उम्मीदवारों ने वैकल्पिक विषय के रूप में हिंदी साहित्य लेकर यह कामयाबी हासिल की है। दो छात्रों ने गणित विषय लेकर हिंदी माध्यम से सफलता हासिल की, जिनमें से एक ने




120वीं रैंक हासिल की है। बहरहाल, हिंदी को आज यदि हम विश्व भाषा कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, क्यों कि आज के समय में हिंदी के बोलने, समझने वालों की संख्या विश्व में तीसरी है। कितनी बड़ी बात है कि विश्व के 132 देशों में जा बसे भारतीय मूल के लगभग 2 करोड़ लोग हिंदी माध्यम से ही अपना कार्य निष्पादित करते हैं। लेकिन विडंबना की बात तो यह है कि आज भी बहुत से लोग हिंदी की तुलना में अंग्रेजी भाषा को ही अधिक तवज्जो या महत्व देते हैं और वे समझते हैं कि आज अंग्रेजी भाषा के बिना काम नहीं चलाया जा सकता है। बहुत से लोग अंग्रेजी भाषा सीखने,बोलने को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ते हैं और वे यह सोचते हैं कि यदि वे हिंदी बोलेंगे, पढ़ेंगे, लिखेंगे या सुनेंगे तो उन्हें दूसरे लोग अधिक महत्व नहीं देंगे। जबकि ऐसा नहीं है। अंग्रेजी भाषा भी बुरी नहीं है, कोई भी भाषा कभी भी अच्छी या बुरी नहीं होती है,हम सभी को विश्व की अनेकानेक भाषाएं सीखने का प्रयास करना चाहिए लेकिन अपनी मां बोली, अपनी मातृभाषा को छोड़कर दूसरी भाषा को नहीं अपनाना चाहिए, क्यों कि यदि हम स्वयं ही अपनी भाषा को, भाषाओं को महत्व नहीं देंगे तो हमारी भाषा, भाषाएं आखिरकार कैसे पनपेगी ? सबसे पहले हमें अपनी भाषा को महत्व देना चाहिए, क्यों कि अपनी मां बोली, अपनी मातृभाषा में अभिव्यक्ति हमेशा सहज,सरल व सुबोध होती है। कोई भी व्यक्ति जितनी सहज अभिव्यक्ति अपनी मातृभाषा, अपनी मां बोली में दे सकता है, उतनी सहजता, सरलता से वह दूसरी भाषा में अपनी अभिव्यक्ति कभी भी नहीं दे सकता है। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि एशियाई संस्कृति में अपनी विशिष्ट भूमिका के कारण हिंदी एशियाई भाषाओं से अधिक एशिया की प्रतिनिधि भाषा है।एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, हमारी संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। यह भारत की एकता व अखंडता की प्रतीक है।बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। हिंदी की शब्दावली वैज्ञानिक है और यह हमारे पारम्?परिक ज्ञान, प्राचीन सभ्?यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। हिंदी भारत संघ की राजभाषा( आफिशियल लेंग्वेज) होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है। संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल अन्य इक्कीस भाषाओं के साथ हिंदी का एक विशेष स्थान है।

जानकारी देना चाहूंगा कि संविधान की आठवीं अनुसूची में क्रमशः असमिया, उड़िया, उर्दू, कन्नड़, कश्मीरी,कोंकणी, गुजराती,डोगरी, तमिल, तेलगू, नेपाली, पंजाबी, बांग्ला,बोडो, मणिपुरी, मराठी, मलयालम, मैथिली,संथाली, संस्कृत व सिंधी को शामिल किया गया है। देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ अंग्रेजी पूरे देश पर हावी होती जा रही है। हिन्दी देश की राजभाषा होने के बावजूद आज हर जगह अंग्रेजी का वर्चस्व कायम है। हिन्दी जानते हुए भी लोग हिन्दी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकने लगे हैं। यहां यह भी बताता चलूं कि राजभाषा हिंदी के विकास के लिए खासतौर से राजभाषा विभाग का गठन किया गया है। भारत सरकार का राजभाषा विभाग इस दिशा में प्रयासरत है कि केंद्र सरकार के अधीन कार्यालयों में अधिक से अधिक कार्य हिंदी में हो। इसी कड़ी में राजभाषा विभाग द्वारा प्रत्?येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया जाता है। 14 सितंबर, 1949 का दिन स्वतंत्र भारत के इतिहास में बहुत महत्त्वपूर्ण है। इसी दिन संविधान सभा ने हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इस निर्णय को महत्व देने के लिए और हिन्दी के उपयोग को प्रचलित करने के लिए साल 1953 के उपरांत हर साल 14 सितंबर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है। बहरहाल, आज प्रतिस्पर्धा का जमाना है और आज के समय की स्थिति यह कि छात्र हिंदी के प्रति गर्व का अनुभव तो करते हैं लेकिन उसे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा का माध्यम बनाने से डर रहे हैं, वे सोचते हैं कि यदि वे हिंदी को अपना माध्यम चुनेंगे तो वे अन्य छात्रों की तुलना में पिछड़ जायेंगे, क्यों कि आज आम आदमी की यह सोच बन चुकी है कि सिर्फ और सिर्फ अंग्रेजी को अपनाकर ही आगे बढ़ा जा सकता है, लेकिन यह ठीक नहीं है। दरअसल, हमारे देश में आज भी हम मैकाले की शिक्षा पद्धति पर ही चल रहे हैं और अंग्रेजी भाषा से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।सच तो यह है कि कहीं ना कहीं हम आज भी लार्ड मैकाले की शिक्षा प्रणाली को ही ढो रहे हैं। हम अपनी मातृभाषा की जड़ों से नहीं जुड़ पा रहे हैं। यह विडंबना ही है कि आज दुनिया के सर्वोच्च विश्वविद्यालयों में भी हमारे किसी विश्वविद्यालय का नाम नहीं है। शिक्षा को लेकर हमारा अतीत गौरवशाली रहा है, नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालयों में केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते रहे हैं। शिक्षा और ज्ञान हमारे देश की पहचान रही है, हमारी भाषा, हमारी संस्कृति भी हमारी पहचान है और हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि हमें इसी के बल पर पुनः भारत को विश्वगुरु के सिंहासन पर विराजमान करना है। आज हमारे छात्रों के भीतर भाषा को लेकर

## कविता

हुए सफल अब भगीरथी जी,
विष्णुपदी तैयार।
किन्तु कौन रोके प्रवाह को, धरती सहे न भार।
कृपा हुई अब महादेव की, लिए जटा में रोक।
खुशी मिली सागर वंशज को, दूर हुआ सब शोक।
जेठ शुक्ल की तिथि दशमी थी, पड़ा दशहरा नाम।
चली हिमालय से माँ गंगा, बनी नदी शुभ धाम।
भगीरथी वे आगे-आगे, पीछे गंगा मात,
चली उछलती देवनदी अब, भू की है सौगात।।
अति पावन गंगा का जल है, मोक्ष दिलाती नीर।
साधु-संत की तप: स्थली है, दूर करे सब पीर।
सत्य,पुण्य का है प्रमाण यह, लेते हैं जब हाथ।
बहुत कृपा विधि हुई आपकी, गंगा जल का साथ।।

पुष्पा पाण्डेय

## सामाजिक ताने-बाने के साथ खेलती सोशल मीडिया

**डॉ प्रियंका सौरभ**

**हाल** के दिनों में सोशल मीडिया जनमत को प्रभावित करने और समाज में चल रहे प्रचलित विमर्श को प्रभावित करने का एक शक्तिशाली साधन बन गया है। कम कीमत, व्यापक पहुंच, आसान पहुंच और स्मार्टफोन की उपलब्धता के कारण सोशल मीडिया इतना शक्तिशाली बनकर उभरा है। सोशल मीडिया ने एक दोधारी तलवार की तरह काम किया है जहां इसने एक तरफ लोकतांत्रिक भागीदारी के रास्ते को चौड़ा किया है, लेकिन इसने समाज में नफरत और हिंसा के प्रसार के बारे में चिंताओं को जन्म दिया है। सोशल मीडिया आज हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है तथा अपनी भूमिका निभाते हुए यह समाज और व्यक्तियों पर अत्यधिक प्रभाव डालता है। 21वीं सदी की पीढ़ी के लिये यह जीवन जीने का एक नया तरीका बन गया है। तो एक समय था जब लोग एक-दूसरे से व्यक्तिगत रूप से मिलते और बात करते थे और एक-दूसरे को पत्र लिखते थे। लोग अपना ज्यादातर समय परिवार के सदस्यों के साथ बिताते थे और लोग उनके रिश्ते को भी महत्व देते थे इसलिए पहले की पीढ़ियों के साथ यही स्थिति थी। लेकिन आज सब कुछ बदल गया है लोग अपना अधिकांश समय सोशल मीडिया पर बिताते हैं और अब आप अपने जीवन में मिलने वाले लोगों से दूर रहकर भी आसानी से जुड़े रह सकते हैं और आप उनके जीवन के बारे में भी अपडेट प्राप्त कर सकते हैं और जान सकते हैं कि वे क्या हैं वे जीवन में क्या कर रहे हैं और इस तरह सोशल मीडिया ने समाज के पूरे ढांचे को बदल दिया है। हम सब जानते हैं कि दिन-रात में चौबीस घंटे होते हैं, और यही घंटे हर इंसान के लिए होते हैं। इन्हीं घंटों का इस्तेमाल हर व्यक्ति करता है। फर्क बस इतना है कि इन घंटों का सही इस्तेमाल करने वालों के पास नतीजे कुछ और निकलते हैं और जो इन घंटों का इस्तेमाल ठीक से नहीं कर पाते उनके लिए भविष्य में परिणाम सुख देने वाला नहीं होता। अब आप सोच रहे होंगे कि इंटरनेट के विकास और समय के इस हिसाब का आपस में क्या संबंध है। तो इसे ऐसे समझिए कि जिस इंटरनेट के जरिए हम समय बचाने का दंभ भरते हैं, वही इंटरनेट आपके जीवन के समय का बहुत बड़ा हिस्सा ले रहा है। अब यहीं पर यह समझना जरूरी है कि जो समय आप इंटरनेट पर बिता रहे हैं, उसमें से कितना समय आप सही इस्तेमाल कर रहे हैं। पिछले एक दशक में भारत के गांवों में इंटरनेट का इस्तेमाल सबसे ज्यादा बढ़ा है। ऐसा नहीं कि यह इस्तेमाल पूरी तरह से खराब और गलत है, लेकिन यह समझना जरूरी है कि उसका किस हद तक इस्तेमाल आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। सोशल मीडिया ने उत्पीड़ित, हाशिए पर पड़े लोगों को आवाज देकर और व्यापक दर्शकों के साथ उनके दृष्टिकोण को साझा करके सार्वजनिक स्थान का लोकतंत्रीकरण किया है।

## विचार

# सस्ता व सुलभ साधन है साइकिल

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**3 जून** 2018 को विश्व में पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाने लगा है। इस बार हम छठवां विश्व साइकिल दिवस मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी। दो सौ साल पहले 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बना था और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुकोआ शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। इसकी अधिकतम रफ्तार 64 किलोमीटर प्रति घंटा है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने इसे कंप्रेस्ड हवा से चलने वाली दुनिया में सबसे तेज साइकिल का सर्टिफिकेट दिया है। भारत की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक

भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे ताकतवर और किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था। आज भी पोस्टमैन साइकिल से चिठ्ठियां बांटते हैं। चीन के बाद आज भी भारत दुनिया में सबसे ज्यादा साइकिल बनाने वाला देश है। बच्चे सबसे पहले साइकिल चलाना ही सीखते है। इसलिये बचपन में हम सभी ने साइकिल चलाई है। पहले के जमाने में जिसके पास साइकिल होती थी वह बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाता था। गांव के लोग जब कभी शहरों में जाते थे। तब लोगों को साइकिल चलाते हुए देखते थे और फिर वे खुद भी धीरे-धीरे साइकिल चलाना सीख जाते थे। पहले शहरों में किराए पर भी साइकिले मिलती थी। देश की युवा पीढ़ी को अब साइकिल के बजाय मोटरसाइकिल ज्यादा अच्छी लगने लगी है। शहरों में मोटरसाइकिल का शौक बढ़ रहा था। गांवों में भी इस मामले में बदलाव की शुरूआत हो चुकी थी। इसके बावजूद भारत में साइकिल की अहमियत खत्म नहीं हुई है। 1990 के बाद से साइकिलों की बिक्री में बढ़ोतरी आई है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में इसकी बिक्री में गिरावट आई है। दरअसल 1990 से पहले जो भूमिका साइकिल की थी। उसकी जगह गांवों में मोटरसाइकिल ने ले ली है। इसके उपरांत भी साइकिल आज भी हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। देश में लॉकडाउन के दौरान दूसरे प्रदेशों में कमाने गए लाखों लोग साइकिल पर 1000-1500 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने घर पहुंचे थे। संकट के समय साइकिल ही उनके घर पहुंचने का एकमात्र साधन बनी थी। लॉकडाउन के दौरान लाखों लोगों के घर पहुंचने का सबसे उपयोगी साधन बनने से लोगों को यह बात अच्छी तरह समझ में आ गयी की साइकिल आज भी आम लोगों का सबसे सस्ता व सुलभ साधन है। अब तो विभिन्न प्रकार के फीचर से लैस गियर वाली कीमती साइकिले बाजार में आ गई है। पहले लोगों के पास सामान्य साइकिले ही हुआ करती थी। जिनके पीछे एक कैरियर लगा रहता था। जिस पर व्यक्ति अपना सामान रख लेता था व जरूरत पड़ने पर दूसरे व्यक्ति को बैठा लेता था। कई बार तो साइकिल सवार आगे लगे डंडे पर भी अपने साथी को बिठाकर 3-3 लोग साइकिल पर सवारी करते थे। साइकिल से वातावरण में किसी तरह का प्रदूषण नहीं होता था। पेट्रोल डलवाने का झंझट भी नहीं था। साइकिल उठाई पैडल मारे और पहुंच गए अगले स्थान पर। पहले के जमाने में साइकिल के आगे एक छोटी सी लाइट भी लगी रहती थी। जिसका डायनुमा पीछे के टायर से जुड़ा रहता था।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## इतिहास झांकू

# समोसे का भारत में इतिहास

**भीष्म कुकरेती**

**मुझे** नहीं पता आज देहरादून में समोसा संस्कृति कितनी जिंदा है पर यह पता है कि समोसा भारत में नहीं जन्मे। पर हम जब भारत की कल्पना करते हैं तो हमें आज का भारत ही याद आता है। कभी भारत बहुत बड़ा क्षेत्र था। कहा जाता है कि समोसे का जन्म मिडल ईस्ट में हुआ। बात में दम है समोसे में नमक कम है व मैदा से बनता है। क्योंकि अमूनन आम भारतीय आज भी मैदे से दूर रहता है केवल विशेष पकवान छोड़कर। कहा जाता है कि ईरान में यह पकवान 9 या 10 सदी में सम्बुसक , या सम्बोसाग के नाम से जानता जाता है। ईरानी साहित्य में संबोसग , संबोसाग , सम्बुसक का सबसे पहले संदर्भ 10 वीं सदी में मिलता है। ईरानी इतिहासकार की किताब 'तारीख -ए - बेयहागी ' ( दसवीं सदी ) में मिलता है। और माना जाता है कि घुमन्तु व्यापारियों ने इस तिकोने मीठे भोज्य पदार्थ को दुनिया के अन्य कोनों में पंहुचाया। भारत में समोसा शायद 12 वीं या 13 वीं में व्यापारी या खानसामों द्वारा भारत में आय व सुल्तान के रसोई के शान बन गया। मोरोका यात्री इब्न बटाटा ने अपनी यात्रा वृत्तांत में लिखा है कि सुलतान बिन तुगलक के शाही भोजन गृह में उसे तिकोने सम्बुसक भोजन में दिए गए जिसके अंदर मस्यट , मटर , पिस्ता , बादाम व अन्य स्वादिस्ट पदार्थ भरे थे। तेरवीं सदी में महान सूफी विद्वान अमीर खुसरो ने लिखा है कि समोसा भद्र लोग खाते थे। मटन , मसालों व अन्य पदार्थों से समोसा बनता था।अमीर खुसरों ने एक पहेली भी दी - समोसा क्यों नहीं खाया ? जूता क्यों नहीं पहना ? ताला न था। (जूते के सोल ताला कहा जाता है )अकबर के रत्न अबुल फजल ने 'आइना -ए -अकबरी में लिखा है कि बादशाह अकबर को समोसे पसंद थे। ब्रिटिश या यूरोपियन लोगों को भी समोसा गया तो उन्होंने भी समोसे को गले नहीं लगाया अपितु गले में उतार दिया। समोसों में क्षेत्रीय भेद स्वतंत्रता के पश्चात भारत में सर्वत्र समोसा संस्कृति प्रसार में सिंधी व पंजाबियों का योगदान है। अपनी भूमि से निर्वासियत हुए पंजाबियों ने होटल ही नहीं सड़कों में रेडिओ द्वारा भी समोसा संस्कृति का प्रसार किया। अब तो समोसा अंतर्राष्ट्रीय ख्याति पा चूका है भारत में प्रांतीय व क्षेत्रीय स्वाद अनुसार कई प्रकार के समोसे उपलब्ध हैं। समोसा के मुख्य प्रकार - दो तरह स वर्गीकरण हो सकता है - १- आटे के अनुसार विभाजन जैसे मैदा के समोसे , बाजरे के समोसे , नाचनी -बेसन के समोसे , निखालिश गेंहू के आटे का समोसा आदि आदि।

## नई बीमारी

**डॉ. सुरेश कुमार**

**डायबिटीज** के ज्यादातर सामान्य लक्षण हैं थकान, जलन, तनाव, थकान, बार-बार पेशाब आना और सिरदर्द जिसमें ताकत और स्टैमिना कम होना, वजन कम होना, भूख का बढ़ना आदि। जबकि डायवर्टिज में ऊटपटांग बातें करना, महंगाई का नाम लेते ही गोमूत्र पीने को कहना, विकास के नाम पर शहरों के नाम बदल देना, गिरते रुपए की बात उठे तो हनुमान चालीसा पढ़वा देना, जहाँ दाल न गल रही हो वहाँ सीबीआई को भेज देना, कोई देश के कर्ज के बारे में बात करे तो उसे देशद्रोही घोषित कर देना आदि इसके लक्षण हैं। ड़ायबिटीज में ब्लड शुगर लेवल दो प्रकार के होते हैं- फास्टिंग ब्लड शुगर लेवल और पोस्टप्रैंडियल ब्लड शुगर लेवल। आम तौर पर इसे रात भर के उपवास के बाद मापते हैं। डायवर्टिज में खून ह्यमापनेह्न की जगह ह्यबहानेह्न पर विश्वास किया जाता है। बहने वाला खून कितने काम का है इसकी जाँच चुनाव में पड़ने वाले वोटों से की जाती है। गौरतलब है कि खून बहाने वाले डायवर्टिज प्रेरक अपने खून को इन खूनों से दूर रखते हैं। इनके लिए अपना खून, खून और गैरों का पानी होता है। डायबिटीज गंभीर स्वास्थ्य परिणामों का कारण बनता है और यह शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को भी प्रभावित करता है। रक्त में अत्यधिक ग्लूकोज गुर्दे, रक्त वाहिकाओं, त्वचा को नुकसान पहुँचाता है जिसके परिणामस्वरूप हृदय, त्वचा और अन्य रोग होते हैं। इससे किडनी को नुकसान पहुंचता है, जिसके परिणामस्वरूप शरीर में अशुद्धियों का संचय होता है। डायवर्टिज बीमारी दलाल समाचार पत्रों, चैनलों और व्यापारियों के भड़काऊ शर्करा के कारण होती है। यह बीमारी किसी एक को न होकर पूरे समाज को होती है। ऊपर से मीठी बात करना, भीतर से आग लगाना और समाज के सारे अंग खराब कर विद्वेषों का संचार करना इस बीमारी के सामान्य लक्षण हैं। डायबिटीज में दिल की बीमारी हो सकती है, जबकि डायवर्टिज में सर्वांग बीमारी होती है। आदमी डायबिटीज के साथ तो रह सकता है, लेकिन डायवर्टिज के साथ कतई नहीं। आजकल डायवर्टिज महामारी का रूप धारण कर चुकी है। डॉक्टरों का कहना है कि सभी अपने-अपने घरों की खुदाई कर पूर्व जाँच कर लें।

# 'खोजी पत्रकारिता से पत्रकार को अलग पहचान मिलती है'

## हिंदी पत्रकारिता की वर्तमान स्थिति पर की गई समीक्षात्मक विस्तृत चर्चा, क्लब प्रधान योगेश सूद के आह्वान पर पत्रकारों ने एकजुटता का लिया संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मीडिया** प्रेस क्लब के तत्वावधान में मीडिया सेंटर में हिंदी पत्रकारिता दिवस का सफल आयोजन करते हुए पत्रकारों के मध्य से निकले जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी (डीआईपीआरओ) बिजेंद्र कुमार को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही क्लब के प्रधान योगेश सूद व महासचिव संजीव कौशिक के आह्वान पर पत्रकार साथियों ने एकजुटता का संकल्प भी लिया।
मीडिया प्रेस क्लब सोनीपत ने हिंदी पत्रकारिता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार को आमंत्रित किया गया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान योगेश सूद ने की। इस दौरान



हिंदी पत्रकारिता की स्थिति विषय पर विस्तार से चर्चा की गई।
डीआईपीआरओ बिजेंद्र कुमार ने विषय को विस्तार प्रदान करते हुए हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। साथ ही उन्होंने हरियाणा सरकार द्वारा पत्रकारों के हित में लागू की गई योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी।
इनसे पहले क्लब के वरिष्ठद सदस्य

> 8 साथ ही पाठक को भी बहुत कुछ जानने का अवसर मिलता है। पत्रकारों को समय के साथ चलने की भी आवश्यकता है

पवन बंसल व संजय मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि हमें खोजी पत्रकारिता को मजबूती देनी चाहिए। खोजी पत्रकारिता से पत्रकार को अलग पहचान मिलती है। साथ ही पाठक को भी बहुत कुछ जानने का अवसर मिलता है। पत्रकारों को समय के साथ चलने की भी आवश्यकता है, जिसके लिए नवीनतम तकनीकों को भी अपनाने की जरूरत है। इससे पत्रकार को खासी मदद मिलती है।
क्लब के प्रधान योगेश सूद ने विषय पर विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि हिंदी पत्रकारिता की स्थिति में काफी अंतर आया है। हिंदी पत्रकारिता को मजबूती देने की आवश्यकता है। इसके लिए पत्रकारों को एकजुट प्रयास करने होंगे। उन्होंने विशेष रूप से संगठन की मजबूती पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि हर स्थिति में पत्रकारों को एकजुट रहते हुए ही आगे बढना चाहिए। क्लब के महासचिव संजीव कौशिक ने हिंदी पत्रकारिता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि मीडिया प्रेस क्लब अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी व कर्मठता के साथ करता रहेगा।
पत्रकारिता व पत्रकारों के हित में क्लब सदैव समर्पित रहा है और रहेगा। इस अवसर पर नवीन कौशिक, संजीव, मुरली तिवारी आदि मौजूद थे।

# तंबाकू निषेध दिवस पर पोस्टर मेकिंग व प्रस्ताव लेखन प्रतियोगिता आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**कल्पना** चावला राजकीय महिला बहुतकनिकी के एनसीसी यूनिट द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग व प्रस्ताव लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्थान की 45 छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और अपने विचारों को पोस्टर और प्रस्ताव लेखन के माध्यम से सबके समक्ष रखा। इस अवसर पर सरला, डॉ अश्वनी भारद्वाज व रिया चौधरी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में मानसी, मिष्ठी, प्रियंका व सिमरन ने प्रथम स्थान, सिमरन, कृष्णा, नित्या जैन व पल्लवी ने द्वितीय स्थान व सिमरन, राजविंदर, मंजू व अंकिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संस्थान की प्राचार्या डॉ विंदु आनंद ने संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू और उससे बने पदार्थ आज असंख्य बीमारियों का कारण बने हुए हैं।
हमे इन सभी बुरी आदतों से दूर रहने के लिए खुद को और अपने आस पास रहने वाले लोगों को प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर छात्राओं ने तंबाकू उत्पादों का सेवन ना करने की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन डॉ ऊषा, डॉ सारिका व एनसीसी एएनओ लॉरेल पसरीचा की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने में एनसीसी कैडेट्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## न्यूज फ्लैश

### गुरुकुल कुरुक्षेत्र में प्रान्तीय आर्यवीर शिविर का भव्य शुभारम्भ, 800 आर्यवीर पहुंचे




**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** युवाओं के कंधों पर देश को उन्नति के शिखर पर ले जाने की बड़ी जिम्मेदारी है इसलिए युवाओं को अपने कर्त्तव्य को समझते हुए कुरीतियों से बचकर स्वयं को राष्ट्र निर्माण के लिए आहूत करने का प्रण लेना चाहिए। उक्त शब्द आज गुरुकुल कुरुक्षेत्र में प्रान्तीय आर्यवीर दल शिविर के शुभारम्भ पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान राधाकृष्ण आर्य ने कहे। उन्होंने कहा कि आर्य वीर दल युवाओं के जीवन निर्माण की वह पाठशाला है जहां पर उन्हें न केवल नैतिक शिक्षा बल्कि आत्मिक और सामाजिक उन्नति हेतु तैयार किया जाता है, ऐसे में अधिक से अधिक युवाओं को आर्य वीर दल के शिविरों में आकर प्रशिक्षण लेना चाहिए। इस अवसर पर गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, मुख्य संरक्षक संजीव आर्य, मनीराम आर्य, जयपाल आर्य, विशाल आर्य, जसविन्द्र आर्य सहित सभा के अंतरंग सदस्य राममेहर आर्य, आर्य समाज पूण्डरी के प्रधान अनिल आर्य सहित अनेक व्यायाम शिक्षक मौजूद रहे। मंच का सफल संचालन शिविर संयोजक संजीव आर्य ने किया। शिविर में कैथल, कुरुक्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से 800 से अधिक युवा भाग ले रहे हैं।
सभा प्रधान राधाकृष्ण आर्य ने कहा कि वे स्वयं भी आर्यवीर दल के शिविरों में भाग लेते रहे हैं और संगठन के विभिन्न पदों पर रहते हुए आर्य समाज के सिद्धान्तों और ऋषि दयानन्द के अमर संदेश का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति चिंता का विषय है। सही मार्गदर्शन न मिल पाने के कारण युवा नशे की गिरफ्त में पड़कर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं, ऐसे में आर्य समाज ही इन युवाओं में नई चेतना का सूत्रपात कर सकता है। उन्होंने शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे सभी व्यायाम शिक्षकों और सहयोगियों को ओ३म का पटका भेंट कर सम्मानित किया। गुरुकुल के प्राचार्य ने आर्यवीरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिविर में अनुभवी शिक्षकों द्वारा जो प्रशिक्षण और बौद्धिक दिया जाए, उसे अपने जीवन में धारण करें। युवाओं को आर्य समाज से जुड़कर पुनः ऋषि परम्परा का अनुसरण करना चाहिए तभी हमारा देश पुनः सोने की चिड़िया बनेगा।

### चाइल्ड लाइन की टीम ने 5 बच्चे छुड़वाए

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू करवाने के लिए आज अंबाला में चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा पुलिस के सहयोग से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान दुकानों पर छोटे बच्चे काम करते मिले। जिन्हें चाइल्ड लाइन व पुलिस ने रेस्क्यू करवाया। टीम ने 5 बच्चों को रेस्क्यू करवा उन्हें दुकानदारों के कब्जे से मुक्त करवाया। अब बच्चों के परिजनों को बुलवाया जाएगा और आगामी कार्रवाई की जाएगी। चाईल्ड लाइन का कहना है। रेस्क्यू ऑपरेशन की शुरूआत की गई है। पूरा महीना ऑपरेशन चला कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस ने इस मामले आगामी कार्रवाई की बात कही है।

### सांसद कौशिक कल मेगा जॉब मेले का करेंगे शुभारंभ

**सोनीपत:** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में 3 जून को क्यूज कॉर्प लि. के सहयोग से मेगा जॉब मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसका शुभारंभ सुबह 10:00 बजे बतौर मुख्य अतिथि सांसद रमेश कौशिक करेंगे। यह जानकारी सांसद के निजी सहायक मनोज कौशिक ने दी। उन्होंने कहा कि क्यूज कंपनी में काम करने का बेहतरीन माहौल है, जहां युवाओं के भविष्य निर्माण को नई दिशा मिलेगी। कंपनी के माध्यम से युवाओं के कैंपस इंटरव्यू लिए जाएंगे और नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 10वीं तथा 12वीं, आईटीआई डिप्लोमा होल्डर और स्नातकीय छात्र-छात्राएं अपना पंजीकरण करवाकर जॉब मेले में हिस्सा ले सकते हैं। कुछ सीटों पर स्नातकोत्तर युवाओं की भर्ती भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी युवाओं को सर्विस इंजीनियर्स, सेल्ज एक्जीक्यूटिव्ज, कस्टमर सपोर्ट एक्जीक्यूटिव्ज, ऑप्रेशन एक्जीक्यूटिव्ज, एमआईएस एक्जीक्यूटिव्ज, कैशियर्स तथा वेयरहाऊस एसोसिएट्स और पैकर्ज इत्यादि पदों पर युवाओं का चयन किया जाएगा।

# विज की बदौलत अम्बाला छावनी में फुटबाल फिर से जीवंत हुई: कपिल विज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** समाज सेवी एवं भाजपा नेता कपिल विज ने कहा कि हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज की बदौलत ही अम्बाला छावनी में फुटबाल फिर से जीवंत हो सकी है। उन्होंने कहा वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में फीफा एप्रूव्ड फुटबाल स्टेडियम गृह मंत्री अनिल विज के अथह प्रयासों की वजह से बन रहा है।
कपिल विज जिला फुटबाल संघ अम्बाला द्वारा आयोजित



अंडर 14 व अंडर 17 जिलास्तरी फुटबाल प्रतियोगिता की ट्राफी के अनावरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि शास्त्री कालोनी परिवार रेजिडेंट सोसाइटी वार हीरोज स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता को आफिशियल तौर पर प्रायोजित कर रही है। सोसाइटी द्वारा प्रतियोगिता की विजेता और रनर अप ट्राफी के अलावा 64 खिलाड़ियों, आठ मैच रेफरी एवं अन्य के लिए स्मृति चिन्ह प्रायोजित कर उन्हें प्रोत्साहित कर रही है।
भाजपा नेता कपिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी पहले फुटबाल के नाम से जानी जाती थी, यहां की टीमों ने नामी टीमों को हराकर उन्हें धूल चटाई थी। मगर समय के साथ अम्बाला छावनी फुटबाल में अपन चमक खोता रहा लेकिन अब गृह मंत्री अनिल विज के प्रयासों से फुटबाल को अम्बाला छावनी में जीवंत किया जा रहा है।

# न्यायिक परिसर सोनीपत, गोहाना, खरखौदा में तीसरी लोक अदालत का होगा आयोजन: अशोक

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सीजेएम-सह-सचिव, डीएलएसए सोनीपत अशोक कुमार मान ने बताया कि 09 सितम्बर 2023 शनिवार को न्यायिक परिसर सोनीपत, गोहाना, गन्नौर व खरखौदा में तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 09 सितम्बर को आयोजित तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के केसों का पक्षकारों की आपसी सहमति से

> 8 तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के केसों का पक्षकारों की आपसी सहमति से मोके पर ही निपटान किया जाएगा

मोके पर ही निपटान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायिक परिसर सोनीपत, गोहाना, गन्नौर और खरखौदा में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्री लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिन व्यक्तियो के केस न्यायालय में लम्बित है वे सम्बन्धित न्यायालय में जाकर अपने केस को प्री-लोक अदालत अथवा राष्ट्रीय लोक अदालत में लगवाकर केसों का निपटान करवाए।

# एडीआर सेंटर में मेडिएटर्स की एक बैठक का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के दिशा-निदेर्शानुसार एडीआर सेंटर में मेडिएटर्स की एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने की। सीजेएम नितिन राज ने सभी मेडिएटर्स को निर्देश दिए कि वो ज्यादा से ज्यादा केसों की सुलह करवाएं ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका फायदा मिल सके। इस मौके पर मेडिएटर हरमन खुब्बर, मंजू कौशिक, प्रदीप व राजबीर सिंह आदि उपस्थित थे।

# जल्द ही बकाया गऊचारे की अनुदान राशि का किया जाएगा आबंटन: राकेश मलिक

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
हरियाणा गौ सेवा आयोग के सदस्य राकेश मलिक ने बली ब्राह्मद्दणान स्थित श्रीकृष्ण भगवान गऊशाला द्वारा गौ सेवा आयोग हरियाणा को गऊचारे की ग्रांट के संबंध में दिए लिखित प्रार्थना पत्र पर श्रीकृष्ण भगवान गऊशाला का दौरा किया।
उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण भगवान गऊशाला द्वारा गौ सेवा आयोग को लिखित में पत्र लिखा गया था कि गौ सेवा आयोग हरियाणा द्वारा बली ब्राह्मद्दणान स्थित गऊशाला को 1560 गायों के हिसाब से 07 लाख 20 हजार 900 रुपए की अनुदान राशि आवंटित की गई है। जबकि गौशाला में गायों की संख्या



2403 है। जिस पर हरियाणा गौ सेवा आयोग के सदस्य राकेश मलिक ने गऊशाला का दौरा पाया कि गऊशाला में कुल गायें 2400 से अधिक है। इस दौरान उन्होनें गऊशाला के सदस्यों को आवश्वासन दिया कि जल्द ही बकाया गऊचारे की अनुदान राशि को गऊशाला को आवंटित कर दिया जाएगा। पशुपालन विभाग के एसडीओ रूपेंद्र गहल्याण, वेटनरी सर्जन जयनारायण, प्रधान प्रेम सिंह, सचिव हरि ओम, रामनिवास लाठ, धर्मबीर लाठ, जयदेव बली, जगन्नाथ बली, कैप्टन जिले सिंह, मेहर सिंह कटवाल व गौशाला अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# नारायणगढ़ में लगे गए तीन नए टयूबवैल

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
नारयाणगढ़ में पानी की अब पानी की किलत नहीं रहेगी। लोगों की सुविधाओं में ओर अधिक विस्तार करते हुए क्षेत्र में नए टयूबवैल लगाए जा रहे हैं। अनिल चैहान जन स्वास्थ्य एवम जल आपूर्ति विभाग के एक्स इ एन ने बताया कि नारयाणगढ़ क्षेत्र में पानी की आपूर्ति को और अधिक बढ़ाने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे है इसके चलते क्षेत्र में तीन नए टयूबवैल लगवाए जा रहे है। उन्होनें बताया कि लगभग 60 लाख रुपए की लागत से यह टयूबवैल लगाए जाएंगे। इससे पहले नारायणगढ़ में 25 टयूबवैल लोगों के घरों मे जल आपूर्ति कर रहे थे जिसमें से तीन टयूबवैल खराब हो गए।

# भाजपा नेता के बेटे की मौत: एसआईटी गठित होगी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने गांव मोहड़ी में भाजपा किसान मोर्चा के सचिव साहब सिंह मोहड़ी के बेटे परविंद्र सिंह की सड़क हादसे में मौत के मामले में एसआईटी गठित करने के निर्देश अम्बाला एसपी को दिए हैं। उन्होंने एसआईटी में क्राइम एक्सपर्ट एवं अन्य को भी शामिल करने के निर्देश दिए हैं।
गृह मंत्री अनिल विज गांव मोहड़ी में भाजपा नेता साहब सिंह मोहड़ी के निवास पर पहुंचे जहां उन्होंने घटना को लेकर परिवार से दुख जताया और परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने इस घटना की जानकारी और जाना कि साहब सिंह के बेटे



परविंद्र सिंह की किस तरह दुर्घटना में मृत्यु हुई। परिवार सदस्यों ने गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि हादसे में परविंद्र सिंह की गर्दन कटकर सीट पर जा गिरी थी।
इसपर गृह मंत्री अनिल विज ने हैरानी जताई और कहा कि ऐसा कैसे हो सकता है। उन्होंने मौके पर ही शहर सदर थाने के एसएचओ यशदीप सिंह से घटना के संबंध में जानकारी ली। गृह मंत्री अनिल विज ने एसएचओ से सवाल करते हुए पूछा कि घटना में परविंद्र सिंह गर्दन कैसे कट सकती है जबकि कार चालक साइड नहीं बल्कि ड्राइवर साइड से टकराई थी। हादसे के बाद परविंद्र सिंह के मोबाइल से कैसे डॉयल 112 नंबर डायल हुआ इस पर गृह मंत्री विज ने हैरानी जताई। उन्होंने कहा हादसे में कार सीट का हेड रेस्ट ठीक है तो फिर कैसे गर्दन कटी। उन्होंने ऐसे अन्य सवाल भी किए और घटना को लेकर संशय जताया।
गृह मंत्री विज ने मौके पर ही अम्बाला के एसपी जशनदीप सिंह रंधावा को फोन मिला और डीएसपी के नेतृत्व में एक एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घटना कैसे हुई इसकी पूरी छानबीन तथ्यों सहित होनी चाहिए।
गौरतलब है कि परविंद्र सिंह की गत दिनों गांव भानोखेड़ी के पास सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी।

# सड़क के पुनर्निर्माण का टेंडर अविलंब जारी करें निगम: जैन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मुख्यमंत्री** के पूर्व मीडिया सलाहकर एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजीव जैन ने नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर मांग की है कि स्थानीय निवासियों की परेशानियों को देखते हुए 15 दिन के भीतर राठधना रोड पर आईटीआई चौक से सिंचाई विभाग तक की सड़क के पुनर्निर्माण का टेंडर जारी करें। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के निवासी निगम की कार्यशैली से बेहद परेशान हैं। स्थानीय नागरिक एवं दुकानदार पहले से ही धरने प्रदर्शन एवं सड़क जाम करने की चेतावनी प्रशासन को दे चुके हैं। ऐसे में आईटीआई चौक से सिंचाई विभाग तक की सड़क के पुनर्निर्माण का टेंडर अगर जल्द जारी नहीं हुआ तो स्थानीय लोग मजबूरन सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे। इसके लिए नगर निगम के अधिकारी पूरी तरह से जिम्मेवार होंगे। राजीव जैन ने पत्र में लिखा है कि पहले तो इस बात का विवाद हल करने में 1 वर्ष लग गया कि सड़क के इस टुकड़े को लोक निर्माण विभाग के अधीन हरियाणा राज्य सड़क विकास निगम बनाएगा या नगर निगम। लंबी मशक्कत के बाद यह फैसला हुआ कि नगर निगम बनवायेगा, लेकिन 6 माह बाद भी निगम टेंडर जारी नहीं कर सका है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से जब भी बात किया जाता है तभी वे रटा रटाया जवाब देते हैं कि 6 करोड़ का स्टीमेट तैयार है, टेंडर हो जाएगा। भाजपा नेता ने लिखा है कि वर्षों से इस सड़क को दिल्ली नरेला बॉर्डर से



सोनीपत तक फोरलेन करने की मांग थी और इस मांग को पूरा करवाते हुए केंद्र से 110 करोड रुपए की राशि जारी करवा कर काम शुरू करवाया था। नरेला से सिंचाई विभाग कार्यालय तक तो सड़क निर्माण एवं ड्रैन नंबर 6 को ढकने का काम पूरा हो गया परंतु डेढ़ किलोमीटर के इस टुकड़े का निर्माण जी का जंजाल बन गया। राज्य सड़क विकास निगम ने यह कहकर मना कर दिया कि एक तो बजट खत्म हो गया और दूसरा निगम ने पानी व सीवर की लाइनें डालनी है, इसलिए वही इस कार्य को पूरा करें। राजीव जैन ने लिखा है कि शहर की बाकी सड़कों की मरम्मत का काम तो 25 करोड़ की लागत से शुरू हो जाएगा जिनके टेंडर भी हो चुके हैं। परंतु इस सड़क से क्या नागरिक ऐसे ही परेशान होते रहेंगे। उन्होंने लिखा कि 4 वर्षों में इस सड़क पर गड्ढों के कारण होने वाले दुर्घटनाओं में चोटिल हुए नागरिकों की संख्या हजारों में मिलेगी और दुकानदार और नागरिक सड़क की धूल खा खाकर बीमार अलग हो रहे हैं।

# लोगों ने मेयर निखिल का किया नागरिक अभिनंदन

## फाजिलपुर गांव से सेक्टर 12 गेटवे स्कूल की तरफ जाने वाली मुख्य गली और साथ लगती ब्रांच गलियों के सीसी से पक्का होने के बाद मेयर निखिल मदान का ग्रामवासियों ने जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
नगर निगम मेयर निखिल मदान वीरवार को वार्ड नं 6 के फाजिलपुर गांव में पहुंचे। इस इस मौके पर वार्ड 6 से पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण सैनी भी उनके साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम में मौजूद स्थानीय निवासी जय भगवान ने बताया कि 2 माह पूर्व मेयर निखिल मदान और पार्षद रेणु सैनी द्वारा फाजिलपुर गांव की मुख्य गली और ब्रांच गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया था। अब सभी गलियां सी सी से पक्की हो चुकी है। इसी उपलक्ष्य में आज ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से



कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमे मेयर निखिल मदान को बतौर मुख्यातिथि बुलाकर ग्रामवासियों ने उनका और पार्षद का आभार जताया है।
मेयर निखिल मदान ने बताया कि फाजिलपुर गांव से सेक्टर 12, गेटवे स्कूल की और जाने वाली मुख्य गली और ब्रांच गलियों का सी सी से निर्माण नगर निगम द्वारा 42.55 लाख की लागत से करवाया गया है। इसके अतिरिक्त सभी वार्डों में नागरिकों को पक्की गली, पेयजल और सीवरेज व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलें यही उनकी प्राथमिकता है। नगर निगम के अंतर्गत आने वाली शहर की सभी मुख्य सड़कों का भी निर्माण कार्य शुरू करवा दिया गया है। इस मौके पर दिनेश, पवन, मोनू , रामरति भारद्वाज, सरोज,शांति, राजपति, कमलेश, रणबीर, हवा सिंह, धर्मेंद्र, जय भगवान, सुरेश, सुरेंद्र, पुण्य राम, परशु राम, राजेश, जयभगवान राणा,अंजली,मुकेश,मूर्ति,निर्मला,शांति आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# केयू के प्रो. दिनेश कुमार बने डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार जियोफिजिक्स विभाग के प्रोफेसर दिनेश कुमार को तुरन्त प्रभाव से आगामी दो वर्षो के लिए डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट नियुक्त किया गया है।
यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के उप-निदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने दी। प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा



का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे इस महत्वपूर्ण जिम्मेवारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ करेंगे।

# खुलासा: साहिल की मर्डर लिस्ट में थे 5 नाम

## निशाने पर लड़की ही नहीं बल्कि, प्रवीण और दो-तीन अन्य युवक भी थे, उसने पांच लोगों के मर्डर की लिस्ट बना रखी थी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में नाबालिग लड़की की हत्या के आरोपी साहिल को पुलिस घटनास्थल पर लेकर गई। यहां क्राइम सीन को रिक्रिएट किया गया। पुलिस ने मौके पर साहिल से कुछ सवाल भी किए और केस की कड़ियों को जोड़ने की कोशिश की। दिल्ली पुलिस ने साहिल को गुरुवार को मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। जहां उसे 3 दिन की रिमांड पर भेज दिया है। सुरक्षा कारणों के चलते उसे मजिस्ट्रेट के घर ले जाया गया था। वहीं, मर्डर को लेकर यह दावा भी किया जा रहा कि साहिल तीन-चार दिन से हत्या की योजना बना रहा था। उसके निशाने पर लड़की ही नहीं बल्कि, प्रवीण और दो-तीन अन्य युवक भी थे। उसने पांच लोगों के मर्डर की लिस्ट बना रखी थी। रविवार 28 मई को इनमें से जो भी उसे मिलता, उसकी हत्या कर देता।

**साहिल की मेंटल हेल्थ का कराया जा सकता है टेस्ट:** रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस की टीम सुरक्षा कारणों की वजह से सुबह 4 बजे आरोपी को स्पॉट पर ले गई। साहिल से उस स्पॉट के बारे में पूछा गया, जहां उसने लड़की का इंतजार किया और फिर बेरहमी से हत्या की। केस से जुड़ा एक अन्य सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें नाबालिग वारदात से पहले जाते हुए नजर आई है। साहिल की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद पुलिस उसे कोर्ट में पेश करेगी। अगर इस दौरान वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद नहीं हुआ तो पुलिस रिमांड बढ़ाने की अपील कर सकती है। पुलिस ने बताया कि अगर जरूरत पड़ी तो आरोपी की मेंटल हेल्थ को जांचने के लिए टेस्ट भी कराया जा सकता है। पुलिस को दी शिकायत में लड़की के पिता ने बताया कि मेरी लड़की की पिछले करीब 1 साल से साहिल नाम के लड़के से दोस्ती थी। साहिल दिल्ली की बरवाला जैन कॉलोनी का रहने वाला है। पिता ने बताया- लड़की अक्सर हमारे सामने साहिल का जिक्र करती थी, लेकिन हम उसे समझाते थे कि बेटा अभी तू छोटी है, तेरी पढ़ने-लिखने की उम्र है। जब भी हम उसे समझाते थे तो वह हमसे नाराज होकर अपनी दोस्त नीतू के पास चली जाती थी। उन्होंने कहा कि बेटी पिछले 10 दिन से नीतू के पास थी। 28-29 मई की रात को जब मैं अपने घर पर मौजूद था, तब उसकी दोस्त नीतू ने आकर हमें बताया कि साहिल नाम के लड़के ने साक्षी को चाकू और पत्थरों से मार दिया है। साहिल ने घटना से एक दिन पहले भी साक्षी के साथ झगड़ा किया था। जब मैं नीतू के साथ बी ब्लॉक में शाहबाद डेयरी पर पहुंचा तो वहां पर मेरी बेटी मृत पड़ी हुई थी उसके सिर पर घाव थे। पुलिस ने एफआईआर में लिखा है कि शव को सरसरी तौर पर देखने पर उसके सिर पर गहरी चोट थी, जो मुंह के बल पड़ी हुई थी। उसको सीधा करने पर उसके पेट पर भी चोट के निशान थे। उसकी आंतें बाहर निकली हुई थीं। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया, पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपए की सहायता राशि देने के लिए फाइल को स्वीकृत कर माननीय उपराज्यपाल को भेज दिया है। हम उनके परिवार के साथ खड़े हैं। उनका हर संभव सहयोग करेंगे।

**साहिल एसी और फ्रिज मैकेनिक, पिता का नाम सरफराज:** साहिल के मकान मालिक ने बताया कि उसके पिता का नाम सरफराज है और वह 2 साल से अपने परिवार के साथ बरवाला की जैन कालोनी में रह रहा था। साहिल फ्रिज और एसी सुधारने का काम करता था।





### अक्सर ही माता-पिता से साहिल की बात करती थी साक्षी

**साक्षी** के पिता जनक राज (35) ने बताया कि वह अक्सर ही साहिल के बारे में बात करती थी और हम उसे यह समझाते थे कि इन सबके लिए अभी वह छोटी है। हालांकि वह इससे नाराज हो जाती थी और अपनी दोस्त नीतू के घर चली जाती थी। बीते तीन दिनों से साक्षी के पिता जिस साहिल को मीडिया के सामने पहचानने से इनकार कर रहे थे उन्होंने एफआईआर में कहा है कि, साक्षी बीते 10 दिनों से नीतू के घर रह रही थी। वारदात की रात नीतू हमारे घर दौड़ती हुई आई और उसने बताया कि साहिल ने साक्षी को चाकू से मारकर मौत के घाट उतार दिया है।

**साक्षी के नजरअंदाज करने पर सोची हत्या की बात:** बताया जा रहा है कि साहिल ने पुलिस पूछताछ में खुलासा किया है कि उसने साक्षी की हत्या करने की बात तब ठान ली जब साक्षी ने उससे बात करनी बंद कर दी। साहिल का आरोप है कि साक्षी अपने पूर्व प्रेमी से मिलने लगी थी, जिससे वह 4 साल पहले दोस्ती तोड़ चुकी थी। साहिल ने कबूला है कि उसे साक्षी के नजरअंदाजी से चिढ़ होने लगी थी। इसकी वजह से साक्षी की दोस्त भावना के प्रेमी अजय उर्फ झबरू ने भी साहिल को साक्षी से दूर रहने के लिए धमकाया था।

**झबरू कर सकता था मेरी हत्या:** साहिल आरोपी ने यह भी खुलासा किया था कि इलाके में रहने वाला दबंग युवक अजय उर्फ झबरू ने उसे साक्षी से दूर रहने की धमकी दी थी। उसे आशंका थी कि झबरू उसकी हत्या कर सकता है। इस आशंका को देखते हुए उसने साक्षी को ही रास्ते से हटाने की साजिश रची।

### साहिल-नाबालिग 3 साल से रिलेशनशिप में थे

रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि लड़की ने हाथ पर एक दूसरे लड़के के नाम का टैटू बनवाया था। वो पहले प्रवीण नाम के लड़के से रिलेशनशिप थी। दोनों का ब्रेकअप एक साल पहले हुआ। इसके बाद वह साहिल के साथ रिलेशनशिप में आई। कुछ समय पहले लड़की फिर से प्रवीण से बात करने लगी थी।

**दूसरे लड़के से बातचीत पर साहिल ने धमकी दी:** साहिल ने 4 दिन पहले लड़की को धमकी दी थी कि वो किसी लड़के से बात न करें, लेकिन वो नहीं मानी। बीते दिनों लड़की ने खिलौने वाले बंदूक से साहिल को डराया था। उसने पुलिस में शिकायत करने की चेतावनी दी थी।

### अभी छोटी हो पढ़ाई पर ध्यान दो...

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के शाहबाद में 28 मई की रात को हुए साक्षी हत्याकांड में एक बड़ा हुआ है। यह खुलासा पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर से हुआ है। जहां मीडिया में साक्षी के पिता शुरू से कह रहे थे कि वह साहिल को नहीं जानते या बेटी और साहिल की दोस्ती को नहीं जानते, वह बात अब गलत साबित हो रही है। साक्षी के पिता ने एफआईआर में कहा है कि उन्हें साक्षी और उसके दोस्त साहिल के बारे में पता था। यही नहीं उन्होंने साक्षी को कई बार चेताया था कि वह अभी छोटी है अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे, इन सब बातों से दूर रहे।

### सहेली को बताया मां-पापा ने मोबाइल छीन कमरे में बंद कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**साक्षी** हत्या मामले में पुलिस को सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम से एक अहम सुराग मिला है। यह सुराग साक्षी, साहिल और सहेली नीतू के बीच चैट के रूप में है। ये चैट छह मई की बताई जा रही है। जिसमें नीतू ने लिखा साक्षी कहां है तू, बात नहीं करेगी। इसमें साक्षी नीतू को बताती है कि उसके परिवार वालों ने मोबाइल छीन कर उसे घर में बंद कर दिया है। साथ ही साक्षी कहती है कि घरवालों ने फोन भी ले लिया है, मैं क्या करूं, भाग जाऊंगी। पूछताछ में आरोपी कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उसने बताया कि साक्षी की मौजूदगी में उसके दोस्तों के अश्लील मजाक किया था। इसके अलावा धमकी मिलने से आगबबूला साहिल ने हत्या की खौफनाक साजिश रची। उसने तय किया कि उसे साक्षी और उसके दोस्तों में से कोई मिल जाएगा। उसकी बेरहमी से हत्या कर देगा। उसने तय कर लिया था कि वह चाकू से जब तक वार करता रहेगा, जब तक मौत नहीं हो जाती। पुलिस पूछताछ में यह खुलासा साहिल ने किया है। बाहरी-उत्तरी जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि साहिल ने पूछताछ में बताया कि वह साक्षी को एक-डेढ़ वर्ष से जानता था। पिछले चार महीने से उसकी दोस्ती थी। वारदात वाले दिन 27 मई से एक दिन पहले साहिल को बाजार में साक्षी, उसकी सहेली और दोस्त अजय उर्फ झबरू से मिले। यहां पर अजय ने उसका अश्लील मजाक उड़ाया। साथ ही साक्षी से दूर रहने की धमकी दी थी। मजाक उड़ाने पर आरोपी आगबबूला हो गया था। मौके से जाने के बाद उसने नशा किया। इसके बाद उसने तय किया किया साक्षी, उसकी सहेली व अजय में जो भी मिल गया उसकी वह हत्या कर देगा। आरोपी को साक्षी अपने सहेली के घर जाते हुए मिल गई। साक्षी के दोस्तों ने भी शुरूआती पूछताछ में साहिल का मजाक उड़ाने की बात मानी है।



**करीब आने की कोशिश पर फोन पर धमकाने लगी साक्षी:** आरोपी ने यह भी बताया कि उसकी साक्षी से दूरियां बढ़ती जा रही थीं। वह उसके करीब आने की कोशिश कर रहा था, लेकिन साक्षी उसे फोन पर धमकाने लगी थी। उसके बाद उसने साक्षी को रास्ते से हटाने का फैसला कर लिया। घटना से पहले उसने शराब पी। पुलिस को आरोपी ने बताया कि साक्षी की उसने उसी जगह पर हत्या की, जहां झबरू ने उसे धमकी दी थी। जांच से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि मामले से जुड़े सभी साक्ष्यों को एकत्रित किया जा रहा है।

**पूर्व प्रेमी की री-एंट्री... फोन उठाना कर दिया था बंद:** शाहबाद डेयरी में साक्षी की निर्मम हत्या दोस्ती के दुश्मनी में तब्दील होने की कहानी है। साक्षी की तरफ से बातचीत बंद करने और पुराने दोस्त से नजदीकी बढ़ाने पर साहिल नाराज चल रहा था। उसने कई बार साक्षी का पीछा किया था। अब तक की पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया है कि साक्षी उसे दरकिनार कर दूसरे लड़के से बातचीत करने लगी थी। जिस युवक से साक्षी बातचीत कर रही थी, उससे साक्षी की पहले से दोस्ती थी।



भाजपा नेता कपिल, नुपूर शर्मा, अस्पताल में बीजेपी नेता तेजिंदर बग्गा का स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेते हुए।

# दिल्ली आबकारी घोटाले में आरोपित शरद चंद्र रेड्डी बने सरकारी गवाह

**अर्जी कबूल**

= शरद रेड्डी को सरकारी गवाह बनने के बाद माफी भी दे दी। शरद ने सरकारी गवाह बनने की अर्जी दाखिल की थी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के रा**ऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आरोपित शरद चंद्र रेड्डी की सरकारी गवाह बनने की अर्जी मंजूर कर ली है। कोर्ट ने शरद रेड्डी को सरकारी गवाह बनने के बाद माफी भी दे दी। शरद रेड्डी ने ईडी के मामले में सरकारी गवाह बनने की अर्जी दाखिल की थी। इसके पहले कोर्ट आबकारी घोटाले से जुड़े सीबीआई के मामले में दिनेश अरोड़ा को सरकारी गवाह बनने की अनुमति दे चुका है। अरोड़ा को भी कोर्ट ने सशर्त माफी दे दी है। ईडी ने आज कोर्ट को बताया कि मामले के सभी आरोपितों को चार्जशीट की कॉपी दी गई है। कोर्ट में मनीष सिसोदिया के वकील ने कोर्ट से शिकायत की कि पिछली बार पेशी के दौरान उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ। सिसोदिया की गर्दन पकड़कर पुलिस लेकर गई, जब वो मीडिया के सवालों के जवाब दे रहे थे। इस पर कोर्ट ने कहा कि वह सिसोदिया से पूछेंगे कि क्या पिछली पेशी पर उनके साथ कोई दुर्व्यवहार किया गया था।

# साकेत कोर्ट में श्रद्धा हत्याकांड का ट्रायल शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली की साकेत कोर्ट में श्रद्धा वालकर हत्याकांड का ट्रायल शुरू हो गया है। श्रद्धा वालकर की दिल्ली के एक फ्लैट में आफताब पूनावाला ने 35 टुकड़े कर हत्या कर दी थी। आरोपी आफताब के खिलाफ साकेत कोर्ट में कानून कार्यवाही शुरू हो चुकी है। श्रद्धा की हत्या 18 मई 2022 को उसके लिव इन पार्टनर आफताब अमीन पूनावाला ने कर दी थी। आफताब अपनी गर्लफ्रेंड श्रद्धा की हत्या के मामले में आरोपी है। जिसने उसके शरीर के 35 टुकड़े कर दिए थे। आफताब पर आरोप है कि उसने बॉडी के पार्ट्स को फ्रिज में रखा था और धीरे धीरे कर उन टुकड़ों को ठिकाने लगाता रहा। श्रद्धा वालकर ने आफताब के खिलाफ एक शिकायत भी दर्ज कराई थी कि वह उसके टुकड़े टुकड़े कर देगा। नवंबर 2020 में आफताब के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज की गई थी। ये शिकायत महाराष्ट्र के पालघर पुलिस स्टेशन में की गई थी। जानकारी के लिए बता दें कि वसई में श्रद्धा के एक पड़ोसी ने लेटर साझा किया था। जिसके साथ वह पुलिस स्टेशन गई थी। इससे पहले अप्रैल में दिल्ली की साकेत कोर्ट ने एक चैनल और अन्य चैनलों के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा दायर याचिका के जवाब में एक आदेश जारी किया था। याचिका में इन चैनलों को श्रद्धा हत्याकांड में डिजिटल साक्ष्य सहित चार्जशीट की सामग्री साझा करने से रोकने की मांग की गई थी।



# सिर्फ परिवारवालों और वकीलों से मिल सकेंगे मनीष सिसोदिया: कोर्ट

**आदेश**

= हिरासत में सिसोदिया को सिर्फ परिवार के सदस्यों और वकीलों से मिलने की इजाजत होगी। वह किसी बाहर के व्यक्ति से मुलाकात नहीं कर सकेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार की नई आबकारी नीति में कथित घोटाले का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामले में गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोर्ट को बताया कि सभी आरोपियों को आरोपपत्र की कापी दे दी गई है। इस पर कोर्ट ने कहा कि वह मनीष सिसोदिया से पूछेंगे की क्या पिछली पेशी पर उनके साथ बदतमीजी हुई थी?

**पेशी के दौरान भीड़ इकट्ठा होने पर कोर्ट ने जताई नाराजगी:** इसके अलावा सिसोदिया की पेशी के दौरान भीड़ इकट्ठा होने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि अगर मीडिया पर बैन लगाने की जरूरत होगी तो उस पर भी विचार करेंगे। हिरासत में सिसोदिया को सिर्फ परिवार के सदस्यों और वकीलों से मिलने की इजाजत होगी। वह किसी बाहर के व्यक्ति से मुलाकात नहीं कर सकेंगे। मामले की सुनवाई के दौरान सिसोदिया के वकील ने कहा कि मीडिया वालों ने सवाल किया था जिसका सिसोदिया जवाब दे रहे थे उस समय कोई भी आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता मौजूद नहीं था।

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हो सिसोदिया की पेशी:** सिसोदिया के वकील ने आगे कहा कि जानकारी के लिए कोर्ट में सीसीटीवी फुटेज भी मांगाकर देखा जाना चाहिए। इससे मामला साफ हो जाएगा। वहीं, दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में अर्जी लगाई है कि सिसोदिया को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया जाए, ताकि पिछली पेशी जैसे हालात न बने। मनीष सिसोदिया कोर्ट के बंदी गृह से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जुड़ें। इस पर सिसोदिया ने कोर्ट से कहा कि उनकी पेशी व्यक्तिगत हो, इससे उन्हें वकीलों से सलाह लेने का मौका मिल जाता है।

**19 जुलाई को होगी अगली सुनवाई:** ईडी मामले में अब मनीष सिसोदिया के अगली सुनवाई 19 जुलाई को होगी। कोर्ट ने साफ किया कि जब तक सिसोदिया की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये पेशी को लेकर दायर अर्जी पर फैसला नहीं आ जाता, तब तक वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये ही पेशी होगी, कोर्ट में व्यक्तिगत पेशी नहीं होगी।



### पूरक आरोपपत्र में नहीं सजंय सिंह का नाम

**सुनवाई** के दौरान न्यायाधीश ने नोट किया कि ईडी के पूरक आरोपपत्र में टाइपिंग की गलती की वजह से राहुल सिंह की जगह आप राज्यसभा सांसद सजंय सिंह के नाम का उल्लेख हो गया है।

कोर्ट ने कहा कि ये सिर्फ टाइपिंग की गलती है। ईडी के वकील ने साफ किया कि सजंय सिंह का नाम आरोपित की लिस्ट में शामिल नहीं है। बता दें कि करीब एक साल से सीबीआई और ईडी आबकारी घोटाले की जांच कर रही हैं। इस मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को आरोपी बनाया गया है। वह फिलहाल हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

# शेखावत मानहानि मामले में एवेन्यू कोर्ट में हुई सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के मानहानि मामले में दिल्ली के राउज एवन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के लिए अगली तारीख 6 जून तय की है। अगली सुनवाई पर बहस होगी कि क्या अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री रहते हुए कोर्ट समन जारी कर सकता है या नहीं। पिछली सुनवाई में दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में जांच रिपोर्ट सौंपी थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को तीन बिंदुओं पर जांच करने का निर्देश दिया था। इनमें क्या सीएम अशोक गहलोत ने शिकायतकर्ता गजेन्द्र सिंह शेखावत को 'आरोपी' कहकर संबोधित किया? क्या अशोक गहलोत ने कहा कि गजेंद्र सिंह शेखावत पर संजीवनी घोटाले में आरोप साबित हुआ? क्या संजीवनी घोटाले मामले में गजेन्द्र सिंह शेखावत या उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ जांच चल रही है या फिर 'आरोपी' हैं शामिल हैं।



# 'आप' के साथ नहीं जाएगी प्रदेश कांग्रेस

## अध्यादेश के मुद्दे पर समर्थन करने से किया इनकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अध्यादेश के** मुद्दे पर एक बार फिर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया पर बड़ा हमला किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और दावा किया कि वह अपनी सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच को रोकने के लिए प्रशासनिक सेवाओं पर अधिक शक्तियां मांग रहे हैं।

**संदीप दीक्षित ने अध्यादेश का किया समर्थन:** पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने कहा कि वह दिल्ली सरकार के खिलाफ केंद्र के अध्यादेश का समर्थन करते हैं। संदीप दीक्षित ने यह भी कहा कि केजरीवाल अच्छी तरह जानते हैं कि अगर उन्होंने सेवा विभाग पर नियंत्रण हासिल नहीं किया तो उन्हें कम से कम आठ से दस साल की जेल होगी। अजय माकन ने ट्वीट कर आरोप लगाया कि केजरीवाल के असली मकसद का पर्दाफाश हो गया है, क्योंकि उनका उद्देश्य सतर्कता विभाग पर नियंत्रण रखना और स्थापित शासन मानदंडों को चुनौती देना है।


**भ्रष्टाचार के मामलों से बचना चाहते है केजरीवाल:** अजय माकन ने आरोप में लिखा कि आबकारी घोटाला, मास्टर प्लान 2021 के नियमों का उल्लंघन करते हुए उनका 171 करोड़ का भव्य निवास, बिजली सब्सिडी घोटाला, बस खरीद घोटाला और अन्य घोटालों की जांच से उनकी सरकार के भीतर भ्रष्टाचार की परतें खुल जाएंगी।



# पार्किंसन बीमारी को कंट्रोल करने को मरीज के दिमाग में डाला पेसमेकर जैसा उपकरण

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली स्थित गंगा राम अस्पताल के डॉक्टरों ने पार्किंसन बीमारी से पीड़ित 51 वर्षीय महिला मरीज की डीप ब्रेन स्टिमुलेशन के लिए मस्तिष्क में पेसमेकर जैसा उपकरण लगाया। डॉक्टरों ने बगैर कोई बड़ा चीरा लगाए मस्तिष्क में दो छोटे छेद बनाकर इलेक्ट्रोड लगाए और इस उपकरण का बैटरी मरीज के छाती पर फिक्स किया।

**मरीज के मस्तिष्क के क्षतिग्रस्त हिस्से को दिया इलेक्ट्रिक करंट:** अस्पताल के डॉक्टरों ने एक माह पहले यह सर्जरी की थी। डॉक्टरों का कहना है कि सर्जरी के दौरान लगे उपकरण के जरिये मरीज के मस्तिष्क के क्षतिग्रस्त हिस्से को इलेक्ट्रिक करंट दिया गया, जिससे मस्तिष्क के क्षतिग्रस्त हिस्सा पहले से बेहतर काम करने लगा है। इससे मरीज की दवाएं कम हो गई हैं और वह अपना दैनिक कामकाज भी करने लगी हैं। इससे मरीज के जीवन की गुणवत्ता पहले से बेहतर हुई है।



**दिखने लगे थे दवाओं के दुष्प्रभाव:** न्यूरोसर्जरी विभाग के विशेषज्ञ डॉ. श्रेय जैन ने बताया कि गाजियाबाद की रहने वाली सुमित्रा देवी नामक यह महिला मरीज नौ वर्षों से पार्किंसन बीमारी से पीड़ित हैं। शुरूआत में कंपकंपी और चलने में दिक्कतें होती थीं। बाद में बीमारी बढ़ती चली गई। इलाज के लिए जो दवाएं चल रही थीं उससे दुष्प्रभाव भी शरीर पर होने लगा। स्थिति यह हो गई कि चलना तो दूर वह करवट भी बदल नहीं पाती थीं और न ही बिस्तर से उठ पाती थी। हाथ व पैरों को नियंत्रित नहीं कर पाती थीं। तब वह इलाज के लिए गंगाराम अस्पताल पहुंची, जहां न्यूरो सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने उन्हें डीप ब्रेन स्टिमुलेशन की सलाह दी। डॉ. श्रेय जैन ने कहा कि यह सर्जरी की नई तकनीक है। मस्तिष्क की कोशिकाएं क्षतिग्रस्त होने से पार्किंसन जैसी बीमारी होती है। मरीज को लोकल एनेस्थीसिया देकर मस्तिष्क में दो छोटे छेद बनाकर दो इलेक्ट्रोड और तार लगाया गया और उसे बैटरी से जोड़ा गया। इसके बाद मस्तिष्क में इलेक्ट्रिक करंट दिया गया।

**अनोखी सर्जरी**

= बीमारी बढ़ती चली गई। इलाज के लिए जो दवाएं चल रही थीं उससे दुष्प्रभाव भी शरीर पर होने लगा

**दोबारा वापस आ गई मरीज की बोलने की शक्ति:** इस दौरान मरीज की आंखों की गति व शरीर के अन्य हिस्सों की शक्ति पर नजर रखी जा रही थी। डॉक्टर मरीज से बात भी कर रहे थे।

ताकि इलेक्ट्रोड मस्तिष्क में सही जगह लगाना सुनिश्चित हो सके और मरीज के शरीर का कोई दूसरा हिस्सा प्रभावित न होने पाए। सर्जरी के दौरान एक समय मरीज ने बोलना बंद कर दिया था। ऐसी स्थिति में डॉक्टरों ने मस्तिष्क इलेक्ट्रोड की जगह को तुरंत बदला जिससे मरीज की बोलने की शक्ति दोबारा वापस आ गई। डॉ. श्रेय जैन ने बताया कि यह उपकरण पेसमेकर की तरह काम करता है और मस्तिष्क के क्षतिग्रस्त हिस्से में उत्तेजित उत्पन्न करता है। सर्जरी के दौरान मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड को सही जगह पर लगाना बहुत जरूरी होता है। यह उपकरण लगने के बाद मरीज के मरीज का स्वास्थ्य में काफी हद तक ठीक हो गया है। उसके हाथ पैर कांपने के लक्षणों में काफी सुधार हुआ है।

वह अब अब चलने लगी हैं। इस वजह से दैनिक कामकाज भी करने लगी हैं। यह बहुत दुर्लभ सर्जरी है। बहुत कम अस्पतालों में इसकी सुविधा है। गंगाराम अस्पताल में भी अभी तक सिर्फ तीन मरीजों को इस तरह की सर्जरी की गई है।

# क्षेत्र के विकास पर दे रही हूं ध्यान: चित्रा विद्यार्थी





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के वजीरपुर वार्ड के अन्तर्गत आने वाले अशोक विहार इलाके में निगम के अधिकारियों के साथ वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने दौरा किया और जनता की समस्याएं सुन उनकी समस्या का उचित समाधान किया। इस अवसर पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रही हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने आगे बताया कि आज मैंने अशोक विहार के कई ब्लॉकों में दौरा किया और जो भी जनता की समस्याएं थी उनको सुना और जल्द ही उनकी समस्या का समाधान किया जायेगा। ताकि जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े।

## बढ़ते प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग सक्रिय

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रदूषण** फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों पर नकेल कसने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के सभी राज्यों को कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने 40 निरीक्षण दलों का गठन किया है। यह उड़न दस्ते वायु प्रदूषण नियंत्रण कानूनों और वैधानिक निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। आयोग के मुताबिक अब तक 51 औद्योगिक इकाइयों को अस्वीकृत ईंधन का उपयोग करने के लिए बंद किया गया है, जिनमें से 8 कोयले का उपयोग करते पाए गए थे। वहीं, उचित सुधारात्मक उपायों और वायु प्रदूषण नियंत्रण मानदंडों के अनुपालन के बाद 201 इकाइयों एवं संस्थाओं को फिर से शुरू करने के आदेश जारी किए गए हैं। इस वर्ष जनवरी से मई के दौरान इन उड़न दस्तों ने एनसीआर भर में विभिन्न स्थलों पर 2,901 औचक निरीक्षण किया गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नियमों का उल्लंघन करने वाली 147 इकाइयों के विरुद्ध कार्रवाई की गई और उन्हें बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। इनमें दिल्ली में 05; हरियाणा में 61, उत्तर प्रदेश में 60, और राजस्थान में 21 इकाई शामिल हैं। दिल्ली के अतिरिक्त अन्य राज्यों में बंद की गई ये औद्योगिक इकाइंया दिल्ली की सीमा से सटे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आती थीं।

## त्यागराज स्टेडियम में पर्यावरण सम्मलेन का होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सचिवालय में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण सम्मेलन की तैयारियों को लेकर पर्यावरण और वन विभाग के अधिकारियो के साथ संयुक्त बैठक की गई। बैठक के बाद पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया की दिल्ली में बढ़ रहे प्रदूषण के खिलाफ सरकार निरंतर कार्य कर रही है। ऐसे में इस वर्ष पर्यावरण दिवस के मौके पर त्यागराज स्टेडियम में पर्यावरण सम्मलेन को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान दिल्ली के लगभग 2000 ईको क्लब्स के बच्चे और अध्यापक मौजूद रहेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री



अरविन्द केजरीवाल इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान मौजूदा बच्चो को पर्यावरण से सम्बंधित जागरूकता के लिए फीचर फिल्म, नुक्कड़ नाटक आदि दिखाई जाएंगी। साथ ही आई लव यमुना अभियान के दौरान आयोजित स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को मौके पर पुरूस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया की इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए सभी को यह संकल्प लेना है की ना तो प्रदूषण करेंगे और ना ही किसी को करने देंगे क्योकि जनसहभागिता से ही पर्यावरण को बेहतर और प्रदूषण मुक्त बनाने का रोडमैप बनेगा। दिल्ली सरकार दिल्ली के नागरिकों के साथ मिलकर इस अभियान को जन अभियान की तरह चलाएगी। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली के अंदर प्रदूषण एक बड़ी चुनौती के रूप में हर समय मौजूद रहता है। हमारी सरकार बनने के बाद सीएम श्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली के प्रदूषण स्तर को कम करने के लिए लगातार काम किए हैं। उन तमाम उपायों के परिणाम स्वरूप दिल्ली में पीएम 10 और पीएम 2.5 की मौजूदगी में लगातार गिरावट दर्ज की गई है।

## दयानन्द वत्स ने केके की पुण्य तिथि पर श्रद्धा सुमन किये अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री दयानंद वत्स ने संघ के मुख्यालय बरवाला में सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक के.के के की प्रथम पुण्यतिथि पर उन्हें उनके करोड़ों प्रशंसकों की और से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि मात्र 53 वर्ष की उम्र में ही अपने गाए गीतों से लोकप्रिय हूए के.के के सारे गीत एक से बढकर एक हैं।
संगीतकार विशाल भारद्वाज ने उन्हें अपनी फिल्म माचिस में ब्रेक दिया था। माचिस में उनका गाया गीत 'छोड आए हम वो गलियां' खासा लोकप्रिय हुआ।



जहांगीरपुरी वार्ड में कार्यालय पर लोगों की समस्याओं को सुनते हुए आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा व अन्य।

## संत दर्शन सिंह जी महाराज आध्यात्मिक ज्योति के मार्गदर्शक: सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**महान** सूफी-संत शायर दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज (14 सिंतबर, 1921-30 मई, 1989) के 34वें बरसी भंडारे का कार्यक्रम सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के पावन सान्निध्य में कृपाल बाग, दिल्ली में आयोजित किया गया। संत दर्शन सिंह जी महाराज ने प्रभु के दिव्य-प्रेम, दया और अपनी जिंदगी के जीते-जागते उदाहरण के द्वारा लाखों लोगों को अध्यात्म और ध्यान-अभ्यास के मार्ग पर चलाया।
इस अवसर पर हजारों की संख्या में उपस्थित भाई-बहनों को संबोधित करते हुए संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि, संत दर्शन सिंह महाराज ने हम सभी के लिए रूहानियत का मार्ग खोल दिया।

## राज्य निदेशक ने मोहित कुमार को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तरी** दिल्ली के अलीपुर स्थित नेहरु युवा केन्द्र संगठन दिल्ली राज्य कार्यालय द्वारा शैक्षिक प्रशिक्षण देने एवं अन्य क्षेत्रों में सराहनीय कार्यों के लिए श्याम सुंदर जोशी, राज्य निदेशक दिल्ली राज्य द्वारा मोहित कुमार को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।
इस अवसर पर राजेश कुमार जादौन उपनिदेशक मध्य दिल्ली, डॉ अतुल कुमार पाण्डेय, उपनिदेशक क्षेत्रीय कार्यालय एवं अन्य जिलों के जिला युवा अधिकारी उपस्थित रहें। राजेश कुमार जादौन ने बताया कि प्रतिष्ठा युवा संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित कुमार ने मध्य दिल्ली व अन्य जिलों में कई सामाजिक कार्य करने के साथ कोविड-19 की पहली और दूसरी लहर में आर्थिक संकट से



जूझ रहे परिवारों व वंचितों को सूखा राशन उपलब्ध कराया। स्वास्थ्य कैम्प व टीकाकरण के लिए आम लोगों को जागरूक किया। कोरोना से बचाव के लिए युवाओं, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं व आम लोगों को नियमित योग व स्वास्थ्य वेबिनार कर जागरूक किया। स्वास्थ्य व स्वच्छता अभियान के तहत हाइजीन किट वितरित की साथ ही जिला प्रशासन व अन्य संस्थानों के माध्यम से समन्वय स्थापित कर स्लम बस्तियों, पुनर्वास कॉलोनियों में रहने वाली महिलाओं को स्वरोजगार का प्रशिक्षण प्रदान करने, गृह मंत्रालय एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय व अन्य विभागों के संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम जैसे आदिवासी युवा आदान प्रदान, वित्तीय साक्षरता, युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण, राष्ट्रीय एकता शिविर, योग दिवस में शैक्षिक प्रशिक्षण देने के साथ उनके समाज सेवा के प्रति समर्पण व अथक प्रयास के लिए राज्य निदेशक एवं उपनिदेशक द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।
इस अवसर पर राज्य निदेशक ने मोहित कुमार को प्रशंसा पत्र कर सम्मानित करते हुए भविष्य के सभी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी।

## नेपाल के प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेपाल** के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने नेपाल को भारत के लिए प्राथमिकता बताया और कहा कि हाल के वर्षों में भारत-नेपाल द्विपक्षीय सहयोग और मजबूत हुआ है। राष्ट्रपति सचिवालय ने मुलाकात का ब्योरा देते हुए बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रधानमंत्री प्रचंड का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत के साथ अपने पुराने जुड़ाव और अपने अनुभव को देखते हुए भारत सदियों पुरानी साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए भारत-नेपाल द्विपक्षीय संबंधों में एक सकारात्मक एजेंडे की आशा करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच मजबूत बंधन को और मजबूत करेगी। राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत-नेपाल द्विपक्षीय सहयोग और मजबूत हुआ है। कोविड-19 महामारी के कठिन समय में भी दोनों देशों के बीच व्यापार कायम रहा।
राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच खुली सीमा ने दोनों तरफ से पर्यटन को बढ़ावा दिया है। उन्होंने लोगों से लोगों के संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।



तरूण चुघ सांसद व राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा ने भाजपा द्वारा चलाये जा रहे महा जनसंपर्क अभियान में पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, डॉ अनिल गुप्ता, जितेन्द्र खत्री और कैलाश जैन पूर्व जिला अध्यक्ष को शामिल कर कार्य सौंपते हुए।

## शालीमार बाग क्षेत्र में संस्था ने चलाया जागरूकता अभियान






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विश्व** मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर ज्ञान आधार वेलफेयर सोसायटी ने स्लम क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के लिए शालीमार बाग और पीतमपुरा में एक कार्यशाला और जागरूकता अभियान का आयोजन किया। जिसमें वीनू विज व अन्य सदस्यों जया चांदना, अनुराधा गुप्ता, निधि जिंदल और मीनू डुडेजा ने महिलाओं को व्याख्यान दिया और कहा कि महिलाओं के शरीर में हर महीने होने वाली यह प्राकृतिक क्रिया है। हालांकि समाज में पीरियड्स को लेकर फैले मिथ्य और भ्रम के चलते मेंसुरेशन हाइजीन एक बड़ा गंभीर विषय रहा है, ऐसे में महिलाओं में मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का ख्याल रखने के मकसद से हर साल मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। सेनेटरी नेपकिन भी बांटे। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

## संस्कृति मंत्रालय मनाएगा तेलंगाना राज्य का स्थापना दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आजादी** का अमृत महोत्सव के तहत संस्कृति मंत्रालय, गोलकुंडा किले में तेलंगाना राज्य का स्थापना दिवस मनाएगा। संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी किशन रेड्डी शुक्रवार को ध्वजारोहण कार्यक्रम के साथ दो दिवसीय उत्सव का उद्घाटन करेंगे। यह समारोह एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के तहत आयोजित किया जा रहा है।
दो जून को संचालित होने वाली गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिनमें मार्चपास्ट, फोटो एवं पेंटिंग प्रदर्शनी, आनंदजी और उनके समूह द्वारा शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन, मंजुला रामास्वामी तथा उनके समूह द्वारा आयोजित कार्यक्रम शामिल है। समारोह के दौरान जनता को प्रसिद्ध तेलुगु गायिका मंगली व मधुप्रिया के गायन को सुनने का भी अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम का समापन गायक शंकर महादेवन के शानदार प्रदर्शन के साथ होगा। जिसमें देशभक्ति के गीत भी प्रस्तुत किये जाएंगे। तीन जून को दिमसा, डप्पू, बोनालू और गुसादी सहित अन्य लोक-नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां होंगी। इसके अलावा, राजा राममोहन राय पर आधारित एक नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया जाएगा और फिर दिन का समापन बहुभाषी मुशायरे के साथ होगा।

# जहांगीरपुरी में आयुर्वेदिक शिविर का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के वार्ड नम्बर-18 जहांगीर पुरी के जे ब्लॉक एमसीडी कार्यालय पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा आयुर्वेदिक औषधीय शिविर का आयोजन कराया गया। जिसमें डाक्टरों के द्वारा लोगो के स्वास्थ्य की जांच की गई और आयुर्वेदिक दवाईयों का वितरण किया गया। निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने आगे बताया कि यह शिविर प्रत्येक वीरवार को जे ब्लॉक निगम पार्षद कार्यालय (एमसीडी ऑफिस) पर लगाया जाता है। इस मौके पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा, रमेश शर्मा, अनुज सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# संत दर्शन सिंह जी महाराज आध्यात्मिक ज्योति के मार्गदर्शक



**महान** सूफी-संत शायर दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज (14 सिंतबर, 1921-30 मई, 1989) के 34वें बरसी भंडारे का कार्यक्रम सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के पावन सान्निध्य में कृपाल बाग, दिल्ली में आयोजित किया गया। संत दर्शन सिंह जी महाराज ने प्रभु के दिव्य-प्रेम, दया और अपनी जिंदगी के जीते-जागते उदाहरण के द्वारा लाखों लोगों को अध्यात्म और ध्यान-अभ्यास के मार्ग पर चलाया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में उपस्थित भाई-बहनों को संबोधित करते हुए संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने अपने संदेश में कहा कि, संत दर्शन सिंह जी महाराज ने हम सभी के लिए रूहानियत का मार्ग खोल दिया। उनका जीवन और उनके द्वारा सिखाई गई शिक्षाओं के द्वारा हम यह जान सकते हैं कि किस तरह से हमें सही मायनों में अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए। उनके अंदर प्रभु का प्रेम समाया हुआ था और वे चाहते थे कि हम भी ध्यान-अभ्यास द्वारा उस प्रेम को अनुभव करें, ताकि सही मायनों में हम अपनी आत्मा का अनुभव कर अपने जीवन के परम ध्येय पिता-परमेश्वर को पाने के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ें। सत्संग के कार्यक्रम से पूर्व पूजनीया माता रीटा जी ने 16वीं सदी की भक्त मीरा बाई जी की वाणी से ह्यदरस बिन दूखन लागे नैनह्व शब्द का गायन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने उनकी शिक्षाओं को समझाते हुए कहा कि संत दर्शन सिंह जी महाराज श्आध्यात्मिक ज्योति के मार्गदर्शकश थे। संत दर्शन सिंह जी महाराज फरमाया करते थे कि रूहानियत का मार्ग, प्रेम का मार्ग है। हमारी आत्मा प्रभु की ज्योति और प्रेम से भरपूर है और इस सच्चाई का हमें अनुभव करना चाहिए। जब हम ध्यान-अभ्यास द्वारा अपने ध्यान को बाहर की दुनिया से हटाकर अंतर्मुख करते हैं तो हम सदा-सदा की खुशी और आनंद को पा लेते हैं। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने आगे कहा कि सूफी-संत शायर संत दर्शन सिंह जी महाराज ने अपनी रूहानी शायरी और शिक्षाओं के जरिये अध्यात्म के गूढ़ रहस्यों को खोल-खोलकर हमें समझाया, जिसके द्वारा हम अध्यात्म की ज्योति का अनुभव कर मानवता से प्रभु-एकता की ओर बढ़ सकते हैं। उनकी शिक्षाएं हमारे जीवन की हरेक अवस्था में हमारा मार्गदर्शन करती हैं, जो हमें अपने अंदर प्रभु के दिव्य-प्रेम से जोड़ती हैं। अंत में संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि वे आज से 34 साल पहले इस धरती को छोड़कर चले गए लेकिन उनका प्रेम और शिक्षाएं आज भी हमारे अंग-संग हैं। यदि हम उनको सही मायनों में याद करना चाहते हैं तो उनके वचनों को अपने जीवन में ढालें और उनके द्वारा दिखाए गए रूहानियत के मार्ग पर चलें। वे चाहते थे कि हम प्रतिदिन ध्यान-अभ्यास में समय दें ताकि हमारी आत्मा का मिलाप पिता-परमेश्वर में हो सके। इस अवसर पर अनेक प्रकार के समाज-कल्याण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

गर्मी की इस तपती धूप में मिशन के सेवादारों ने संत दर्शन सिंह जी महाराज की प्यार भरी याद में 30 मई, 2023 को दिल्ली के 105 प्रमुख स्थानों के अलावा भारत के अनेक राज्यों कीं प्रमुख जगहों पर लोगों की सेवा में मीठे व ठंडे पानी की छबीलें लगाई गईं। सावन कृपाल रूहानी मिशन द्वारा 31 मई, 2023 को कृपाल बाग, दिल्ली में 60वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ------- भाई-बहनों ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया।

31 मई को ही एक अन्य कार्यक्रम ह्यवस्त्र वितरण समारोहह्व कृपाल बाग, दिल्ली में ही आयोजित हुआ। जिसमें मिशन की ओर से गरीब व बेसहारा भाई-बहनों व बच्चों को वस्त्र, जूते व खिलौने आदि का वितरण किया गया। इसके अलावा 31 मई, 2023 को ही कृपाल बाग, दिल्ली में हुए एक अन्य कार्यक्रम में मिशन के अध्यक्ष संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने सफदरजंग अस्पताल के शारीरिक रूप से विकलांग मरीजों को व्हील चेयर, ट्राई साईकिल, बैसाखियाँ आदि उपकरण भेंट किए। इस अवसर पर शांति अवेदना सदन, राज नगर नई दिल्ली में कैंसर पीड़ित रोगियों को भी मिशन की ओर से दवाईयाँ, फल व अन्य उपयोगी वस्तुओं का मुफ्त वितरण किया गया। संत दर्शन सिंह जी महाराज ने हजूर बाबा सावन सिंह जी महाराज और परम संत कृपाल सिंह जी महाराज के नाम पर सावन कृपाल रूहानी मिशन की स्थापना सन् 1974 में की। संत दर्शन सिंह जी महाराज ने संत-मत की पुरातन तालीम को न सिर्फ एक सरल और सहज तरीके से पेश किया बल्कि इसका अनुभव भी लाखों लोगों को कराया। संत दर्शन सिंह जी महाराज को उर्दू और फारसी की अपनी गजलों के कारण भारत के एक महान सूफी-संत शायर के रूप में जाना जाता है। उनको उनके काव्य-संग्रहों के लिए दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश की उर्दू अकादमियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व रक्तदाता दिवस 2023 के अवसर पर रक्तदाताओं को सम्मानित किया जाएगा

**फरीदाबादः** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि लोगों को रक्तदान के लिए बढ़ावा देने और रक्तदाता का आभार जताने के लिए हर साल 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। दुनियाभर में इस दिन को मनाने का उद्देश्य जरूरतमंदों को खून उपलब्ध कराना है ताकि खून की कमी से किसी मरीज की जान न जाए। इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस 2023 के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के सम्मान समारोह के लिए नामांकन निम्न श्रेणियों के लिए मांगे गए है। उन्होंने बताया कि 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवा जिन्होंने 25 से अधिक बार रक्तदान एवं एफेरेसिस किया हो। ऐसे युवाओं को प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 के बीच अधिकतम रक्तदान के साथ 18 से 65 वर्ष की आयु के बीच 2 महिला दाताओं। सभी राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा साझा किए गए नामांकन के आधार पर, शीर्ष 5 महिला रक्तदाताओं को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। दुर्लभ रक्त समूह दाताओं के लिए काम करने वाले गैर-सरकारी संगठनों को भी नामांकित करके सम्मानित किया जाएगा।

### तंत्र विद्या से रुपये दोगुना करने का झांसा देकर ठगे पांच लाख

**फरीदाबादः** तंत्र विद्या से रुपये दोगुने करने का झांसा देकर दो बदमाशों ने पल्ला क्षेत्र में एक व्यवसायी से पांच लाख रुपये हड़प लिये। व्यवसायी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज होने के बाद क्राइम ब्रांच ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। क्राइम ब्रांच आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव बसंतपुर के रहने वाले अमन बिल्डिंग मटीरियल का काम करते हैं। अमन ने विश्वास कर लिया और दोनों को बुलाने के लिए कहा। इसके बाद दोनों तंत्र-मंत्र का दिखावा करने लगे और अमन ने उन्हें पांच लाख रुपये दे दिए। दोनों ने अमन व गुलाम को एक-एक लड्डू खाने के लिए दिया। लड्डू खाते ही दोनों बेहोश हो गए। अगले दिन दोनों को होश आया। दोनों बदमाश रुपये लेकर फरार हो चुके थे। गुलाम ने अमन को बताया कि उसकी जान पहचान केवल मोबाइल तक थी और वह उनके नाम जानता है। अमन ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने जांच के बाद गांव अचेजा हापुड़ यूपी के उस्मान और दिल्ली के करतार नगर के रोशन को गिरफ्तार किया है। पुलिस का अनुमान है कि इस मामले में गुलाम का भी हाथ है। वह अभी फरार है। क्राइम ब्रांच उसकी भी तलाश कर रही है।

### केजीपी पर कैंटर और ट्रक की टक्कर में चालक की मौत

**फरीदाबाद।** कुंडली-गाजियाबाद-पलवल(केजीपी) एक्सप्रेस-वे पर कैंटर और ट्रक की टक्कर में कैंटर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। गांव शमशाबाद जिला पलवल निवासी जयप्रकाश ने थाना छांयसा पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भतीजे रवि ने कैंटर लिया हुआ है। कैंटर को उसका 30 वर्षीय बेटा मोहन श्याम चलाता था। वह महाराष्ट्र से केला लेकर आया था। उत्तर प्रदेश गाजियाबाद में केला खाली करने के बाद वह वापस पलवल आ रहा था। गांव छांयसा-अटाली के पास केजीपी पर ट्रक खड़ा हुआ था। ट्रक के आसपास किसी भी तरह के खड़े होने के संकेत के लिए रिफ्लेक्टर नहीं लगाए हुए थे। दुर्घटना के बारे में कंडक्टर ने फोन करके सूचना दी। पुलिस ने जयप्रकाश की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही बरतने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। मृतक का बादशाह खान अस्पताल में पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार

**गन्नौर। थाना** बड़ी पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कादिर उत्तर प्रदेश में संभल जिले का रहने वाला है। जानकारी देते हुए बड़ी थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि गत 21 मार्च को मूल रूप से मध्य प्रदेश हाल गन्नौर के एक गांव में किराये पर रहने वाले एक व्यक्ति ने थाना बड़ी में शिकायत दी थी कि कादिर निवासी जिला संभल उत्तर प्रदेश ने उसकी नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर घर से भगा कर उसके साथ दुष्कर्म किया है।

# अवैध कालोनियों पर चला पीला पंजा, तोडफोड की कार्यवाही अमल में लाई गई

**टीम एक्शन इंडिया खरखौदा/सोमपाल सैनी**

जिला नगर योजनाकार, सोनीपत द्वारा बुधवार को गाँव हलालपुर, जटौला व सोहटी की राजस्व सम्पदा में दो अवैध कालोनियों व व्यवसायिक, औद्योगिक अवैध निर्माणों में 4 डी.पी.सी., 2 बाउण्ड्री वाल, 2 व्यवसायिक अवैध निर्माण व औद्योगिक अवैध इकाइयों की 3 बाउण्डरी वाल व डी.पी.सी., लैबर क्वाटरों को जिला प्रशासन की मदद से तोडफोड की कार्यवाही अमल में लाई गई। उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि गाँव हलालपुर, जटौला, सोहटी की राजस्व सम्पदा में अवैध कालोनी/निर्माण प्रापर्टी डीलर द्वारा विकसित किया जा रहा था। प्रोपर्टी डीलर अवैध कालोनी काट कर उसमें प्लाट बेचते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि इन प्रोपर्टी डीलरों से जमीन की किसी भी प्रकार की खरीद-फरोख्त न करें। इन अवैध कालोनियों में प्रोपर्टी डीलरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा भू-माफियाओं के खिलाफ एक अभियान चलाया हुआ है। जिससे सामान्य जनता में एक संदेश जा रहा है कि अवैध कालोनियों में प्लॉट खरीदना



कितना नुकसानदायक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाकर शहर मे पनप रही अवैध कालोनियों व निमार्णों को शुरूआती दौर में ध्वस्त किया जा रहा है। यह कार्यवाही शहरी क्षेत्र व नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत की गई है। उपायुक्त ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में भू-माफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बरर्बाद ना होने दें। क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है। कोई भी अवैध कालोनी/व्यवसायिक एवं औद्योगिक अवैध निर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लें। अवैध कालोनी/निर्माण को किसी भी समय अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है। जिला नगर योजनाकार नरेश कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा की जा रही तोडफोड की कार्रवाई में और सख्ती बरती जायेगी ताकि अवैध कालोनी काटने व उसमें निर्माण करने वाले मंसूबे पूरे न हो सके। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्र व नियंत्रित क्षेत्र में पनप रहे अवैध निर्माण को समय खत्म करना है। उन्होंने बताया कि आमजन को जागरूक करने के लिए सभी अवैघ कालोनियों में चेतावनी बोर्ड भी लगाये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में विस्तृत जानकारी हेतू जिला नगर योजनाकर कार्यालय सोनीपत, प्रथम तल, एच.एस.वी.पी कॉम्पलैक्स, सैक्टर-15, सोनीपत में सम्पर्क करें। सोहटी की राजस्व सम्पदा में तोडफोड की कार्यवाही के दौरान अनिल कुमार, सहायक नगर योजनाकार-कम-ड्यूटि मजिस्ट्रेट एवं फील्ड स्टाफ व पुलिस बल मौजूद रहा।

# रिहायशी प्लॉटों में कूड़े कचरे के ढेर से गन्दी फैल रही है ...

**टीम एक्शन इंडिया फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।**

डी-2 ब्लॉक, प्लॉट नं0 118, 119, सैक्टर-10 में खाली पडे होने की वजह से उसमें ट्रकों से शहर का गन्दा कूडा व कचरा इन प्लॉटों में डाला जा रहा है जिसकी वजह से इन रिहायशी प्लॉटों में गन्दे कूडे व कचरे के ढेर लग गये हैं जिसकी बदबू आस पास के रहने वाले लोगों को परेशान कर रही हैसैक्टर वासियों ने इसकी सूचना स्थानीय पूर्व विधायक राजेन्द्र बीसला व वरिष्ठ अधिवक्ता



शिवदत्त वशिष्ठ को दी जिन्होनें मौके पर जाकर देखा कि ट्रकों से उनमें गन्दा कूडा डाला जा रहा है, जोकि हमें देखकर पहले दूर से ही हॉस्पीटल की तरफ ट्रक को भगाकर ले गयाइस कूडे के ढेर से अनेकों बीमारियां फैसलने का खतरा बन गया है। जबकि इन प्लॉटों के पास बडा हॉस्पीटल स्थित है, ये कूड़े कचरे के ढेर, प्रशासन की नाक के नीचें डाले जा रहे हैं इनको रोका नहीं जा रहा है जिसकी वजह से कूड़े-कचरे के ढेर लग गये हैं।

### हरियाणा उदय के तहत जिला में विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत जिला में आगामी 5 जून से लेकर 30 जून तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कल 02 जून को गांव सागरपुर, बल्लभगढ़ में सफाई अभियान चलाया जाएगा जिसमें समस्त ग्रामवासी भाग लेंगे और आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय मॉडर्न संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-3 में पौधरोपण कार्यक्रम, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना-लघु मेला और निरोगी हरियाणा के कैंप का आयोजन किया जाएगा।

# प्रो. ज्योति राणा ने संभाला कुलसचिव का पदभार



**टीम एक्शन इंडिया फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की नवनियुक्त कुलसचिव प्रो. ज्योति राणा ने बृहस्पतिवार को अपना पदभार संभाला। निवर्तमान कुलसचिव प्रो. आरएस राठौड़ ने कुलपति डॉ. राज नेहरू की उपस्थिति में उन्हें कार्यभार सौंपा और पुष्प भेंट कर प्रो. ज्योति राणा को नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त कुलसचिव प्रो. ज्योति राणा ने कुलपति डॉ. राज नेहरू और निवर्तमान कुलसचिव प्रो. आरएस राठौड़ के प्रति आभार ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि देश के पहले कौशल विश्वविद्यालय को उसके लक्ष्य तक ले जाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने जो प्रतिमान स्थापित किया है, उसे और अधिक गौरवान्वित करने के लिए पूरी मेहनत के साथ एक टीम के रूप में काम करेंगे। प्रो. ज्योति राणा ने कहा कि कुलपति डॉ. राज नेहरू की दूरदर्शिता और उनके मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय को लक्ष्यों की ओर अग्रेषित करना ही सबसे बड़ा उद्देश्य है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इस मौके पर कहा कि प्रो. ज्योति राणा को नया दायित्व श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की अपेक्षाओं को देखते हुए मिला है। पूरा विश्वास है कि वह विश्वविद्यालय की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगी। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के ऊपर कौशल के माध्यम से बेरोजगारी खत्म करने का बड़ा दायित्व है। हम पूरे मिशन के रूप में जुट कर काम करेंगे। उन्होंने निवर्तमान कुलसचिव प्रो. आरएस राठौड़ के सफल कार्यकाल के लिए बधाई दी। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि विश्वविद्यालय की विकास यात्रा में प्रो. आरएस राठौड़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है । निवर्तमान कुलसचिव प्रो. आर एस राठौड़ ने कुलपति डॉ. राज नेहरू का आभार जताते हुए कहा कि भविष्य में भी वह अपने अनुभवों को विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए निवेश करते रहेंगे।

# बी.एड. के छात्रों के स्कूल टीचिंग प्रैक्टिस का समापन

**टीम एक्शन इंडिया फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** रावल इंस्टिट्यूशंस का मुख्य उद्देश्य छात्र अध्यापकों में शिक्षण की गुणवत्ता को विकसित करके राष्ट्र के विकास में गुणवत्तापूर्ण शिक्षक प्रदान करना रहा है। बी.एड. के द्वितीय वर्ष में स्कूल अनुभव कार्यक्रम बी.एड.पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग है। स्कूल अनुभव कार्यक्रम में छात्र अध्यापकों को स्कूल के वास्तविक वातावरण में शिक्षण करने का अवसर प्रदान किया जाता है ताकि वहां के अनुभव को प्रयोग करके छात्र अध्यापक एक अच्छे अध्यापक बन सके। इस कार्यक्रम के तहत रावल कॉलेज



ऑफ एजुकेशन द्वारा छात्र अध्यापकों को विभिन्न सरकारी स्कूलों में शिक्षण करने का अवसर प्रदान किया गया। जहां पर उन्होंने उत्तम शिक्षण के कौशल को अपने अंदर विकसित किया साथ ही साथ छात्र अध्यापकों ने अनेक पाठ्य सहगामी क्रियाओं का भी आयोजन किया। गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ओल्ड फरीदाबाद में वैशाखी के अवसर पर एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सराय ख्वाजा में पृथ्वी दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 28 में अन्तर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर एकल नृत्य और ग्रुप नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । रावल कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा इन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेताओं को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए द्य रावल कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्रधानाचार्या डॉ सोनल छाबड़ा ने कहा कि स्कूल अनुभव कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र अध्यापकों में शिक्षण की क्षमता, शिक्षक संवेदनशीलता और छात्र-शिक्षकों की निरंतर भागीदारी का विकास करना, छात्र-अध्यापक को समाज के बहुसांस्कृतिक संदर्भों से अवगत कराना और शैक्षणिक

# जीवा पब्लिक स्कूल में साइबर सुरक्षा पर जागरूक किया

**टीम एक्शन इंडिया फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** फरीदाबाद सैक्टर 21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में साइबर सुरक्षा और जागरूकता पर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में जिले के कई स्कूलों के शिक्षकों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य साइबर हमलों और खतरों के प्रति जागरूक होना एवं इस तरह के अपराधों से स्वयं व अन्य लोगों को सतर्क करना है। साइबर प्रशिक्षण सत्र आज के समय में बहुत महत्वपूर्ण विषय हैंए क्योंकि यह दुनिया भर में इंटरनेट और



प्रौद्योगिकी के लगभग 2 बिलियन उपयोगकताओं को डिजिटल और तकनीकी पहलुओं की आवश्यक जानकारी प्रदान करते हैं। ऐसे सत्र डिजिटल कार्यबल की मांगों को पूरा करने के लिए साइबर सुरक्षा मानसिकता को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष श्री ऋषिपाल चौहानए उपाध्यक्षा श्रीमती चंद्रलता चौहानए प्रधानाचार्या श्रीमती अपर्णा शर्मा एवं मुख्य अतिथि डॉ रक्षित टंडन के साथ श्री एस0एस0 गोसाई व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ रक्षित टंडन जी थेए जो कि एक साइबर सुरक्षा प्रचारकए राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और भारत में विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए साइबर फोरेंसिक और एथिकल हैकिंग के अपराध जांचकर्ता हैं। डॉ टंडन एक प्रमुख संसाधन व्यक्ति हैं और पुलिस ब्यूरो में विजिटिंग फैकल्टी के तहत भी अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। देश भर में साइबर अपराध जांच और कानून प्रवर्तन अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए अनुसंधान और विकास ;बीपीआरडीद्ध गृह मंत्रालयए भारत सरकार के लिए भी कार्य करते हैं। उन्हें वर्तमान में साइबर अपराधों की जांच में सहायता के लिए हरियाणा पुलिस विभाग द्वारा सलाहकार.सीआईडी के रूप में नियुक्त किया गया है। आज के इस कार्यक्रम में डॉ रक्षित टंडन ने बताया कि आज का दौर तकनीकी शिक्षा एवं पद्धति पर आधारित है और अधिकतर कार्य ऑनलाइन होते हैंए परन्तु दुख की बात यह है कि इस तकनीक का दुरूपयोग भी एक बड़ी चुनौती बन गई है।

# चुनाव में भाजपा के घमंड को तोड़ देगी देश की जनता: सुशील गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य सुशील गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी पहलवानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। पिछली बार खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पहलवानों को झूठा आश्वासन देकर उनका आंदोलन समाप्त कर दिया था और अब जबरदस्ती पुलिस बल का प्रयोग कर उन्हें जंतर मंतर से हटा दिया। गुप्ता ने कहा कि घमंड तो रावण का भी टूटा था। आने वाले चुनाव में देश की जनता भाजपा के घमंड को भी तोड़ देगी। उन्होंने कहा कि



पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान 8 जून को जींद में जनसभा में शिरकत कर मिशन हरियाणा 2024 की शुरूआत करेंगे। सुशील गुप्ता बृहस्पतिवार को गन्नौर जीटी रोड पर कार्यकताओं से मिलने के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ कैंपेन कमेटी के संयोजक अशोक तंवर व राष्ट्रीय सहसचिव निर्मल सिंह भी मौजूद रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 02 जून 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

## न्यूज फ्लैश

### तीसरी बेटी हुई तो पिता ने मार डाला

**पीलीभीत:** पीलीभीत में एक पिता ने तीसरी बार बेटी पैदा होने पर उसकी निर्मम हत्या कर दी। आरोप है कि उसने नवजात को गोद में लेते ही जमीन पर पटक दिया। इससे बच्ची जख्मी हो गई। इसके बाद इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सास ने दामाद के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। मामला पूरनपुर थाना क्षेत्र का है। खानका मोहल्ले की रहने वाली शब्बो की शादी 8 साल पहले सिरसा गांव के रहने वाले फरहान के साथ हुई थी। शादी के बाद शब्बो ने दो बेटियों को जन्म दिया। इसके बाद वह फिर से गर्भवती हुई। 5 दिन पहले प्रसव पीड़ा होने पर मायके वाले शब्बो को ससुराल से लेकर एक नर्सिंग होम पहुंचे। यहां रविवार (28 मई) को उसकी डिलीवरी हुई। उसने एक प्यारी-सी बच्ची को जन्म दिया।

**फरहान को गोद में दी गई बच्ची, तो पटक दिया:** शब्बो की मां ने पुलिस को दी शिकायत में कहा, नर्सिंग होम के डॉक्टर की सलाह पर जज्जा-बच्चा दोनों को पास के अस्पताल में भर्ती में करवा दिया गया। इसके बाद देर शाम फरहान अपनी पत्नी और बच्चे को देखने वहां पहुंचा। इस दौरान फरहान की साली सुनैना नवजात बच्ची को लिए बैठी थी। उसने फरहान को देखते ही बच्ची उसकी गोद में दे दी। फरहान ने बच्ची को गोद में लेते हुए जैसे ही देखा कि वह बेटी है, उसे जमीन पर पटक दिया। इसके बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया। बच्ची को जब उठाया गया, तब वह बेसुध हो गई थी। बच्ची की सांसें चल रही थीं। वहां मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद नवजात को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया।"

### लुधियाना में नकली सीबीआई अधिकारी पकड़े गए

**टीम एक्शन इंडिया/लुधियाना**
**पंजाब** के लुधियाना में पुलिस ने नकली सीबीआई अधिकारी और एक महिला को गिरफ्तार किया। ये दोनों शिमलापुरी इलाके में बहादुर सिंह नाम के व्यक्ति के घर जाली वारंट लेकर पहुंचे थे, लेकिन बहादुर सिंह के घर की देख-रेख करने वाले पड़ोसियों ने उन्हें पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जा रहा है कि बहादुर सिंह को ये गैंग पिछले लंबे समय से ब्लैकमेल कर रही थी। वह पिछले हफ्ते ही शहर छोड़ कर विदेश चले गए हैं। बताया जा रहा है कि वह किसी सरकारी पद पर तैनात थे। फिलहाल पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। जानकारी के मुताबिक आरोप नकली सीबीआई के कार्ड लेकर बहादुर के घर पहुंचे। यहां उन्होंने पड़ोसियों से कहा कि बहादुर सिंह पर धारा 302 के तहत मामला दर्ज है।

यदि मामला निपटाना चाहते हो तो 3 लाख रुपए दें। इसके बाद लोगों ने तुरंत महिला और पुरुष को पकड़ शोर मचा दिया। घटना स्थल पर थाना डाबा की पुलिस पहुंची।

# कर्नाटक में बगावती सुर, क्या कांग्रेस में टूट होगी

## जिन्होंने लिंगायतों को जोड़ा, उन्हें मंत्री नहीं बनाया; डैमेज कंट्रोल नहीं किया तो मुश्किल, हर किसी की इच्छा मंत्री, डिप्टी सीएम या सीएम बनने की होती है..

**नाराजगी?**

**लक्ष्मण सावदी लिंगायत कम्युनिटी से आते हैं। वे चुनाव से पहले बीजेपी से कांग्रेस में आए थे**





**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**'मुख्यमंत्री** सिद्धारमैया के मंत्रिमंडल में उन्हें मिलाकर कुल 34 मंत्री हैं। इस बार कांग्रेस के अनुभवी नेताओं को चुना गया है। हम अभी-अभी पार्टी में आए हैं। राजनीति में धैर्य होना चाहिए। अगर ये दोनों चीजें हैं, तो कोई भी राजनीति कर सकता है। हालांकि मुझे उम्मीद थी। राजनीति में कोई साधु या संन्यासी नहीं होता। हर किसी की इच्छा मंत्री, डिप्टी सीएम या सीएम बनने की होती है।' ये दर्द कर्नाटक के पूर्व डिप्टी सीएम लक्ष्मण सावदी का है, जो कर्नाटक में मंत्रियों की शपथ के बाद 29 मई को सामने आया। कर्नाटक सरकार में 34 ही मंत्री बनाए जा सकते हैं, यानी सिद्धारमैया की कैबिनेट में नए विधायकों के लिए जगह नहीं है। यही वजह है कि कई नेताओं में गुस्सा है। लक्ष्मण सावदी लिंगायत कम्युनिटी से आते हैं। वे चुनाव से पहले बीजेपी से कांग्रेस में आए थे। बेलगावी की अथानी सीट से चुनाव लड़ा और 75 हजार वोट से जीते। लक्ष्मण सावदी बीजेपी की सरकार में 20 अगस्त 2019 से 28 जुलाई 2021 तक डिप्टी सीएम रहे हैं। लिंगायत कम्युनिटी में उनकी अच्छी पैठ है। इस बार टिकट कटने के बाद लक्ष्मण सावदी कांग्रेस जॉइन कर रहे थे, तब बीएस येदियुरप्पा समेत बीजेपी के बड़े. नेताओं ने उन्हें रोकने की कोशिश की थी, लेकिन वे नहीं माने। तब बीजेपी ने कहा लक्ष्मण सावदी के पार्टी छोड़ने का कोई असर नहीं होगा, पर नतीजे इस दावे के उलट रहे। कांग्रेस के एक नेता के मुताबिक, 'सावदी के आने से 30 से 35 सीटों पर असर हुआ। लिंगायतों ने कांग्रेस को वोट दिए। इसी से इतनी बड़ी जीत मिली।' इसके बावजूद उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया। पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार को भी मंत्रिमंडल में जगह नहीं दी गई। वे भी लिंगायत कम्युनिटी से आते हैं। हुबली-धारवाड़ सीट से लगातार 6 बार जीते, पर इस बार हार गए। ये तो उनकी बात हुई, जिन्हें पद नहीं मिला।

### 40 से ज्यादा विधायक मंत्री पद के दावेदार

**सिर्फ** जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी ही नहीं, कांग्रेस में 40 से ज्यादा विधायक मंत्री पद के दावेदार हैं और मंत्री बनने के लिए लॉबिंग कर रहे थे। अशोक चंदारगी कहते हैं कि 60 से ज्यादा विधायक सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के साथ हाईकमान से मिलने दिल्ली गए थे, वे सभी मंत्री पद चाहते हैं। कई अपने समर्थकों के जरिए विरोध भी करवा चुके हैं।

### लोकसभा चुनाव के वक्त हो सकती है फूट

2018 में कर्नाटक में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला था। इसके बाद कांग्रेस ने जेडीएस के साथ मिलकर सरकार बनाई थी। एक साल के भीतर सरकार गिर गई, क्योंकि कांग्रेस-जेडीएस के 17 विधायक बीजेपी में शामिल हो गए थे। राज्य में दोबारा बीजेपी की सरकार बनी। इस बार कर्नाटक में कांग्रेस को बहुमत मिला है, लेकिन मंत्री पद न मिलने से कई बड़े नेता खुश नहीं हैं। कांग्रेस में एक साल तक टूट का खतरा नहीं है। लोकसभा चुनाव तक कांग्रेस ने मैनेज नहीं किया, तो पार्टी में टूट हो सकती है। इसके पीछे वे दो कारण बताते हैं। पहला- कांग्रेस ने चुनाव से पहले लोगों को 5 गारंटी देने का वादा किया था, अभी इसे पूरा करने का वक्त है। ये वादे पूरे नहीं हुए, तो जनता में गुस्सा फैलेगा। दूसरी वजह कई सांसद और विधायकों के खिलाफ सीबीआई-ईडी की जांच है। कर्नाटक में डीजीपी रहे प्रवीण सूद को सीबीआई का नया डायरेक्टर बनाया है। वे कर्नाटक के तमाम नेताओं के सारे राज जानते हैं। ऐसे में कुछ दिन में सेंट्रल एजेंसियां राज्य में एक्टिव हो सकती हैं। ईडी की जांच में तो डिप्टी सीएम और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार भी फंसे हैं। हालांकि कांग्रेस के एक सीनियर लीडर दावा करते हैं कि लक्ष्मण सावदी और जगदीश शेट्टार दोनों को ही जल्द पद दिए जाने वाले हैं।

शेट्टार को एमएलसी बनाया जा सकता है। वहां पार्टी बहुमत में रहती है, तो उन्हें चेयरमैन भी बना सकते हैं। इसी तरह सावदी को भी बड़ा पद मिल सकता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दोनों नेताओं से बात भी की है। अब तक दोनों ने खुलकर बगावती तेवर नहीं दिखाए हैं।

## बीजेपी सांसद पंकजा मुंडे का पहलवानों को समर्थन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय कुश्ती** संघ के पूर्व अध्यक्ष सांसद बृजभूषण शरण सिंह और रेसलर्स विवाद में महाराष्ट्र से बीजेपी की सांसद और गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा मुंडे की भी एंट्री हो गई है। उन्होंने पहलवानों को समर्थन दिया है। पंकजा मुंडे ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि एक सांसद के तौर पर ही नहीं बल्कि एक महिला के तौर पर भी मेरी उन महिला खिलाड़ियों में दिलचस्पी है। उन्होंने कहा कि जब इस तरह के आरोप लगे हैं तो इसकी समय पर जांच होनी चाहिए थी, सच सामने आना चाहिए था। सरकार की तरफ से किसी ने भी उन महिला खिलाड़ियों से संपर्क नहीं किया, जो होना चाहिए था। उन्होंने अपनी पार्टी को लेकर खुलकर नाराजगी जाहिर की है। पंकजा ने कहा कि मैं किसी चीज से नहीं डरती। डरना हमारे खून में नहीं है। अगर कुछ नहीं मिला तो मैं खेत में गन्ना काटने जाउंगी। मुझे स्वार्थ, आशा और इच्छा नहीं है। मैं बीजेपी की हूं, लेकिन बीजेपी मेरी थोड़ी है। बीजेपी एक बड़ी पार्टी है।

**सचिन के घर के बाहर पोस्टर:** उधर, कांग्रेस ने सचिन तेंदुलकर को भी इस विवाद में घसीट लिया है। यूथ कांग्रेस ने मुंबई में सचिन के घर के बाहर प्रदर्शन करते हुए पोस्टर लगा दिया। हालांकि बाद में पुलिस ने उसे हटा दिया। पश्चिम बंगाल की उट ममता बनर्जी भी रेसलर्स के हक में उतर आईं। उन्होंने बंगाल में सड़क पर पैदल मार्च कर इंसाफ की मांग की। वहीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने फोगाट फैमिली के बीच मतभेद का मामला उठाया।

### सचिन से पूछा- क्रिकेट के भगवान चुप क्यों

**मुंबई** में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने सचिन तेंदुलकर के घर पोस्टर लगाया। जिसमें लिखा- आप खेल जगत में 'भगवान' हैं, लेकिन जब कुछ महिला खिलाड़ी यौन उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठा रही हैं तो आपकी इंसानियत नहीं नजर आती।

ये पोस्टर यूथ कांग्रेस की सदस्य रंजीता विजय गोरे की तरफ से लगाया गया था। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कोलकाता में हाजरा से रविंद्र सरोवर तक मार्च निकाला।



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लाडली योजना पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

## कर्नाटक: आईएएफ का सूर्य किरण एयरक्राफ्ट क्रैश

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक** के चामराजनगर में गुरुवार को आईएएफ का सूर्य किरण एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। यह हादसा भोगपुरा गांव के एक खुले मैदान में हुआ है। एयरक्राफ्ट की महिला पायलट समेत दोनों पायलट सुरक्षित हैं। आईएएफ अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए गए हैं। इस हादसे के बाद का एक वीडियो भी सामने आया है।

**रूटीन ट्रेनिंग के दौरान हुआ हादसा:** आईएएफ ने बताया कि सुबह बेंगलुरु के एयरफोर्स स्टेशन से एक ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट ने उड़ान भरी थी। इसे तेजपाल और भूमिका उड़ा रहे थे। वे रूटीन ट्रेनिंग पर थे। किसी कारण से उन्होंने विमान से नियंत्रण खो दिया और यह हादसा हुआ। इस घटना में दोनों पायलट को मामूली चोटें आई हैं।

**एयरफोर्स की एक टीम मौके पर पहुंची:** आईएएफ अधिकारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर एयरफोर्स की टीम पहुंची है। घटना की जांच की जा रही है। स्थानीय लोग भी वहां मौजूद हैं। क्रैश के बाद एयरक्राफ्ट के हिस्सों में लगी आग को बुझाया जा रहा है।

### बहन ने 12 साल के भाई का गला घोंटा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
**हरियाणा** के फरीदाबाद में 15 साल की बहन ने 12 साल के भाई की गला दबाकर हत्या कर दी। बॉडी बेड पर रखकर चादर से ढंक दी। पुलिस ने जब लड़की से पूछताछ की तो उसने बताया कि भाई ने गेम खेलने के लिए मोबाइल नहीं दिया था इसलिए उसकी हत्या कर दी। लड़की ने यह भी कहा कि मां-बाप भाई को ज्यादा प्यार करते थे। गेम खेलने के लिए उसे ही मोबाइल देते थे। मैं मोबाइल मांगती या गेम खेलती तो मुझे डांटते थे। पीड़ित परिवार फरीदाबाद के कोलीवाड़ा में रहता है। माता-पिता गुरुवार को काम पर चले गए। पीछे बेटा और बहन अकेले रह गई। मृतक की मां ने कहा- शाम को ड्यूटी से लौटे तो बेटा बेड पर पड़ा था। हमें लगा कि बेटा सो रहा है। काफी देर वह नहीं उठा तो उन्होंने जगाने की कोशिश की। बच्चे के गले पर कुछ निशान दिखे। शक हुआ। तब तक आसपास के लोग भी वहां जमा हो गए। बेटे के गले पर निशान देख उन्होंने बेटी को बुलाया। बेटी ने कहा कि उसे कुछ पता नहीं। वह बीच में कुछ देर के लिए छत पर गई थी। उसने किसी को यहां आते-जाते भी नहीं देखा। उसे नहीं पता कि भाई के साथ क्या हुआ है? माता-पिता को शक हुआ कि उनके बेटे के साथ कुछ तो गलत हुआ है।




## दर्शन सुसाइडः मुंबई पुलिस ने चार्जशीट दायर की



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**आईआईटी**-बॉम्बे के स्टूडेंट दर्शन सोलंकी सुसाइड केस में मुंबई पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दायर की। चार्जशीट में दर्शन की मां और बहन के बयान शामिल हैं। जिसमें उनका दावा है कि दर्शन ने उन्हें सुसाइड के कुछ दिन पहले फोन करके बताया था कि उसके साथ जाति आधारित भेदभाव होता है। जब दोस्तों को उसकी जाति के बारे में पता चला तो उनका व्यवहार बदल गया। चार्जशीट में दर्शन के दोस्त अरमान खत्री का भी नाम है, जिसे दर्शन को सुसाइड के लिए उकसाने के मामले में गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह जमानत पर बाहर है। पुलिस का दावा है कि सोलंकी ने अरमान से उसके धर्म के बारे में आपत्तिजनक बातें कहीं थीं। इसे लेकर अरमान ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी। इसके अलावा चार्जशीट में कई स्टूडेंट्स और प्रोफेसर्स समेत 55 गवाहों के बयान शामिल हैं।

**परिवारवालों को बताया था-दोस्त ताने मारते हैं:** चार्जशीट में कहा गया है कि जनवरी 2023 में छुट्टी के दौरान सोलंकी ने बहन से फिर इस बारे में बात की थी। इसके बाद 12 फरवरी को उसने दोपहर करीब 12 बजकर 20 मिनट पर अपनी मां से फोन पर बात की और कहा कि वह 14 फरवरी को घर आएगा। उन्हें अपने सभी रिश्तेदारों को मिलने के लिए बुलाना चाहिए।

**बचाया** 4 दोस्तों को बहा ले गई तेज लहर, बीच पर मौजूद एमएल ने समंदर में छलांग लगाई

## भाजपा विधायक ने 3 युवकों को डूबने से बचाया



**टीम एक्शन इंडिया/गांधीनगर**
**गुजरात** में भाजपा के विधायक हीरा सोलंकी ने समुद्र में डूब रहे तीन युवकों की जान बचाई। दरअसल ये लोग राजुला के पटवा में बनी खाड़ी में नहाने गए थे। तेज लहर के कारण तीनों गहराई में चले गए और डूबने लगे। गुजरात के अमरेली में राजुला से बीजेपी विधायक हीरा सोलंकी भी बीच पर मौजूद थे। इन लोगों को डूबता देख उन्होंने समंदर में छलांग लगा दी। हालांकि, एक युवक को बचाया नहीं जा सका, गहराई में डूबने उसकी मौत हो गई। इस हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है। सोलंकी इसके पहले भी 2018 में एक डूबते हुए युवक को बचाने के लिए समुद्र में उतरे थे।

**नहाने के लिए समुद्र में गए थे युवक:** रिपोर्ट्स के मुताबिक, राजुला के पटवा गांव में चारों युवक समुद्र किनारे बनी खाड़ी में नहाने गए थे। तेज लहर के कारण वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उन्होंने मदद के लिए आवाज लगाई। लोग आवाज सुनकर घटनास्थल पर पहुंच गए। विधायक सोलंकी भी बीच पर मौजूद थे। उन्होंने युवकों को बचाने के लिए तुरंत समुद्र में छलांग लगा दी। वहां मौजूद कुछ और लोगों की मदद से उन्होंने तीनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालांकि, चौथा युवक तब तक डूब चुका था।

**देवदूत**

**युवकों को बचाने के लिए तुरंत समुद्र में छलांग लगा दी। लोगों की मदद से उन्होंने तीनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया**